RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 325
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फैजाबाद छावनी का नाम बदलकर हुआ अयोध्या छावनी

राष्ट्रीय-9

# बर्फीले तूफान से 10 पर्वतारोहियों की मौत

● उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित माउंट द्रौपदी का डांडा द्वितीय शिखर पर हुई दुर्घटना, फंसे हुए कई पर्वतारोही बचाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** उत्तरकाशी

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में माउंट द्रौपदी का डांडा-2 शिखर पर मंगलवार को नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) की 41 सदस्ईय टीम के हिमस्खलन की चपेट में आने के बाद वहां दस शव देखे गए हैं। यह बात नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्राचार्य ने कही। हालांकि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चार व्यक्तियों की मौत होने की पुष्टि की है।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के पांच कर्मियों और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के तीन प्रशिक्षकों की एक टीम को खोज और बचाव अभियान संचालित करने के लिए संस्थान के डोकरानी बमक ग्लेशियर आधार शिविर में उतारा गया। उत्तर प्रदेश के सरसावा स्थित भारतीय वायुसेना के आधार शिविर के दो हेलीकॉप्टरों ने भी हिमस्खलन स्थल का निरीक्षण किया और उसके बाद हर्षिल हेलीपैड पर लौट गए। संस्थान के प्राचार्य कर्नल अमित बिष्ट ने कहा कि हिमस्खलन सुबह करीब पौने नौ बजे लगभग 17,000 फुट पर हुआ, जब उत्तरकाशी स्थित निम के 34 प्रशिक्षु (शेष पेज 8)



बर्फीले तूफान में फंसे पर्वतारोहियों को निकालने के लिए रवाना होते राज्य आपदा मोचन बल के कर्मचारी

## गुजरात में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत, सात घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** वडोदरा

**गुजरात** के वडोदरा शहर में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कंटेनर ट्रक ने एक तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में तिपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते इसमें फंसे शवों को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रनी थाने के निरीक्षक एस.आर. वेकारिया ने कहा, दोपहर के समय कंटेनर ट्रक एक कार से टकराने के बाद संतुलन खो बैठा और डिवाइडर तोड़कर सड़क के दूसरी तरफ चला गया और एक चक्र (तिपहिया वाहन) से जा टकराया। हादसे में दो बच्चों और दो महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई। सात अन्य घायलों का अस्पताल में (शेष पेज 8)

## पौड़ी में बस खाई में गिरी, भारी जनहानि होने की आशंका

**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के बीरोंखाल इलाके में मंगलवार शाम 45-50 लोगों को लेकर जा रही एक बस के खाई में गिरने से भारी जनहानि की आशंका जताई जा रही है। आपदा नियंत्रण कक्ष ने यह जानकारी दी। वाहन लालढांग से बीरोंखाल के एक गांव की ओर जा रहा था, तभी शादी समारोह के मेहमानों से भरी हुई बस सिमरी मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, दुर्घटना शाम को करीब साढ़े सात बजे हुई थी। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है, लेकिन अंधेरे के कारण बचावकर्मियों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है और गांव के निवासी अपने मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट की मदद से बस में फंसे लोगों को बचाने में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि हादसे में हताहतों की संख्या अधिक हो सकती है। हालांकि, आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आगे की जानकारी की इंतजार किया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर में गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण

● जम्मू-कश्मीर के राजौरी की विशाल रैली में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने किया वादा

● इन समुदायों को नौकरी में आरक्षण मिला तो देश में भाषायी आधार पर यह पहला मामला होगा

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों के बीच बढ़ते तनाव को शांत करते हुए सभी को नौकरी में आरक्षण का वादा किया। अगर भाषाई समूह के इस आरक्षण को लागू किया जाता है तो भारत का यह पहला मामला होगा।

केंद्र सरकार को इसके लिए संसद में आरक्षण कानून में बदलाव करना होगा। सीमांत जिले राजौरी में विशाल रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि केंद्र जीडी शर्मा कमेटी की सिफारिशों पर गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदाय को आरक्षण का लाभ देगी। शाह ने अपने भावनात्मक संबोधन में कहा कि अगर पहाड़ी समुदाय को आरक्षण मिलता है तो इससे अनुसूचित जनजाति के गुज्जर और बकरवाल के हित प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदाय को आरक्षण के लिए गठित जीडी शर्मा आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा।


शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में संविधान की धारा-370 को समाप्त किए जाने से जम्मू कश्मीर में समाज के वंचित तबकों को आरक्षण का लाभ मुहैया कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अब अल्पसंख्यक, दलित, जनजाति, पहाड़ी समुदायों को उनका हक मिलेगा। शाह ने कहा कि न्यायमूर्ति शर्मा आयोग ने सिफारिश की है और इसमें एसटी आरक्षण के लाभ के लिए पहाड़ी, बकरवाल और गुज्जर को शामिल किया है। ये सिफारिशें कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने पहाड़ी लोगों को एसटी का दर्जा दिए जाने के नाम पर गुज्जरों और बकरवालों को उकसाने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने उनके इरादों को नाकाम कर दिया।

गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले सिर्फ तीन राजनीतिक परिवार तत्कालीन राज्य पर शासन करते थे, लेकिन अब सत्ता उन 30,000 लोगों के पास है जो निष्पक्ष चुनाव के जरिए पंचायतों और जिला परिषदों के लिए चुने गए हैं। शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की (शेष पेज 8)



राजौरी में एक जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## अवकाश सूचना



**विजयादशमी के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 5 अक्टूबर 2022 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 7 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,065 | ↑ 1276 |
| निफ्टी | 17,274 | ↑ 386 |
| सोना | 51,718 | ↑ 980 /10g |
| चांदी | 61,997 | ↑ 3790 /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रदूषण प्रमाणपत्र न होने पर निलंबित हो सकती है आरसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी मे वाहनों के लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) नहीं होने पर वाहन मालिकों को वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) के निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली परिवहन विभाग उन वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर रहा है, जिनके पास वैध पीयूसीसी नही है। उनको नोटिस मे चेतावनी दी गई है कि अगर वे एक सप्ताह के भीतर पीयूसीसी प्राप्त नही करते हैं तो उनके वाहन की आरसी निलंबित की जा सकती है। परिवहन विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ऐसे करीब 19 लाख वाहन है, जिनके पास वैध पीयूसीसी नही है, लेकिन, यह पता लगाने की कोई तकनीक नही है कि क्या ऐसे वाहन सड़कों पर चल रहे है अथवा नहीं।

### आरवीएनएल के पूर्व प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने लोकपाल के आदेश पर रेल विकास निगम लिमिटेड के पूर्व सीएमडी सतीश अग्निहोत्री के खिलाफ पद का दुरुपयोग कर एक निजी कंपनी को 1,100 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप मे मामला दर्ज किया है। अग्निहोत्री को आरवीएनएल से सेवानिवृत्ति के बाद पिछले साल राष्ट्रीय हाई स्पीड रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप मे नियुक्त किया गया था, जो सरकार की बुलेट ट्रेन परियोजना का काम संभाल रही है।

# जजों की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में उभरे मतभेद

● मुख्य न्यायाधीश के बैठक आयोजित करने के बजाय पत्र भेजकर सहमति मांगने पर दो सदस्यों ने जताई आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित द्वारा शीर्ष अदालत में चार न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम में मतभेद उभर आए हैं। इस नियुक्ति के लिए मुख्य न्यायाधीश द्वारा जारी किए गए सहमति मांगने वाले पत्र पर कॉलेजियम के दो न्यायाधीशों ने आपत्ति जताई है।

यह पता चला है कि कॉलेजियम में शामिल दो जजों को नियुक्त किए जाने वाले जजों पर कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि वे मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले चार वरिष्ठतम जजों के कॉलेजियम की बैठक के बजाय पत्र जारी कर सहमति मांगने के अभूतपूर्व तरीके से खफा हैं। अभी तक परंपरा यही रही है कि कॉलेजियम पदोन्नति के लिए नामों पर चर्चा करने के लिए बैठक बुलाता है, जिसमें पांच न्यायाधीशों की सहमति मांगी जाती है। चूंकि कॉलेजियम में शामिल न्यायाधीश दशहरा की छुट्टियों के कारण दिल्ली से बाहर थे, इसलिए मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने उन्हें पत्र के माध्यम से चार नए नामों का सुझाव दिया।

जिन नामों पर सुझाव मांगा गया, इनमें उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रविशंकर झा (पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट), संजय करोल (पटना हाईकोर्ट), पीवी संजय कुमार (मणिपुर हाईकोर्ट) और वरिष्ठ अधिवक्ता केवी विश्वनाथन के नाम शामिल हैं। कॉलेजियम की बैठकें शारीरिक रूप से होती हैं, लेकिन 30 सितंबर को तय बैठक आयोजित नहीं हो सकी, क्योंकि न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अदालत की कार्यवाही रात 9.30 (शेष पेज 8)

# एलजी ने दिए बिजली सब्सिडी योजना की जांच के आदेश

● सब्सिडी में अनियमितता के आरोप, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने गुजरात चुनाव से जोड़कर किया पटलवार

● सीएम ने कहा- भाजपा रोकना चाहती है मुफ्त बिजली योजना, ऐसा होने नहीं देंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच तकरार कम नहीं हो रही है। उपराज्यपाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस को आप सरकार द्वारा दी जाने वाली बिजली सब्सिडी में कथित अनियमितताओं की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कुमार से सात दिन में इस मामले की रिपोर्ट मांगी है।



इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा और उपराज्यपाल पलटवार कर कहा कि गुजरात को आम आदमी पार्टी की मुफ्त बिजली योजना खूब पसंद आ रही है। इसलिए भाजपा दिल्ली में फ्री बिजली रोकना चाहती है। उन्होंने दिल्ली वाले को भरोसा दिलाया कि वह उनकी मुफ्त बिजली किसी भी हालत में रुकने नहीं देंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से बिजली सब्सिडी के भुगतान का क्रियान्वयन कथित रूप से नहीं होने की जांच करने के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) ने 2018 में सब्सिडी उपभोक्ताओं के खाते में भेजने के आदेश दिए थे।

एलजी को वकीलों, न्यायविदों और कानून के विशेषज्ञों के एक समूह की ओर से बिजली सब्सिडी में कथित अनियमितताओं की शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं ने आप के प्रवक्ता और दिल्ली के डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह और आप के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता के बेटे नवीन गुप्ता के इन अनियमितताओं और विसंगतियों में लिप्त होने का आरोप लगाया है। आरोपों के मुताबिक, जैस्मीन शाह और नवीन गुप्ता द्वारा एक बड़ा (शेष पेज 8)

# जम्मू-कश्मीर डीजी (जेल) की हत्या आतंकी घटना नहीं: पुलिस

● 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी की सोमवार रात दोस्त के घर में कर दी गई थी हत्या, आरोपी घरेलू सहायक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के महानिदेशक (कारागार) हेमंत के. लोहिया की यहां कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में 23 वर्षीय घरेलू सहायक यासिर लोहार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच से इसके आतंकी घटना होने का कोई सबूत नहीं मिला है। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी सोमवार रात जम्मू के बाहरी इलाके में अपने दोस्त के घर पर मृत पाए गए थे। उनका गला रेता गया था और शरीर पर जलने के भी निशान थे।

केंद्र शासित प्रदेश की जेलों के प्रमुख बनकर लौटे लोहिया (57) की हत्या ऐसे समय की गई है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा रातभर चलाए गए बड़े तलाशी अभियान में कारागार महानिदेशक की हत्या के मामले में शामिल आरोपी को यहां कान्हाचक इलाके के एक खेत से पकड़ लिया गया। एडीजीपी ने कहा कि घटनास्थल से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अपराध करने के बाद भागते हुए दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लोहार करीब छह महीने से इस घर में काम कर रहा था और अवसादग्रस्त था। अपराध में प्रयुक्त हथियार जब्त कर लिया गया है।

हालांकि, आतंकवादी समूह पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने लोहिया की हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस पर, अपराध स्थल का दौरा करने वाले पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने संवाददाताओं से (शेष पेज 8)

## चुनावी घोषणाओं पर निर्वाचन आयोग ने संहिता में संशोधन का किया प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुफ्त** चुनावी सौगातों को लेकर देश में जारी बहस के बीच निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के समक्ष आदर्श चुनाव संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव रखा है। आयोग ने इसके तहत चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में मतदाताओं को प्रामाणिक जानकारी देने को लेकर राजनीतिक दलों की राय मांगी है। सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों को लिखे गए एक पत्र में आयोग ने उनसे 19 अक्टूबर तक उनके विचार साझा करने को कहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह चुनावी वादों पर अपर्याप्त सूचना और वित्तीय स्थिति पर अवांछित प्रभाव की अनदेखी नहीं कर सकता है, क्योंकि खोखले चुनावी वादों के दूरगामी प्रभाव होंगे।पत्र के अनुसार आयोग ने कहा, चुनावी घोषणा पत्रों में स्पष्ट रूप से यह (शेष पेज 8)

# मोदी ने जेलेंस्की से बात की


● कहा: यूक्रेन संकट का सैन्य समाधान नहीं हो सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की और इस बात पर बल दिया कि यूक्रेन संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने यह रेखांकित भी किया कि परमाणु प्रतिष्ठानों को खतरे में डालने के दूरगामी और विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी और जेलेंस्की ने यूक्रेन में जारी युद्ध पर बातचीत की और इस दौरान एकबार फिर दोहराया कि वार्ता और कूटनीति के जरिए ही इसका समाधान निकल सकता है। मोदी ने जल्द से जल्द युद्ध की समाप्ति का भी आह्वान किया। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ विश्वास जताया कि यूक्रेन संकट का कोई सैन्य





समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने यह संदेश भी दिया कि भारत किसी भी शांति प्रयास में योगदान देने के लिए तैयार है। मोदी ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सभी देशों की क्षेत्रीय एकता व सार्वभौमिकता का सम्मान करने के महत्व को एक बार फिर दोहराया। बातचीत के दौरान मोदी ने यूक्रेन सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परमाणु प्रतिष्ठानों को खतरे में डालने के जन स्वास्थ्य, पर्यावरण पर दूरगामी और विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच पिछले साल नवंबर में ग्लासगो में द्विपक्षीय वार्ता हुई थी।

# रूसी हैकर ने जेईई में की 820 छात्रों की मदद

● सीबीआई ने अदालत में कहा- आरोपी के फोन, लैपटॉप, अतिरिक्त हार्ड डिस्क से खुलेंगे और कई राज

● अधिकारियों ने आरोपी पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया, अदालत ने दो दिन की रिमांड दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आईआईटी** जैसे भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में कथित रूप से हेरफेर करने के आरोपी रूसी नागरिक मिखाइल शार्गिन ने 820 छात्रों को धोखाधड़ी करने में मदद की थी। यह आरोप अदालत में सीबीआई ने लगाया है। दिल्ली की एक अदालत ने हैकर को दो दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



सीबीआई ने कहा कि शार्गिन जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि वह एक पेशेवर हैकर है और उसने परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की प्रणाली तक रिमोट एक्सेस हासिल करने के लिए इलियन सॉफ्टवेयर में सेंध लगाई थी। उधर, आरोपी शार्गिन ने मांग की है कि उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच उसकी उपस्थिति में होनी चाहिए। केंद्रीय एजेंसी ने मंगलवार को मिखाइल शार्गिन को अदालत में पेश किया था और साजिश से पर्दा उठाने के लिए उसकी हिरासत मांगी थी। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने आरोपी को छह अक्टूबर तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का विचार है कि मामले की जांच करने के लिए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है। अपने आवेदन में आरोपी की पांच दिन की हिरासत का आग्रह करते हुए सीबीआई ने अदालत से कहा था कि उससे फोन, लेपटॉप और अतिरिक्त हार्ड डिस्क में मौजूद डेटा के बारे में पूछताछ करनी है।

सीबीआई ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने इस जेईई (मुख्य) की प्रतिष्ठित परीक्षा में कथित छेड़छाड़ के लिए शार्गिन के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था जिस पर मुख्य हैकर होने का संदेह है। अधिकारियों ने बताया कि जब रूसी नागरिक शार्गिन कजाकिस्तान के अलमाती से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचा तो आव्रजन ब्यूरो ने सीबीआई को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने सोमवार को उसके यहां पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि जांच के दौरान सामने आया कि कुछ विदेशी नागरिक जेईई (मुख्य) समेत कई ऑनलाइन परीक्षाओं में धांधली में शामिल (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अक्टूबर, 2022



# विजयदशमी आज, जगह-जगह होगा रावण दहन

## केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह, सांसद और विधायक बनेंगे अतिथि, सभी पुतलों को ईको फ्रेंडली बनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर में इन दिनों रामलीला मंचन व मेले की खूब रौनक है। शाम होते ही मेले में दर्शकों की भीड़ पहुंचना शुरू हो जाती है, लेकिन अब इस मेले का अंत नजदीक आना शुरू हो गया है।

रावण दहन के बाद भरत मिलाप की लीला के बाद मंचन सम्पन्न हो जाएगा। बुधवार को शहर में जगह-जगह चल रही रामलीलाओं में रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। इसमें सबसे पहले कविनगर रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में रावण दहन किया जाएगा तो सबसे अंत में संजयनगर में रावण दहन होगा।

रावण दहन के दौरान केन्द्रीय मंत्री व सांसद वीके सिंह सहित, राज्यसभा सांसद व विधायक मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने बताया कि कविनगर मैदान में रावण दहन रात आठ बजे किया जाएगा। यहां करीब 70 फुट ऊंचा रावण का पुतला लगाया गया है और 65 फुट कुंभकरण व 60 फुट का मेघनाथ का पुतला यहां दहन किया जाएगा। शुभ मुहूर्त में रावण दहन होगा। रावण दहन प्रतीकात्मक रूप से मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर डीएम आरके सिंह व एसएसपी मुनिराज भी अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। शहर की सबसे पुरानी सुल्लामल रामलीला समिति में रात साढ़े नौ बजे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। राम.रावण महायुद्ध की लीला का मंचन शाम से शुरू कर दिया जाएगा।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह, विशिष्ट अतिथि शहर विधायक अतुल गर्ग द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। घंटाघर रामलीला में रावण के पुतले की ऊंचाई 75 फुट रखी गई है तो वहीं कुंभकरण की 70 और मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई 65 फुट रखी गई है। श्रीराम द्वारा रावण का वध किए जाने के उपरांत अतिथियों द्वारा रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। श्री रामलीला समिति राजनगर द्वारा राजनगर रामलीला मैदान में रात साढ़े दस बजे रावण दहन किया जाएगा।

यहां मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल व मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी रावण दहन के दौरान मौजूद रहेंगे।

राजनगर रामलीला मैदान में भी पुतले की ऊंचाई करीब 60 फुट रखी गई है, तो वहीं कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों की ऊंचाई 55 से 50 फुट रखी गई है।

श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी सेक्टर-23 संजयनगर में सबसे अंत में रात 12 बजे रावण दहन किया जाएगा। हर वर्ष संजयनगर रामलीला में देर रात रावण दहन किया जाता है। यहां रावण दहन के समय मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। यहां भी पुतलों की ऊंचाई 60 फुट के करीब रखी गई है। सभी पुतलों को ईको फ्रेंडली बनाए जाने पर जोर दिया है।



# जीटी रोड पर भी रहेगा डायवर्जन पुलिस ने जारी किया परामर्श



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दशहरा पर्व पर बुधवार को घंटाघर रामलीला मैदान के आसपास कोई भी वाहन नहीं जा पाएगा। मूर्ति विसर्जन को लेकर मेरठ रोड पर भारी वाहन प्रतिबंध करने के बाद ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक बुधवार को जीटी रोड पर चौधरी मोड़ से मेरठ तिराहा के बीच भारी वाहन और हापुड़ तिराहा से घंटाघर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

दशहरा पर सबसे बड़ा आयोजन हर बार की तरह घंटाघर रामलीला मैदान में होगा, जहां लाखों की संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है।

एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया इसी कारण जीटी रोड के लिए डायवर्जन प्लान तैयार किया है, जो बुधवार पांच अक्टूबर को दोपहर बाद दो बजे से रात में कार्यक्रम समापन तक लागू रहेगा। जरूरत पड़ने पर चौधरी मोड़ से घंटाघर की ओर भी वाहनों की आवाजाही रोकी जा सकती है। इसीलिए किसी भी तरह की असुविधा व जाम से बचने के लिए, लोग वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

जाम में फंसने पर ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9643322904 और इस क्षेत्र के ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष सिंह से इस नंबर 7007847097 पर काल कर सहायता पा सकते हैं। लालकुआं से वाहन घंटाघर की ओर नहीं आएंगे। इन्हें

### ● घंटाघर रामलीला मैदान में जुटेगी भीड़

साजन मोड़ से लोहा मंडी, विवेकानंद नगर आरओबी से हापुड़ चुंगी के रास्ते भेजा जाएगा। मेरठ तिराहा से भी वाहन हापुड़ तिराहा व घंटाघर की ओर वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी वाहन मेरठ तिराहा से घूकना मोड़ व पुराना बस अड्डा व हापुड़ चुंगी या एएलटी चौराहा से हापुड़ चुंगी होकर भेजे जाएंगे। हापुड़ चुंगी से पुराना बस अड्डा की ओर भी वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। सभी वाहन उपरोक्त रूट से अपने.अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

गोशाला फाटक से हापुड़ तिराहा की ओर भी वाहन नहीं जा पाएंगे। पुराना बस अड्डा से भी हापुड़ तिराहा की ओर आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगी। यहां से कारें भी नहीं जाएंगी। पटेलनगर औद्योगिक क्षेत्र से ठाकुरद्वारा पुल पर भारी व व्यावसायिक वाहनों के साथ कारों को भी नहीं चढ़ने दिया जाएगा। सभी वाहन हापुड़ तिराहा से पुराना बस अड्डा व अंबेडकर रोड होकर भेजे जाएंगे। यहां से बाइक व स्कूटी भी नहीं जाएंगी। बाइक समेत कोई भी वाहन हापुड़ तिराहा से घंटाघर की ओर नहीं जाएगा। भीड़ बढ़ी तो चौधरी मोड़ से भी घंटाघर की ओर पहले कार और फिर बाइक व स्कूटी की आवाजाही रोकी जा सकती है।

# मोरना डिपो से दिवाली स्पेशल बसें 20 से चलेंगी

### ● त्योहार के दौरान डिपो से 24 घंटे बस की मिलेगी सुविधा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मोरना स्थित नोएडा डिपो से 20 अक्टूबर से दीपावली स्पेशल बसें चलेंगी। त्योहार के दौरान डिपो से 24 घंटे बस की सुविधा मिलेगी। ग्रेटर नोएडा और दिल्ली रूट से हटाकर बस भीड़ वाले रूट पर चलाई जाएंगी। बस के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि दीपावली गोवर्धन और भैय्या दूज पर बड़ी संख्या में लोग अपने गृह जनपद जाते हैं। उन्होंने कहा कि 20 अक्टूबर से दस दिन तक यात्रियों को स्पेशल बस और अतिरिक्त फेरे की सुविधा मिलेगी। इसमें एटा, कासगंज, मेरठ, हापुड़, आगरा समेत अन्य शहरों के लिए बस के अतिरिक्त फेरे की सुविधा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शासन से चालकए परिचालक और डिपो के कर्मचारियों के लिए दस दिन लगातार काम करने पर प्रोत्साहन राशि योजना भी लागू होगी। इसके लिए शासन से आदेश का इंतजार है।

# अवैध पटाखे ले जा रहा मिनी ट्रक पकड़ा

**नोएडा।** कस्बे के तिराहे पर मंगलवार को अवैध पटाखों से भरे मिनी ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया। ये पटाखे दीपावली पर बेचने के लिए मंगाए गए थे। बरामद पटाखों की कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पटाखा व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

दादरी पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे रोड की तरफ से एक पटाखे से भरा मिनी ट्रक कोतवाली के तिराहे की तरफ आ रहा है। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने एक मिनी ट्रक को रोककर जांच की तो उसमें करीब 10 कार्टून में पांच लाख रुपये के अवैध पटाखे रखे। पटाखे को व्यापारी विशाल गुप्ता कस्बे में बेचने के लिए लेकर आया था। पुलिस इस बात की पूछताछ कर रही है कि पटाखे कहां से मंगाए गए थे। पुलिस ने आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## गौतमबुद्ध नगर में डांडिया उत्सव में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

गौतमबुद्ध नगर में नवरात्र के पर्व पर जगह-जगह डांडिया उत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं और लड़कियां हिस्सा ले रही है। इस मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने वाली कविता त्यागी ने बताया कि महिलाओं के लिए हम अक्सर इस तरीके का कार्यक्रम करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस की गोली से घायल इनामी बदमाश।

### 25 हजार का इनामी बदमाश चीता गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में नौ मई महागुन मजारिया सोसायटी के पास कलेक्शन एजेंट से लूटपाट करने वाले गिरोह का मास्टर मा इंड को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान जतिन उर्फ चीता निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई है। मुठभेड़ थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 117 जंगल में हुई। बदमाश को जिला अस्पताल भेजा गया है। 27 मई को पुलिस उपायुक्त ने जतिन पर 25 हजार रुपये का इनामी घोषित किया था। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि इसके गिरोह ने 09 मई 2022 को नोएडा के कलेक्शन एजेन्ट से 06 लाख 88 हजार रुपये की लूट की थी। जिसमें इसके 05 साथियों को 16 मई 2022 को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इसमें दो साथियों मेहरुद्दीन और मुकुल शर्मा को गोली लगी थी। इन दोनों ने घटना का मास्टर मा इंड चीता को बताया था। तभी से पुलिस जतिन उर्फ चीता को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही थी।

### खुद को बैंक कर्मचारी बताकर युवती से जालसाजी

नोएडा। साइबर अपराधी ने युवती के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली। आरोपी ने बैंककर्मी बनकर जालसाजी को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर.39 थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी शिकायत में नेहा शुक्ला ने बताया कि वह सेक्टर.40 के ए ब्लॉक में रहती है। उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल की थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर रिवॉर्ड प्वाइंट आए हैं। उसने इन प्वाइंट को रिडीम करने का झांसा देकर नेहा से उनके क्रेडिट कार्ड का ओटीपी नंबर हासिल कर लिया। इसी बीच आरोपी ने कार्ड से 10 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली। जब पीड़िता के मोबाइल पर मैसेज आया तो ठगी का पता चला। पुलिस को मामले की शिकायत दी। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी से विवाद के बाद जान दी

**नोएडा।** युवक ने पत्नी से विवाद के बाद पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पहचान गेझा गांव में रहने वाले 36 वर्षीय अजय चौहान के रूप हुई है। बताया जा रहा है कि अजय का सोमवार रात को पत्नी के साथ विवाद हो गया था।

### मनोज धामा और रंजीता धामा रालोद में शामिल

**गाजियाबाद।** लोनी की चेयरमैन रंजीता धामा और पूर्व चेयरमैन एवं उनके पति मनोज धामा ने आज भाजपा को जोर का झटका दे दिया। धामा दंपत्ति ने आज भाजपा छोडकर रालोद का दामन थाम लिया। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी और डॉ यशवीर सिंह ने प्रेसवार्ता में दोनों के पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। भाजपा छोड़ते ही मनोज धामा ने भाजपा पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे जनसेवा के लिए रालोद में आए हैं जो भाजपा में रहकर संभव नहीं था। भाजपा छोड़कर वे खुद को बंधनमुक्त महसूस कर रहे हैं। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि लोनी चेयरमैन रंजीता धामा प्रतिभावान कर्मठ और जुझारू महिला हैं। उनके पार्टी में आने से रालोद लोनी ही नहीं आसपास के क्षेत्रों में भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में गांव, किसान, मजदूर, युवा सभी परेशान हैं।

# सील इमारत में निर्माण, मजदूर की गिरकर मौत

### ● नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल, भूलेख विभाग पर उठे सवाल



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के होशियारपुर में निर्माणधीन इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। चौंकाने वाली बात ये है कि इस इमारत को नोएडा प्राधिकरण ने दो सितंबर को सील किया था। इमारत का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था।

इस घटना ने नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल, भूलेख विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। इमारत का निर्माण खसरा नंबर-483,488, 489 पर अवैध रूप से कराया जा रहा था। सीलिंग टीम ने कार्रवाई के दौरान नोटिस चस्पा कर स्पष्ट किया था कि अवैध निर्माण करने लोगों को सात दिन समय दिया जाता है कि यदि अनधिकृत निर्माण को लेकर कोई उत्तर देना है तो उसे वर्क सर्किल-5 में दिया जाए।

सात दिन में यदि कोई जवाब नहीं दिया जाता तो मान लिया जाएगा कि आप इस संबंध में कुछ कहना नहीं चाहते। ऐसे में प्राधिकरण स्वयं इस स्ट्रक्चर को गिरायेगा। इस पर आने वाले खर्चे को वसूल करेगी। लेकिन इस सीलिंग के बाद अधिकारियों ने निर्माण कंपनी को खुली छूट दे दी। वह सील बिल्डिंग में गुपचुप तरीके से निर्माण करता रहा, जबकि इस मामले पर लगातार अधिकारियों के पास शिकायत जा रही थी, लेकिन निर्माण को नहीं रुकवाया गया।

# लम्पी वायरसः गोवंशों को लावारिस छोड़ा तो जुर्माने के साथ होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में लम्पी वायरस की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग सतर्क है। अब पालतू गोवंशों को लावारिस छोड़ने वालों के खिलाफ जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी कराएगा। जनपद में अब तक 71 गोवंशों में लम्पी वायरस के लक्षण पाए गए हैं। इसकी रोकथाम के लिए पशु विभाग अलग-अलग स्तर पर काम कर रहा है।

पशुपालक गोवंशों को सुबह-शाम चरने के लिए छोड़ देते हैं। अगर किसी गोवंशों में लम्पी वायरस के लक्षण हुए तो वह दूसरे अन्य पशुओं में फैल सकता है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ महेश ने संबंधित अधिकारियों को ग्राम स्तर पर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इसमें ग्राम प्रधानों की भी मदद ली जा रही है। अगर कोई भी पशुपालक लापरवाही कर गोवंश को खुला छोड़ता है तो उसकी शिकायत विभाग में देनी होगी, जिसके बाद विभाग पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि यह एक संक्रामक रोग है जो मक्खी और मच्छर के काटने से भी फैल सकता है। इसलिए बीमार पशु को अलग रखना होगा।

गत वर्ष गोवंशों को लावारिस छोड़ने पर 145 पर जुर्माना लगाया गया था। जिले में एक हजार से ज्यादा लावारिस पशु घूम रहे हैं, जिनके मालिक का कोई पता नहीं है। इन पशुओं को पकड़ने के लिए विभाग ने अभियान भी चलाया था। इसके बाद भी पशुओं की संख्या कम नहीं हो हुई।

# गाजियाबाद जंक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों की जांच के लिए टोकन सिस्टम

### ● अलग-अलग प्लेटफार्मों पर तैनात पुलिसकर्मियों को एक रजिस्टर दिया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आगामी त्योहारों को लेकर ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। इसके लिए जीआरपी ने सुरक्षा प्रबंध बढ़ाने के साथ चेकिंग की निगरानी के लिए टोकन प्रणाली लागू की है।

एसएचओ अनुज मलिक ने बताया कि हर ट्रेन के स्क्वायड और सभी स्टेशनों के अलग-अलग प्लेटफार्म पर तैनात पुलिसकर्मियों को एक रजिस्टर दिया है।

ट्रेन के पुलिसकर्मी हर प्लेटफार्म और प्लेटफार्म के पुलिसकर्मी यहां रुकने वाली हर ट्रेन के रजिस्टर में हस्ताक्षर करेंगे। अनुज मलिक ने बताया कि पुलिस के स्तर से चेकिंग व गस्त में लापरवाही न हो, इसके लिए कई स्तर पर निगरानी कर रहे हैं। ड्यूटी से बचकर फर्जी हस्ताक्षर करने को लेकर स्पष्ट चेतावनी दी गई है।

इसका सत्यापन करने के लिए रैंडम स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रहे हैं। कुछ पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के समय वीडियो काल भी की जा रही है। इसके अलावा फोन की लोकेशन से भी इसका सत्यापन किया जा रहा है। त्योहारों को लेकर जीआरपी ने छुट्टियां पर पहले से ही रोक है। साथ ही कार्यालयी कार्यों में लगे पुलिसकर्मियों से भी चेकिंग कराई जा रही है। हर प्लेटफार्म पर चार के बजाय 6.8 पुलिसकर्मी लगाए हैं।

शाम से आधी रात तक पांच सदस्यीय टीम सादे कपड़ों में यात्री बनकर निगरानी करती है और तड़के तीन बजे से पांच बजे के बीच तीन पुलिसकर्मी इसी तरह ट्रेनों में गश्त कर रहे हैं। स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी साथ में चेकिंग करती हैं।

# पर्यावरण मंजूरी का उल्लंघन कर अतिरिक्त मंजिलें बनाने वाले बिल्डर पर 15 करोड़ का हर्जाना

### ● एनजीटी ने दिया आदेश, 18 फ्लोर की जगह बनाई थी 19 मंजिले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण मंजूरी (ईसी) शर्त का उल्लंघन कर नोएडा में अतिरिक्त मंजिलें बनाने के लिए एक बिल्डर को 15 करोड़ रुपए का हर्जाना देने का निर्देश दिया है। अधिकरण ने कहा कि बिल्डर के इस कदम से पर्यावरण पर प्रदूषण का अतिरिक्त भार पड़ा है। अधिकरण एक्सप्रेस बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर 77 में एक्सप्रेस जेनिथ के निर्माण में ईसी शर्तों के उल्लंघन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह स्थापित किया गया है कि भूतल व 18 मंजिलों के लिए पर्यावरण मंजूरी दी गई थी, जबकि बिल्डर ने पांच टावरों में भूतल व 19 मंजिलों का निर्माण किया।

पीठ में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल और अफरोज अहमद भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मंजिलों के निर्माण ने पर्यावरण पर प्रदूषण का अतिरिक्त भार डाला।

## सरकारी जमीन माफिया के नाम करने वाला लेखपाल गिरफ्तार

**नोएडा।** चिटेहरा गांव में हुए अरबों रुपए के भूमि घोटाले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के आदेश पर गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एसआईटी ने मंगलवार को गांव के लेखपाल शीतला प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। शीतला प्रसाद ने ही गांव की सरकारी जमीन माफिया यशपाल तोमर और उसके गुर्गों के नाम दर्ज की थी। इस सिलसिले में यह पहली गिरफ्तारी हुई है।

चिटेहरा गांव में अरबों की सरकारी जमीन यशपाल तोमर और उसके गुर्गों ने हड़पी है, उस पूरी समयसीमा में गांव का लेखपाल शीतला प्रसाद था। शीतला प्रसाद ने भूमाफिया या के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की।

# एनसीआर के 87 गांवों की जमीनों पर निवेश क्षेत्र बसाने की तैयारी

### ● डीएनजीआईआर में लगेंगी 3 हजार इंडस्ट्री

### ● 3.7 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार, 6 लाख होगी शहर की आबादी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा, बुलंदशहर और दादरी के 87 गांवों की जमीन पर दिल्ली नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन बसाने की तैयारी है। यहां 3 हजार इंडस्ट्री लगेंगी। इससे करीब 3.7 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। ये शहर 6 लाख की आबादी के हिसाब से बसाया जाएगा।

इसमें 2.5 लाख की आबादी ऑर्गेनिक स्थायी है। करीब 3.5 लाख की आबादी माइग्रेट प्रवासी होगी। डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बसाया जा रहा है। इसके लिए मास्टर प्लान 2041 बनाया गया है। इसका 8811 हेक्टेयर एरिया औद्योगिक होगा। इसमें यूपीसीडा को 2 हजार 376 हेक्टेयर, इंडस्ट्रियल एरिया 6248 और मिक्स इंडस्ट्रियल एरिया 186 हेक्टेयर का होगा। पहले फेज में इन इंडस्ट्री से करीब 3.7 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। माना जा रहा है कि इस शहर की कुल आबादी छह लाख में माइग्रेंट यानी प्रावासी की संख्या 3.5 लाख की होगी। जिनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल रेजिडेंशियल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा।





सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि मास्टर प्लान में और क्या क्या होना चाहिए इसके लिए शहरवासियों से आपत्ति और सुझाव मांगे गए है।

जिनका निस्तारण करने के बाद इसे बोर्ड में रखा जाएगा। वहां से शासन को एप्रूवल के लिए भेजा जाएगा। डीएनजीआईआर का ये इनल ड्राफ्ट पूरा होते ही गौतमबुद्ध नगर व बुलंदशहर के 87 गांव की जमीन लैंडपूल की जाएगी। शासन की तरफसे 80 गांव के नोटिफिकेशन में 60 गांव बुलंदशहर व 20 गौतमबुद्ध नगर के शामिल थे।

एसपीएने जब मास्टर प्लान बनाने के लिए सर्वे शुरू किया तो पाया कि 5 गांव थोड़ा दूर पड़ रहे हैं और 12 गांव नजदीक हैं और शामिल भी किए जा सकते हैं। ऐसे में सात नए गांव और शामिल किए गए।

**41 प्रतिशत में औद्योगिक निवेश**

- 11.5 प्रतिशत आवासीय
- 17 प्रतिशत हरियाली
- 15.5 प्रतिशत में सड़क
- 9 प्रतिशत संस्थागत
- 4.5 प्रतिशत व्यवसायिक

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# रावण-कुंभकरण के पुतले जलेंगे तो फूटेंगे डिजिटल बम-पटाखे

## आवाज में नहीं होगा कोई भी अंतर, राजधानी-एनसीआर का पर्यावरण प्रदूषित होने से बचेगा

● वास्तविक पटाखों पर प्रतिबंध के कारण रामलीला कमेटियों ने अपनाया अनोखा तरीका

**संजय राय।** नई दिल्ली

इस वर्ष धूमधाम से पूरी भव्यता, आस्था व उत्साह के साथ दिल्लीभर में 600 से अधिक रामलीलाओं का मंचन हो रहा है, जिससे पूरा माहौल राममय है।

अहंकारी व अधर्मी रावण पर राम की विजय का पर्व विजया दशमी बुधवार यानी पांच अक्टूबर को मनाया जाएगी लेकिन प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने हर प्रकार के पटाखों पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके चलते इस बार रामलीलाओं में रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन बिना भव्य आतिशबाजी के होगा। इसे देखते हुए रामलीला समितियों ने रावण के पुतले से आवाज और तेज प्रकाश निकालने के वैकल्पिक इंतजाम किए हैं।

इस बार तीनों पुतले कंप्यूटर के माध्यम से लाइट और साउंड से धूम-धड़ाके करेंगे। इस बार दिल्ली में 70 से लेकर 100 फीट तक के रावण के पुतले तैयार किए गए हैं। लालकिले में लवकुश रामलीला में 100 फीट, नवश्री में 90 फीट व श्रीधार्मिक लीला कमेटी द्वारा 80 फीट का रावण तैयार कराया है। रामलीला मैदान में 90 फीट का रावण जलाया जाएगा। नवश्री में अलग से 20 फीट का कोरोना का पुतला भी तैयार कराया गया है। साउंड इफेक्ट और रोशनी से ऐसा लगेगा जैसे सही में पुतलों से पटाखे छूट रहे हैं। उधर आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में कुंभकरण- मेघनाथ व अहिरावण वध कि लीला का मंचन किया गया। स्पेशल इफेक्ट, एल ई डी, कंप्यूटरराइड यंत्र व लेजर लाइट के उपयोग से युद्ध कौशल आकर्षण का केंद्र बना।

काली माता कि मंच पर उपस्थिति देख दर्शक रोमांचित हो गए उन्होंने 10 फुट लंबा और 10 किलो वजन का मुकुट पहन रखा था। युद्ध के दौरान तलवार से तलवार और तीर से तीर टकराने पर चिंगारी निकलती हुई दिखाई दी।

वहीं कमेटी के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने जल संरक्षण व डेंगू रोकथाम के लिए दर्शकों को जागरूक किया।



लाल किला स्थित लव कुश रामलीला मैदान में जलने को तैयार बुराई के प्रतीक रावण। फोटो: रंजन डिमरी

### देशभक्ति व सामाजिक समरसता का संदेश देती रामलीला



एक रामलीला देशभक्ति व सामाजिक समरसता का भी संदेश दे रही हैं। रामलीला मैदान में चल रही रामलीला की शुरूआत राष्ट्रगान से तो समापन वाल्मीकि समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा प्रभु राम की आरती से होता है। रामलीला मैदान में गांधी जी का चरखा भी रखा गया था तथा एक व्यक्ति गांधी जी की वेशभूषा धारण कर रहते हैं, जो यहां आने वाले भक्तों को लुभाते हैं।

### क्रेन के माध्यम से संजीवनी बूटी लाए हनुमान

लाल किला मैदान में नवश्री धार्मिक धार्मिक लीला कमेटी में रावण द्वारा विभीषण का त्याग, रामेश्वरम की स्थापना, रावण अंगद संवाद लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध, हनुमान जी का संजीवनी लाना, मूर्छा भंग होने का अद्भुत दृश्य मंचित हुआ। विशेष बात कि प्रभु हनुमान क्रेन के माध्यम से आकाश मार्ग से संजीवनी बूटी लाएं, जिसे अचंभित होकर दर्शकों ने देखा और बजरंगबली के जयकारे लगाए। लालकिला के ही श्री धार्मिक लीला कमेटी में विभीषण द्वारा रावण को समझाने और जानकी को ससम्मान भगवान राम के पास पहुंचाने के साथ ही रावण के क्रोधित होकर विभीषण को लंका से निकालने का मंचन हुआ।

## यमुना नदी में नहीं, तालाबों में विजर्सित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं


ग्रेटर कैलाश में बना कृत्रिम तालाब

● सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त विसर्जन सुनिश्चित करने के लिए जगह-जगह बनाए गए तालाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना नदी को वर्ष 2025 तक साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए अलग-अलग इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं।

इसके मद्देनजर आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश में बनाए गए कृत्रिम घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्गा की प्रतिमा का कृत्रिम तालाबों में ही विसर्जन सुनिश्चित करने के प्रशासन को निर्देश दिए हैं। यमुना नदी की सफाई और मां दुर्गा के भक्तों को उनके धार्मिक दायित्वों को पूरा करने में ये मदद करेंगे।

यमुना नदी में प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष के निर्देशन में ये कृत्रिम घाट बनाए गए हैं। अस्थाई घाट स्थिरता के सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे यमुना तक पहुंचने और नदी की प्राकृतिक पारिस्थितिकी में बाधा डालने वाले मां दुर्गा की मूर्तियों के निर्माण में प्रयुक्त रसायनों और अन्य सामग्रियों को रोक लेंगे। दिल्ली जल बोर्ड दुर्गा पूजा समारोह के दौरान यमुना को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए काम कर रहा है। सीआर पार्क को शहर में दुर्गा पूजा समारोहों का केंद्र माना जाता है। भारद्वाज ने इस बार सुनिश्चित किया है कि मूर्ति का विसर्जन यमुना में नहीं हो और अधिकारियों ने इसके लिए दुर्गा पूजा पंडालों के पास कृत्रिम घाट बनाए हैं। भारद्वाज ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को मूर्तियों के विसर्जन के लिए नेहरू प्लेस के पास आस्था कुंज में विसर्जन घाटों की खुदाई की अनुमति देने के लिए कहा, जिस पर डीडीए ने सहमति दी।

पिछले साल मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम घाटों की खुदाई के वास्ते डीडीए की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला था। दक्षिण दिल्ली के अन्य दुर्गा पूजा पंडालों से मूर्ति विसर्जन के लिए आस्था कुंज में एक बड़े आकार का घाट बनाया गया है। यहां कृत्रिम घाट और बनाना संभव नहीं था। आस्था कुंज इन सभी कृत्रिम तालाबों में सबसे बड़ा तालाब है, जोकि लगभग 15-20 पानी के टैंकरों की क्षमता रखता है। जिसमें बड़ी मूर्तियां भी आसानी से विसर्जित की जा सकेंगी।

भारद्वाज ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि सभी तालाबों में उचित मात्रा में पानी, घाटों पर उचित रोशनी व्यवस्था स्थापित करने का भी निर्देश दिया है, ताकि श्रद्धालु देर शाम और रात में भी मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन आसानी से कर सकें।

### फोटोग्राफी के साथ दुर्गापूजा भी


फोटो: रंजन डिमरी

## दीपावली और ईद मिलाद-उन-नबी समेत 21 दिन नहीं खुलेंगी शराब की दुकानें

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आगामी दशहरा, दीपावली, ईद मिलाद-उन-नबी और वाल्मीकि जयंती जैसे त्योहारों पर शराब की दुकानों को बंद करने के साथ शुष्क दिवस की संख्या बढ़ाकर दोबारा 21 करने का फैसला लिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दरअसल, पिछली आबकारी नीति (2021-22) के तहत, शुष्क दिनों की संख्या को घटाकर केवल तीन कर दिया गया था। इनमें 26 जनवरी, 25 अगस्त और दो अक्टूबर शामिल थे।

आबकारी विभाग ने सोमवार को जारी एक आदेश में कहा, पांच अक्टूबर को दशहरा, नौ अक्टूबर को ईद-मिलाद-उन-नबी और महर्षि वाल्मीकि जयंती, 24 अक्टूबर को दीवाली, आठ नवंबर को गुरु नानक जयंती, 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर का शहादत दिवस पर सभी शराब ठेके बंद रहेंगे।

आदेश में कहा गया है, लाइसेंसधारकों को शुष्क दिनों के लिए किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। वे अपने व्यावसायिक परिसर में कुछ विशिष्ट स्थानों पर शुष्क दिवस के आदेश की प्रति प्रदर्शित करेंगे।

## पीएफआई के 4 सदस्य गिरफ्तार, 3 दिन की पुलिस रिमांड

● यूएपीए के तहत शाहीन बाग थाने में दर्ज केस में कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कथित तौर पर जुड़े चार लोगों को कठोर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं पटियाला हाउस कोर्ट ने इन चारो आरोपियों से पूछताछ के लिए तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। केंद्र सरकार ने 28 सितंबर को पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में पीएफआई के सदस्यों की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने शहर के छह जिलों में फैली पीएफआई की इकाइयों पर छापेमारी कर समूह से कथित रूप से जुड़े 33 लोगों को हिरासत में लिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि दक्षिण-पूर्व जिले के शाहीन बाग थाने में यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में इस गैरकानूनी संगठन के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (पीआरओ) सुमन नलवा ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीएफआई तथा उससे जुड़े अन्य संगठनों के खिलाफ कुछ सूचनाएं मिलने के बाद शाहीन बाग पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120 बी, 153 ए और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान चार आरोपियों मोहम्मद शोएब, हबीब असगर जमाली, अब्दुल राब और वारिश को गिरफ्तार किया गया है।

केंद्र सरकार ने कथित आतंकवादी गतिविधियों का हवाला देते हुए 28 सितंबर को पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों - रिहैब इंडिया फाउंडेशन, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन और अन्य पर प्रतिबंध लगा दिया था। दिल्ली पुलिस ने 29 सितंबर को शाहीन बाग, अब्दुल फजल एन्क्लेव और जामिया नगर में कुछ घर के पतों को पीएफआई तथा उसके साथियों की गैरकानूनी गतिविधियों के उद्देश्यों से इस्तेमाल किया गया।

## पुरानी दिल्ली को मिलेगी जाम से निजात

● विशेष अधिकारी और आयुक्त ने किशनगंज आरयूबी के तीसरे लेन का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम ने किशनगंज रेल अंडरब्रिज (आरयूबी) का तीसरा लेन यातायात के लिए खोल दिया गया है।

इससे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लेकर इंद्रलोक व गुलाबी बाग, सदर बाजार, ओल्ड रोहतक रोड इत्यादि इलाकों का यातायात काफी सुगम हो गया है। साथ ही लोगों को जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार और आयुक्त ज्ञानेश भारती ने मंगलवार को किशनगंज आरयूबी के तीसरे लेन का उद्घाटन किया। हालांकि जब तक आरयूबी की सभी लेन पूरे नहीं हो जाते हैं तब तक लोगों को इसका पूरा फायदा मिलना नामुमकिन है।

इस मौके पर अश्वनी कुमार ने बताया कि किशनगंज आरयूबी पर रेलवे द्वारा चार बॉक्स का निर्माण किया गया है। निगम द्वारा दो बॉक्स पर आरसीसी रोड का निर्माण कर पहले ही यातायात के लिए खोल दिया था और आज तीसरे बॉक्स पर आरसीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा होने पर इसे नागरिकों को समर्पित कर दिया गया है। किशनगंज आरयूबी के निर्माण में अभी तक 74 करोड़ रूपए की लागत आई है जिसमें से रेलवे को चार बक्सों के निर्माण के लिए लगभग 57 करोड़ की राशि जारी की गई है।

इसके साथ ही अंडरब्रिज के निर्माण के लिए रेलवे एवं दिल्ली नगर निगम के मध्य संपत्तियों का हस्तांतरण भी किया गया है जिससे आरयूबी का निर्माण कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। आरयूबी का तीसरा बॉक्स यातायात की आवाजाही को आसान बनाने में मदद करेगा।

ज्ञानेश भारती ने बताया कि किशनगंज आरयूबी के तीसरे बॉक्स के यातायात के लिए खुलने से लोग काफी खुश हैं। शेष बॉक्स पर भी आरसीसी रोड का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे भी जल्द नागरिकों को समर्पित कर दिया जाएगा।

## आरोपी को बचाव का अवसर मिले: कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि निष्पक्ष सुनवाई संवैधानिक लक्ष्य और प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है, जिससे आरोपी को अपना बचाव करने का अवसर मिलता है।

उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि सच्चाई का पता लगाना और किसी सही व न्यायसंगत निर्णय पर पहुंचना प्रत्येक कोर्ट का संवैधानिक कर्तव्य है । अदालत ने यौन अपराध के मामले में एक आरोपी की याचिका पर ये टिप्पणियां कीं। याचिका में निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें पीड़िता समेत दो गवाहों से दोबारा पूछताछ करने की आरोपी की याचिका खारिज कर दी गई थी।

## अभी चार साल और सताएगा दिल्ली को पराली का धुआं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फसल विविधीकरण पराली जलाने की समस्या का दीर्घकालिक समाधान नहीं है और इस समस्या से पूरी तरह छुटकारा पाने में अभी चार से पांच साल का समय लगेगा।

पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तावित कई पहलों में फसल विविधीकरण भी शामिल है। फसल विविधीकरण से तात्पर्य नई फसलों या फसल प्रणालियों से कृषि उपज को जोड़ने से है। इससे कार्बन का संचय एवं मृदा की उर्वराशक्ति बनी रहती है।

दिल्ली स्थित क्लाइमेट ट्रेंड्स संस्था द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यशाला में पीपीसीबी के सदस्य सचिव करुणेश गर्ग ने कहा कि पराली जलाने के मामलों की संख्या से उसके प्रभाव का आकलन करना सही तरीका नहीं है।

गर्ग ने कहा कि ऐसा नहीं है कि समस्या से निपटा नहीं जा रहा, हम इसके लिए ब्लॉक व गांव स्तर पर काम कर रहे हैं लेकिन इससे पूरी तरह छुटकारा पाने में अभी चार से पांच साल का समय लग जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कूड़े का रावण जलाकर एमसीडी के खिलाफ प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दशहरा से एक दिन पहले दिल्ली भर कूड़े के रावण जलाकर भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने कहा कि पिछले 15 सालों में भाजपा का एमसीडी पर कब्जा है। इसके बावजूद दिल्ली को कूड़े का शहर बनाकर रख दिया है। हाल ही में देशभर के 45 शहरों के स्वच्छता सर्वेक्षण में दिल्ली को 37वां स्थान मिला। हैरानी की बात है दिल्ली देश की राजधानी है और विपक्षी पार्टी ने उसको गंदगी का घर बनाकर रख दिया है।

### जेएनयू में छात्रावास की छत का प्लास्टर गिरा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एक छात्रावास के कमरे की छत आंशिक रूप से ढह गई जिससे इस बुनियादी ढांचे की जर्जर अवस्था सामने आ गई है। पहले भी ऐसी घटना हो चुकी है। गोदावरी छात्रावास में छत का मलबा स्टडी टेबल पर गिरा। उसी छात्रावास में रह रही और डेमोक्रेटिक स्टूडेंट फेडरेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने कहा, जेएनयू में गोदावरी छात्रावास में एक कमरे की छत का एक हिस्सा गिर गया। किसी भी छात्र को कोई चोट नहीं आई क्योंकि उस कमरे के विद्यार्थी कहीं पास में सो रहे थे, वहां नहीं थे। छत का हिस्सा उनके स्टडी टेबल पर गिरा और लैपटॉप क्षतिग्रस्त हो गया। छात्र संगठनों ने इस मुद्दे पर पिछले कुछ महीनों में कई बार प्रदर्शन किया है।

### कोर्ट ने पीछा करने का मामला रद्द कर, लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय एक व्यक्ति के खिलाफ पीछा करने के मामले को रद्द करने पर सहमत हो गया और उस पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। शिकायतकर्ता महिला ने कहा था कि वह इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। अदालत ने कहा कि चूंकि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है और अब कोई विवाद लंबित नहीं है, इसलिए वह आश्वस्त है कि समझौते की वजह से इस कार्यवाही को रद्द करने से शांति आएगी।

### दशहरा पर हरित पटाखों से प्रतिबंध हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद की दिल्ली इकाई ने मंगलवार को दिल्ली सरकार से दशहरा त्योहार के लिए हरित पटाखों से प्रतिबंध हटाने की मांग की। संगठन ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध के कारण रावण का पुतला जलाने में कठिनाई आ रही है। विहिप की दिल्ली इकाई ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में हरित पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि हरित पटाखे प्रदूषण पैदा नहीं करते हैं और केवल आवाज करते हैं। हरित पटाखों पर प्रतिबंध के कारण कम से कम पांच कार्यक्रमों में रावण का पुतला जलाने में कठिनाई आ रही है। इसने कहा कि हरित पटाखों पर प्रतिबंध से धार्मिक आस्थाएं भी आहत हो रही हैं।

## गुरुद्वारा बंगला साहिब में होगा हृदय रोग पीड़ितों का इलाज

### गरीब मरीजों के लिए पहल: गुरु हरिकृष्ण उपचार केंद्र में नवंबर से संचालित होगी कार्डियो यूनिट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने हृदय रोग से पीड़ित गरीब मरीजों के लिए आगामी नवम्बर माह से गुरूद्वारा बंगला साहिब में स्थित गुरु हरिकृष्ण उपचार केंद्र में कार्डियो यूनिट (हृदय रोग इकाई) संचालित करने का फैसला किया है।

डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने एक बयान में बताया कि इस कार्डियो यूनिट के संचालन के लिए आवश्यक उपकरणों को स्थापित किए जाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस कार्डियो यूनिट में दिल्ली के प्रतिष्ठित निजी और सरकारी अस्पतालों के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं मुफ्त प्रदान करेंगे तथा इस उपचार केंद्र में मरीजों से कोई भी कंसल्टेशन फीस नहीं ली जाएगी जबकि सभी डायग्नोस्टिक टेस्ट देश भर की तुलना में सर्वाधिक सस्ती दरों पर किए जाएंगे। कालका ने बताया कि डीएसजीएमसी द्वारा पिछले दो वर्षों से इस उपचार केंद्र में पूरे देश में सबसे सस्ती दरों पर विभिन्न जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसमें कुल आठ करोड़ रुपये की लागत से डायलिसिस, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे तथा एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें स्थापित की गई हैं। जो पिछले दो वर्षों में 25,000 मरीजों को इसका लाभ मिला है।

डीएसजीएमसी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि इस उपचार केंद्र में मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मरीज आते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस उपचार केंद्र में प्रतिदिन लगभग 400 मरीज़ों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस उपचार केंद्र में महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच के लिए दो माह पहले ही 45 लाख रुपये की लागत वाली एक अत्याधुनिक मशीन स्थापित की गई है तथा महज 800 रुपये में जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## एम्स में ओपीडी पंजीकरण के दौरान मोबाइल इस्तेमाल नहीं करेंगे कर्मी

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) के पंजीकरण काउंटर पर 16 अक्टूबर से ड्यूटी के दौरान अनुबंध पर रखे गए कर्मियों कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया कि कर्मचारियों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल से सेवाओं में विलंब होता है और मरीजों को परेशानी होती है। एम्स के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास की ओर से जारी किए गए कई आदेशों के अनुसार, प्रशासन ने संस्थान के भीतर मरीजों और अन्य सहायक कर्मचारियों के लिए सीएसआर की मदद के जरिए 50 और बैटरी से चलने वाली बसें तैनात करने का फैसला भी किया है।

# 27 राज्यों के 250 से अधिक स्टॉल बनेंगे सरस मेले का हिस्सा

### गुरुग्राम में पहली बार लगने जा रहा है राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला

### लेजरवैली मैदान में 7 से 23 अक्टूबर तक किया जाएगा मेले का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 7 से 23 अक्टूबर तक सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगाया जाएगा, जहां पर देश के 27 राज्यों की कला व संस्कृति के उत्पादों की 250 से अधिक स्टॉल लगाई जाएंगी। सरस आजीविका मेले को लेकर मंगलवार को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह ने यहां पत्रकार वार्ता में मेले को लेकर जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में 3 महिला उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानियां भी सांझा की।

चरणजीत सिंह ने कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती



सरस मेले को लेकर पत्रकारों से बात करते केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह।

राज संस्थान द्वारा इस पहल की वर्ष 1999 से शुरूआत की गई थी। राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन अब तक फरीदाबाद, नोएडा व दिल्ली आदि में किया जाता रहा है। श्री सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बेहतर व प्रभावी मार्केटिंग के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय अपना ई-कॉमर्स प्लेटफार्म जल्द ही शुरू करने जा रहा है। अभी तक ये उत्पाद ई-कॉमर्स कंपनियों जैसे एमाजोन, फ्लिपकार्ट तथा अन्य ऑनलाइन साइटों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाए जा रहे थे।

#### अलग-2 राज्यों के 30 लाइव फूड स्टॉल

**खाने** पीने के शौकीन लोगों के लिए अलग-2 राज्यों के 30 लाइव फूड स्टॉल अलग से लगाएं जाएंगे। एक प्रकार से इस मेले में आने वाले लोगों को मिनी भारत के दर्शन होंगे, जहां पर अलग-2 राज्यों के लोकप्रिय उत्पादों के अलावा स्वादिष्ट व्यंजन मिलेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वहां की संस्कृति को जानने व समझने का पूरा अवसर मिलेगा। इसके अलावा यहां स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रोजाना अलग-2 विषयों पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएंगी, ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री करने व मार्केटिंग आदि के स्किल विकसित करके ज्यादा मुनाफा कमा सकें।

मेले में आमजन के लिए प्रवेश बिल्कुल नि:शुल्क रखा गया है। अपर सचिव ने बताया कि मेले में अलग-2 राज्यों से 500 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए अलग-2 विषयों पर कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। सम्मेलन में मंत्रालय के मार्केटिंग हेड हेड चिरंजी लाल कटारिया तथा गुरुग्राम जिला परिषद् की सीईओ अनु श्योकंद ने भी अपने विचार रखे।

# राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं...

### रामलीला में लंका दहन के बाद रावण-अंगद संवाद

### दोनों ओर से युद्ध का हुआ ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जैकमपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला में रावण-अंगद संवाद के बाद युद्ध के ऐलान पर समाप्त हुई। इसके बाद की लीला रावण के महल से शुरु होती है। वे अपनी रानी मंदोदरी के साथ मंत्रणा करते हैं।

मंदोदरी रावण से कहती है कि हे प्राणनाथ-हनुमत जैसे जिनके पायत हैं वे कैसे मारे जाएंगे, तुम लड़के जिन्हें समझते हो वे लड़के तुम्हे हराएंगें। इसलिए मेरी एक बात माने लो और सीता को उन्हें वापस लौटा दो। रावण मंदोदरी से कहते हैं कि कल की घटना से तुम विचलित हो गई हो। और उन्हें तुम तो भगवान समझती हो-भगवान मानकर भी पगली क्यों बातें करती हो हल्की, मेरे कारण वो आया है ये महिमा है मेरे बल की। विभीषण जब रावण को सीता वापस लौटाने का सुझाव देते हैं तो विभीषण को रावण लात मारकर लंका से ही निकाल देते हैं। विभीषण वहां से निकलकर रामा दल में चल जाते हैं। वहां राम कहते हैं कि मेरी शरण में आए हुए को सजा नहीं, प्रेम मिलता है। इसके बाद होती है समुद्र पार करने की तैयारी। समुद्र में पुल बनाने के लिए नल और नील को पत्थर देकर उनके हाथों रखवाए जाते हैं। क्योंकि उनके हाथों से रख गए पत्थर एक श्राप के तहत डूबते नहीं हैं। इसी बीच गीत बजता है-राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन


गुरुग्राम के जैकबपुरा में रामलीला में मंचन करते कलाकार।

पर कृपा राम करके वो पत्थर भी तर जाते हैं।

इस तरह से लंका तक पुल बनाकर वानर सेना कूच कर जाती है। समुद्र पार करने के बाद एक बार शांतिदूत अंगद को रावण के दरबार में भेजा जाता है। वहां रावण-अंगद का संवाद होता है। रावण से अंगद कहते हैं कि वे श्री राम से क्षमा मांगकर सीता जी को लौटा दें। इसके बाद अंगद ने रावण के दरबार में अपना पांव जमा दिया। जब रावण अंगद का पांव उठाने लगे तो अंगद ने पांव पीछे खींचकर कहा कि मेरे नहीं जाकर श्री राम के पैर पकड़ो। बात न बनती देख अंगद की ओर से युद्ध का ऐलान कर दिया गया, जवाब में रावण ने भी यह ऐलान कर दिया। युद्ध में मेघनाथ ब्रह्मास्त्र का प्रयोग लक्ष्मण पर करते हैं और वे मूर्छित हो जाते हैं।

हनुमान जी लक्ष्मण को उठाकर श्री राम के पास ले जाते हैं। उन्हें सारा हाल बताते हैं। छोटे भाई को इस तरह से जमीन पर पड़ा देख राम विलाप करते हैं। हनुमान जी सुषेन वैद्य राज के बताने पर संजीवनी बूटी वाला पहाड़ उठा लाते हैं। द्रोणगिरी पर्वत से वैद्य राज ने संजीवनी बूटी लक्ष्मण को सुंघाई और उनकी मूर्छा टूट गई। उठते ही लक्ष्मण ने अपने दुश्मन को ललकारा। राम ने उन्हें गले लगाकर विलाप किया।

## हेरोइन की खपत मामले में देश के शीर्ष 290 जिलों में हरियाणा के 10 जिले


गुरुग्राम के एसजीटी विवि में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर व्याख्यान देते हरियाणा नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीकांत जाधव।

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय में मंगलवार को हरियाणा नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर एक व्याख्यान दिया। इस दौरान उन्होंने फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित जोश टॉक्स नामक एक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत जाधव ने छात्रों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। कार्यक्रम में श्री जाधव ने छात्रों को विभिन्न आंकड़े दिखाए और बताया कि कैसे संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत दक्षिण एशिया में हेरोइन का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में प्रति वर्ष ड्रग्स का 20 लाख करोड़ का कारोबार है। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे हेरोइन की खपत के मामले में भारत के शीर्ष 290 जिलों में हरियाणा के 10 जिले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम चलाकर राज्य को नशा मुक्त करने की ठानी है। उन्होंने कहा इस मुहिम में युवाओं का विशेषकर कॉलेज और स्कूल के छात्रों का अहम योगदान रहेगा। इस अवसर पर श्री जाधव ने छात्रों व अध्यापकों को नशा न करने की शपथ दिलाई तथा कुछ छात्रों और अध्यापकों को इस के लिए सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। श्री जाधव ने विश्वविद्यालय के एनसीसी के छात्रों को भी बैज देकर प्रोत्साहित किया।

## रामलीला में दर्शकों, कलाकारों को बांटे कपड़े के थैले


द्रोणाचार्य रामलीला में पर्यावरण में सुधार के लिए कपड़े के थैले वितरित करते बाली पंडित।

**गुरुग्राम।** सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित यहां गुड़गांव गांव स्थित द्रोणाचार्य रामलीला क्लब की ओर से की जा रही रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। यहां उन्होंने कलाकारों द्वारा बेहतर कला के लिए बधाई दी। उनके साथ मुकुल हुड्डा, अमित कुमार भी मौजूद रहे।

रामलीला में पहुंचे लोगों व कलाकारों को बाली पंडित ने पर्यावरण बचाने का भी संदेश दिया। यहां उन्होंने सभी को कपड़े के थैले वितरित करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करके पर्यावरण को सुधारने में सहयोग करें। बाली पंडित ने आगे कहा कि रामलीला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है। रामलीला का हर किरदार, हर पात्र हमें नई सीख देता है। हमें किस पात्र का जीवन चरित्र अपने जीवन में ढालना चाहिए। सभी पात्र हमें सिखाते हैं कि हमें किस तरह से अपना जीवन बचाना चाहिए। भगवान श्री राम और भरत जैसे त्यागी भाई भी भाईचारे को मजबूत करने की सीख देते हैं। लक्ष्मण जैसा भाई अपने भाई की सेवा की सीख देता है। माता सीता की जीवन हर स्त्री के लिए प्रेरणादायी है। राजा दशरथ का जीवन हमें सीख देता है कि हमें जुबान के पक्के रहना चाहिए। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन ना जायी कहावत उनके जीवन पर बनी है। बाली पंडित ने कहा कि रामलीला के माध्यम से हम अपने धर्म का भी प्रचार-प्रयास करते हैं।

## 1810 एकड़ जमीन के मुद्दे पर महिलाओं ने विधायक जरावता को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** क्षेत्र में 1810 एकड़ जमीन को लेकर आंदोलनरत किसानों की तरफ से मंगलवार को काफी संख्या में महिलाओं ने पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता से मुलाकात की। विधायक ने इत्मीनान से उनकी बात को सुना। उनसे मांग पत्र लिया। आश्वासन दिया कि पहले की तरह वे अब भी किसानों की पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष पैरवी करेंगे। मंगलवार को कासन गांव की अनेक महिलाएं मानेसर स्थित पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के आवास पर पहुंची। महिलाओं ने विधायक के समक्ष 1810 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर अपनी बात रखी।

विधायक ने सभी महिलाओं की बातों को सुना। महिलाओं ने विधायक को सौंपे गए मांग पत्र में कहा कि 1810 एकड़ जमीन को छुड़वाया जाए। उचित मुआवजा दिलाया जाए और जहां पर रिहायशी मकान बने हुए हैं, उस जमीन को छुड़वाया। मांग पत्र लेने के बाद


मानेसर क्षेत्र में 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण के मामले में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता को ज्ञापन देने पहुंची कासन की महिलाएं।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि किसानों ने अब से पहले भी उनसे मुलाकात की थी। उन्हें मांग पत्र सौंपा था।

वे स्वयं किसानों को मुख्यमंत्री के पास लेकर गए थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी स्पष्ट कहा था कि सरकार किसानों के हित में काम करेगी। किसानों को किसी तरह का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब फिर से वे कासन गांव की जमीन को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक किसानों की बात पहुंचाएंगे। यह ज्ञापन उन तक पहुंचाकर किसानों की बात को पुरजोर तरीके से रखेंगे। विधायक ने कहा कि वे इस मांग को विधानसभा के सत्र में भी उठा चुके हैं। अब फिर से इस मांग की वे पूरी पैरवी सरकार के समक्ष करेंगे।

उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि सरकार किसानों का किसी भी तरह से अहित नहीं करना चाहिए। किसानों को सरकार ने सदा लाभ पहुंचाया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं किसानों के हित में लागू की गई हैं। किसानों के खातों में पैसा पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में सरकार की मंशा पर किसी तरह का सवाल नहीं उठाया जा सकता।

## जीयू के इंजीनियरिंग कोर्सेज में 12 को होगी ओपन कॉउंसलिंग

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए विवि में ओपन कॉउंसलिंग की प्रक्रिया 12 अक्टूबर को होगी।

गुरुग्राम विवि के प्रवक्ता ने बताया कि जीयू द्वारा संचालित इंजीनियरिंग कोर्सेस में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए विवि परिसर में 12 अक्टूबर को ओपन कॉउंसलिंग की जाएगी। काउंसलिंग सुबह 9 बजे से शुरू होगी। प्रवक्ता ने बताया कि किसी कारण से दाखिले से वंचित रहे विद्यार्थियों के लिए राहत की बात होगी कि वह इस ओपन काउंसलिंग में भाग ले सकते है। हाल ही में जीयू के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के सभी पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हुई है। जिसके कारण से 10 अक्टूबर तक इंजीनियरिंग विभाग के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी पंचकूला द्वारा दिया जाएगा।

# सभी अधिकारीगण ग्रैप की स्टेज के हिसाब से एक्शन लें : निशांत यादव

### दिल्ली के एक्युआई के आधार पर एनसीआर में लागू होगा ग्रैप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वायु** प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली तथा एनसीआर के लिए ग्रेडिड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) तैयार किया है, जिसकी वायु की गुणवत्ता अर्थात एक्यूआई के आधार पर चार स्टेज बनाई गई हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को जिला के संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाकर उन्हें एक्यूआई के आधार पर ग्रैप की स्टेज के हिसाब से अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य करने की हिदायत दी।

गुरुग्राम सहित एनसीआर में ग्रैप की कौन सी स्टेज लागू होगी, यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु की गुणवत्ता अर्थात एक्यूआई पर निर्भर करेगा। दिल्ली की एक्यूआई 201 से


गुरुग्राम में ग्रैप को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

300 के बीच होगी तो स्टेज-1, 301 से 400 के बीच रहने पर स्टेज-2, 400 से ऊपर रहने पर स्टेज-3 तथा 450 से ऊपर जाने पर स्टेज-4 लागू होगी। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि जैसे-जैसे वायु की गुणवत्ता खराब होती जाएगी, वैसे-वैसे ग्रैप की स्टेज लागू होंगी और हर स्टेज के साथ हिदायते और सख्त होती जाएंगी तथा पाबंदियां बढती जाएंगी। वर्तमान में दिल्ली की एक्यूआई 200 से कम है, इसलिए ग्रैप की कोई भी स्टेज एनसीआर और गुरुग्राम में लागू नहीं है। उपायुक्त श्री यादव ने बताया कि दिल्ली के एक्यूआई के बारे में तीन दिन पहले पता चल जाएगा और सीएक्यूएम उसी अनुसार तीन दिन पहले ही आदेश जारी कर देगा, जो दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में लागू होंगे। उन्होंने ग्रैप की अलग-अलग स्टेज के हिसाब से किस विभाग को क्या एक्शन लेना है, इसके बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कहा कि गुरुग्राम जिला में 41 सरकारी विभागों के कार्यालयों को अपने यहां इस कार्य के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करके उसकी सूचना हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी के पास भेजनी है। ग्रैप को लागू करने में इन नोडल अधिकारियों की विशेष भूमिका रहेगी।

## गार्ड की मुस्तैदी से एटीएम चोर मोबाइल फोन व बैग छोड़ कर भागे

**सोहना।** शहर में कोटक महिन्द्रा बैंक पर तैनात गार्ड की सतर्कता से एटीएम तोड़ने के इरादे से आए बदमाश भाग गए। बदमाशों का मोबाइल फोन व बैग वहीं पर छूट गया। पुलिस ने बैंक प्रबंधक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सामान्य बस स्टैंड के सामने कोटक महिन्द्रा बैंक के प्रबंधक निर्भय सिंह ने शहर थाना पुलिस को बताया कि सोमवार की सायं सवा 7 बजे के लगभग दो बदमाश शाखा के साथ लगे उनके एटीएम को उखाड़ने के इरादे से आए थे। गार्ड वहीं पर तैनात था। जिसने बदमाशों द्वारा शटर बंद कर एटीएम के साथ छेड़छाड़ करने की आवाजें सुनी। गार्ड ने शटर बाहर से उठाया तो बदमाश एक साथ बाहर निकल भागने में कामयाब हो गए। लेकिन भागते समय अपना एक मोबाइल फोन और काले रंग का बैग मौके पर ही छोड़ गए। बैंक शाखा प्रबंधक ने बदमाशों का फोन व बैग पुलिस को सौंप दिया।

## फोनपे ने सिंगापुर से भारत में शिफ्ट किया पूरा कारोबार

पे PhonePe

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की अग्रणी FinTech कंपनी (फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनी) फोनपे ने सोमवार को जरूरी जानकारी दी है। कंपनी ने ऐलान किया है कि फोनपे ने भारत में डोमिसाइल की दिशा में तीन महत्वपूर्ण चरण पूरे कर लिए हैं। इन चरणों में शामिल हैं।

सबसे पहले, पिछले कुछ सालों से, फोनपे के सिंगापुर से अपना कारोबार और सहायक कंपनियों को, फोनपे प्राइवेट लिमिटेड-इंडिया में शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें कंपनी की इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विस और वेल्थ ब्रोकिंग सर्विस जैसी सेवाएं भी शामिल हैं। दूसरे चरण में, फोनपे बोर्ड ने हाल ही में नए ESOP योजना (एंप्लॉयी स्टॉक ओनरशिप प्लान) को मंजूरी दी है। इसके तहत, फोनपे के 3000+ कर्मचारियों के तबादले की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

इन कर्मचारियों को मौजूदा ESOP की जगह पर, फोनपे इंडिया के नए ESOP योजना में शामिल किया जाएगा। आखिरी चरण में, नए और ज्यादा उदार ऑटोमैटिक ओडीआई नियमों के तहत, फोनपे ने हाल ही में अधिग्रहित की गई IndusOS Appstore (OSLabs Pte Ltd) का मालिकाना हक भी सिंगापुर से भारत शिफ्ट कर दिया है। इन तीनों चरणों के बाद, फोनपे ग्रुप के सभी कारोबार और कंपनियां अब पूरी तरह से फोनपे प्राइवेट लिमिटेड-इंडिया के अंतर्गत आती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान परशुराम के नाम पर होगा सड़क का नामकरण


गुरुग्राम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व उनकी पत्नी ऐश्वर्या शर्मा का स्वागत और सम्मान करते ब्राह्मण समाज के सदस्य।

**गुरुग्राम।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ऐश्वर्या शर्मा का ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन गुरुग्राम द्वारा भगवान परशुराम जी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अनेक सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष मौजूद थे। संस्था की तरफसे एक मांग पत्र राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को सौंपा गया। जिसमें गुड़गांव के एक रोड का नाम भगवान परशुराम मार्ग करने की मांग की गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र भगवान परशुराम जी के नाम से रोड का नामकरण किया जाएगा। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी प्रशंसा की है। उन्होंने सभी सदस्यों का हालचाल पूछा और सभी से व्यक्तिगत परिचय भी किया। इस अवसर पर ब्राहमण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, सुनील भारद्वाज भोंडसी, श्री शीतला माता श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य ब्रह्म प्रकाश कौशिक, राम सजन सिंह, ब्राह्मण सभा झाड़सा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गगनदीप सिंह चौहान, कादीपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, उद्योगपति उमाशंकर भारद्वाज, उमेश शर्मा, जिला बार एसोसिएशन गुडगांव के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया, श्री शीतला माता सेवा दल से ललित कटारिया, समाजसेवी अनिल वशिष्ट सिकंदरपुर, डॉ. सुषमा पवार, गुडगांव विकास मंच की कार्यकारी अधिकारी अनु अहीर, सीमा चौहान, सुषमा कौशिक, विरेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्ण शर्मा दौलताबाद, दीपक चौहान, वरिष्ठ पत्रकार अनिल आर्य, वरिष्ठ पत्रकार राज वर्मा, हरिओम भारद्वाज ओमप्रकाश सोनी, सुरेंद्र यादव, चंद्रवेश, नरेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा उत्सव में धनुची डांस कर श्रद्धालुओं ने मचाई धूम



**गुरुग्राम।** सभी पूजा अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना, खरीदारी करना, एक साथ भोग लगाना आदि। हर साल क्लब-5 में डीएलएफ सोसाइटी में यह उत्सव बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूरे शहर से श्रद्धालु आते हैं और इस बार, दो साल के कोविड महामारी द्वारा प्रतिबंधित समारोहों के बाद यह उत्सव अपने पूरे गौरव के साथ लौटा है। दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर डीएलएफ क्लब-5 में आयोजित धानुची नृत्य और सांस्कृतिक प्रदर्शन देखने लायक था।

### विवाहिता संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** शहर की सरदार कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पुलिस ने पति की शिकायत पर महिला के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है। मध्यप्रदेश के जिला पन्ना मूल निवासी सुत्तन ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। 26 सितम्बर को वह रोजाना की तरफसे अपनी मजदूरी पर चला गया। शाम को वह वापस लौटा तो उसकी पत्नी आरती घर पर नहीं मिली। आरती उसे बिना कुछ बताएं घर से बाहर चली गई है।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर निकाल रैली



सोहना नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा मांगों को लेकर निकाली गई रैली।

**सोहना।** अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सड़क पर उतरते हुए सफाई कर्मियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मंगलवार को नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने सब यूनिट प्रधान विक्रम की अध्यक्षता में रैली निकाली। रैली में 40 से 50 सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया। रैली को नगर परिषद कार्यालय से शुरू करते हुए शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से नागरिक अस्पताल मार्ग होते हुए एसडीएम कार्यालय में पहुंचे। जहां पर एसडीएम को प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कच्चे कर्मचारियों को तुरन्त पक्का करने, कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा देने, सफाई कर्मियों को समय पर वेतन देना, साबून, तेल, सफाई उपकरण, और सुरक्षा उपकरण दिए जाने की मांग की। यूनिट प्रधान विक्रम ने बताया कि सफाई कर्मियों को समय पर वेतन तक नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का वायदा कई बार कर चुकी है। लेकिन कर्मचारियों का पक्का नहीं कर रही है। जबकि कच्चे कर्मचारियों से स्थाई कर्मियों से अधिक काम लिया जा रहा है। अवकास वाले दिन भी कर्मचारियों को सफाई के कार्य पर बुलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को राज्य सरकार जल्द पूरा नहीं करती है। प्रदेश सरकार के खिलाफराज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### बाजरे की खरीद में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**सोहना।** अनाज मंडी बाजरे की सरकारी खरीद का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम ने मार्केट कमेटी अधिकारियों को अतिक्रमण और सफाई न होने पर फटकार लगाई। किसानों की फसल का एक-एक दाना नियमानुसार खरीद करने के आदेश जारी किए हैं। एक अक्टूबर से स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। स्थानीय मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद की जिम्मेदारी हेफेड को दी गई है। लेकिन बीते तीन दिन में एजेंसी ने किसानों की फसल का एक भी दाना नहीं खरीदा। जिसका कारण एजेंसी के पास खरीद के लिए पूरी तैयारियां न होना बताया गया है। सबसे बड़ी कमी बाजरा भरने के लिए बारदाना नहीं है। एजेंसी के स्थानीय अधिकारी ओमप्रकाश मेहता को तुरन्त प्रभाव से बारदाने की सुविधा करने को कहा है। मंडी का औचक निरीक्षण के दौरान जगह-जहग फड़ों के ऊपर खड़े वाहन से अवैध पार्किंग बनी होने से एसडीएम ने तुरन्त प्रभाव से वाहनों को हटाए जाने को कहा है। इसके अलावा मडी परिसर में लगे गंदगी के ढेरों के समय पर उठाव को कड़े शब्दों में फटकार लगाते हुए उठाने के आदेश दिए है।

# दशहरा को लेकर तैयारियां पूरी, आज रावण दहन

कविता। फरीदाबाद

शहर में कहीं 90 फुट तो कहीं 85 फुट के रावण का दहन होगा। कहीं रावण का पुतला आंखें झपकाएगा तो कहीं आंसू बहाकर पश्चाताप करेगा। इस बार एनआईटी स्थित दशहरा ग्राउंड में जिला प्रशासन द्वारा दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। जिसे देखते हुए दशहरे से एक दिन पहले ही ग्राउंड में रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले लगा दिए गए। इन पुतलों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी भी तैनात हैं। यहां रावण का पुतला इस बार कुछ झुका हुआ है, जिसकी चर्चा शहर में है।

दशहरा ग्राउंड के भीतर व बाहर एक दिन पहले ही मेला लग गया है। यह पर्व आम लोगों के लिए एक त्योहार है। वहीं इस त्योहार के जरिये आज रावण की बिक्री करके कुछ लोग अपना पेट भरने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही नजारा एनआईटी स्थित दशहरा ग्राउंड में देखने को मिला। जहां एक नवयुवक रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले तैयार कर बिक्री का इंतजार कर रहा है।

**व्यवसाय को आए :** एनआईटी स्थित नगर निगम सभागार के सामने रावण के तैयार पुतले बेच रहे एक युवक ने बताया कि वह गाजियाबाद से यहां आया है। उसके दादा, परदादा रावण के पुतले बनाने का काम करते थे। उनके देहांत के बाद उसने यह काम संभाला। उनका परिवार पिछले 60 सालों से यह काम कर रहा है। अगर इस बार कमाई अच्छी हुई तो दोबारा फिर से आएंगे।



दशहरा ग्राउंड में लगे रावण, मेघनाथ और रावण के पुतले।



मेट्रो मोड पर बिक्री के लिए रखे रावण के पुतले।

**फिलहाल पांच फुट :** युवक ने बताया कि चौक पर उसने फिलहाल पांच फुट के पुतले इसलिए रखे हैं, ताकि लोग इन्हें खरीदें। वह रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले पांच फुट से 20 फुट तक के बनाते हैं। यह तीन सौ रुपये से शुरू होकर आठ हजार रुपये तक हैं। इनको तैयार करने में काफी मेहनत व राशि लगती है। उन्होंने बताया कि पांच फुट के पुतलों की कीमत 1500 रुपये है।

**पूरा कुनबा होता है तैयार :** दुकानदार युवक ने बताया कि वह दशानन का पूरा कुनबा तैयार करते हैं। ग्राहक आते हैं मोल-भाव करते हैं और अपनी-अपनी पसंद का पुतला ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि वह बचपन से ही रावण के पुतले बना रहे हैं। इस बार महंगाई के कारण पुतले फिलहाल दो-तीन ही बिके हैं। जबकि अन्य शहरों में लोग रावण को खरीदने के लिए कुछ दिनों पहले ही आ जाते हैं। लेकिन यहां तो काफी समय बीत गया लेकिन तीन ही पुतलों की बिक्री हुई है।

# पुलिस सुरक्षा के बीच शहर में मनाया जाएगा दशहरा का पावन पर्व

### एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी फील्ड में रहेंगे तैनात

### दशहरा ग्राउंड में जेब कतरों से सावधान रहें नागरिक : जिला पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने विजयदशमी के शुभ अवसर पर शहरवासियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को हर्षोल्लास के साथ साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाने की हिदायत दी है। साथ ही उन्होंने दशहरा को लेकर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के लिए कई तरह के दिशा निर्देश दिये हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दशहरा के शुभ अवसर पर शहर में कई स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। फरीदाबाद के तीनों जॉन एनआईटी, सेंट्रल तथा बल्लभगढ़ के दशहरा ग्राउंड व सेक्टर 16 में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जिसमें झांकियां निकालने के पश्चात शाम के समय रावण दहन किया जाता है। रावण दहन में कई प्रकार की आतिशबाजी का प्रयोग किया जाता है। जहां भरी मात्रा में भीड़ एक स्थान पर एकत्रित होती है। ऐसे अवसर पर भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर भगदड़ मचाते हैं और सामाजिक शांति भंग करने की कोशिश करते हैं या किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद फैलाकर तनाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। इससे निपटने के लिए, फरीदाबाद पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी और पुलिस सुरक्षा के बीच रावण दहन किया जाएगा।



त्योहार के मद्देनजर चेकिंग करती पुलिस।

क्राइम ब्रांच की टीम सादी वर्दी में कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उपद्रवियों पर निगरानी रखेगी। दशहरे के अवसर पर पुलिस की विशेष ड्यूटिया लगाई गई हैं जिसमें एसीपी स्तर के अधिकारी ड्यूटी इंचार्ज रहेंगे। पुलिस आयुक्त द्वारा सभी क्राइम ब्रांच, थाना व ट्रैफिक अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है और यदि कोई भी कार्यक्रम में शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि दशहरे के अवसर पर शहर में बहुत अधिक संख्या में वाहनों का आवागमन होता है जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसीलिए आमजन से अनुरोध है कि शाम के समय दशहरा कार्यक्रम स्थल के आसपास से जाने से बचें और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरे रास्ते का चयन करें। इसके साथ ही बहुत अधिक भीड़ होने के कारण जेबकतरे इसका फायदा उठाकर लोगों के पैसे, पर्स या अन्य जरूरी सामान चोरी कर लेते हैं।

# पुलिस कर्मियों ने कन्यापूजन कर ली बालिका रक्षा की शपथ

फरीदाबाद। बालिका रक्षा की शपथ के साथ नवरात्र का पर्व फरीदाबाद पुलिस ने मनाया। नवरात्र के नौवे दिन मंगलवार को पर्वतीय कॉलोनी चौकी के पुलिस कर्मियों ने चौकी परिसर में पूजा-अर्चना की व कन्या पूजन किया गया। इस मौके पर भी पुलिस कर्मियों ने बालिका की रक्षा करने की भी शपथ ली।

पर्वतीय कॉलोनी चौकी में आज प्रभारी मनोज कुमार ने नवरात्र के नौवे दिन पूजा-अर्चना की और उसके बाद क्षेत्र की बालिकाओं को बुलवाकर कन्या पूजन किया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र की बालिकाओं का पूजन किया। पूजन समाप्त होने पर पूड़ी, सब्जी, काले चने व हलवा आदि वितरित किया तथा उपहार भी भेंट किए।

इसके बाद भी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ईएसआई राजकुमार, हैड कांस्टेबल सोनू, हैड कांस्टेबल मीनू, लंगरी राजू आदि ने बालिका की रक्षा की शपथ ली। पर्वतीय चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रत्येक पुलिस कर्मी का कर्तव्य है कि वह क्षेत्र प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करें लेकिन आज रामनवमी पर चौकी के सभी पुलिस कर्मियों ने शपथ लेते हुए कहा क वह क्षेत्र की सभी बालिकाओं की रक्षा करें। दिन और या रात क्षेत्र में बालिका सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। क्षेत्र के स्कूलए कालेज व कम्पनियों में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा का पूरा-पूरा ख्याल रखा जाएगा। जिसके बाद कन्या पूजन के लिए चौकी पहुंची बालिकाओं के परिजनों को भी प्रसाद वितरित किया।



पर्वतीय कॉलोनी चौकी प्रभारी मनोज कुमार व ईएसआई राजकुमार चौकी परिसर में कन्या पूजन के बाद प्रसाद वितरित करते हुए।

# मां दुर्गा की शक्ति सब पर कृपा करें : नागर



ग्रेटर फरीदाबाद की केएलजे सोसाइटी में आयोजित दुर्गा पंडाल में आरती करते विधायक राजेश नागर।

फरीदाबाद। तिगांव विधायक राजेश नागर ने कई स्थानों पर जाकर माता का पूजन किया और लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। विधायक राजेश नागर आज केएलजे सोसाइटी में आज दुर्गा पूजा कार्यक्रम में पहुंचे और ज्योति प्रज्वलित की। उन्होंने सामान्य लोगों की तरह पूजा पांडाल में नीचे धरती पर बैठकर मां दुर्गा की आराधना की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि नवरात्रों में पूरा देश देवी मां की पूजा माता रानी का सविधि पूजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मां आद्यशक्ति सभी का कल्याण करती हैं और अपने भक्तों को बच्चों के जैसा ही मानते हैं।

## शांति मार्च निकाल कर किया लोगों को जागरूक

फरीदाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशबीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा महात्मा गांधी जयंती व अंतर्राष्ट्रीय शांति व अहिंसा दिवस के उपलक्ष में एक शांति मार्च गवर्नमेंट हाई स्कूल आजरौंदा सेक्टर 15 से लेकर सनफ्लैग हॉस्पिटल तक निकाला गया। शांति मार्च को सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर शांति मार्च की अगुवाई की गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी जयंती व अंतरराष्ट्रीय शांति व अहिंसा दिवस प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को मनाया जाता है। अहिंसा दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करना है और सभी देशों के नागरिकों को सत्य व अहिंसा का संदेश देना है।

# पुलिस ने फर्जी ऐप के बारे में किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा मनाए जा रहे साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत जिला साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने सर्वोदय हॉस्पिटल तथा सेक्टर 8 पार्क में आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि एडीजीपी क्राइम हरियाणा के दिशा निर्देश के तहत पूरे हरियाणा में अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत फरीदाबाद के तीनों जोन में स्थित साइबर पुलिस स्टेशन की टीम प्रतिदिन आमजन को साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है। इसी क्रम में साइबर पुलिस स्टेशन बल्लभगढ़ की टीम ने सर्वोदय अस्पताल पहुंचकर वहां पर मौजूद नागरिकों को फर्जी लोन एप से होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने बताया कि आजकल फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपये का लोन सस्ते ब्याज पर देने का दावा करने वाले बहुत सारे फर्जी ऐप मौजूद हैं जो चंद मिनटों में ही बड़ी रकम का लोन देने का झूठा दावा करते हैं। आज के समय में मोबाइल एप्स के माध्यम से पैसे का लेनदेन बेहद आसान हो गया है। सभी लोग मोबाइल के जरिए आसानी से पेमेंट कर लेते हैं। अब इस मोबाइल क्रांति के साथ ही पिछले कुछ सालों में मोबाइल ऐप के माध्यम से फोन पर लोन देने वाले आप भी एक्टिव हो चुके हैं। आजकल फोन पर चंद सेकेंड में लोन प्राप्त करने के विज्ञापन नजर आते हैं।



लोगों को फर्जी ऐप के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

गूगल प्लेस्टोर पर भी इंस्टेंट लोन देने वाले सैकड़ों मोबाइल एप्स मौजूद हैं। कुछ मिनटों में लाखों रुपये का लोन देने का दावा करने वाले यह मोबाइल आपके बैंक अकाउंट, एटीएम व क्रेडिट कार्ड संबंधित जानकारी एकत्रित करते हैं जिसके पश्चात आपके बैंक खातों की सारी जानकारी साइबर ठगों के पास पहुंच जाती है और वह आप को लोन देने की बजाय आपके खाते में पड़े सारे पैसे उड़ा लेते हैं। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के सस्ते लोन या लुभावने ऑफर के लालच में न आएं और यदि आपको लोन की आवश्यकता है तो इसके लिए बैंक से संपर्क करें अन्यथा आपकी सारी मेहनत की कमाई यह साइबर ठग कुछ मिनटों में ही गायब कर सकते हैं।

# मां सिद्धिदात्री के बाद हवन कर खोला व्रत



एक घर में कंजक पूजन करती महिला।



एनएच वन स्थित विजयरामलीला कमेटी के मंच पर रामलीला का मंचन करते।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मंदिरों में मां के नौवें स्वरूप का सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद मंदिरों में हवन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन करके अपना व्रत खोला। इस अवसर पर घरों में भी नौवीं पूजन के बाद कंजक पुजन करके श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर मां शक्ति का नमन किया।

इस मौके पर शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। इसके अलावा भी रात में कई स्थानों पर मां भगवती का जागरण किया गया। वहीं तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ वैष्णों देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के नौवें स्वरूप की पूजा अर्चना के बाद हवन किया। इस हवन में उद्योगपति व मंदिर के गणमान्य लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने भी आहुति दी। श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है। पूजा अर्चना के बाद मां के नवरात्रों की समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने मां से सुख व शांति की मनोकामनाएं मांगी।

## उठ लखन लाल प्रिय भाई कह भर आई राम की अखियां

फरीदाबाद। एनएच- एक स्थित विजय रामलीला कमेटी के इतिहासिक मंच पर अति मार्मिक दृश्य लक्ष्मण मूर्छा का दिखाया गया। मेघनाथ (लखन वर्मा) ने बरछी मार कर किया लक्ष्मण (प्रिंस) को मूर्छित। हनुमान (अरुण भाटिया) उन्हें मूर्छित अवस्था में ले गए राम के पास, हनुमान के किरदार में अरुण भाटिया द्वारा लक्ष्मण की इस हालत पर अपनी लापरवाही बता अफसोस व्यक्त करना व डायलॉग डिलीवरी ने सभी का मन मोह लिया! राम का किरदार निभाने वाले सौरभ के विलाप को देख दर्शकों की आंखे हुई नम। इसके बाद हनुमान संजीवनी बूटी लाने दुनागिरी पर्वत पर गए जहाँ उनका युद्ध कालमयी नामक राक्षस (सुखविंदर सिंह) से हुआ उसका वध कर हनुमान जी बूटी लेकर पोहंचे लंका जहां सुखेन वैद ने लक्ष्मण के प्राण बचाये। संगीत निर्देशक स्वर्गीय श्री विश्व बंधु शर्मा द्वारा रचित गीत दिन कभी ऐसे भी आएंगे ये मालूम न था ने सभी को रोने पर मजबूर कर दिया इसके बाद दिखाया राम और कुम्भकर्ण के बीच घमासान युद्ध और अंत में कुम्भकर्ण मारा गया।

# 14 से 19 अक्टूबर तक होगा प्रतियोगिताओं का आयोजन: डीसी

### विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर किया जाएगा सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के निर्देशानुसार 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए 14 से 19 अक्टूबर तक के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष विक्रम ने बताया कि 14 अक्टूबर को ऑन द स्पॉट नेशनल पेंटिंग कम्पटीशन का भी आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को 14 नवम्बर को बाल भवन फरीदाबाद में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए एनआईटी में स्थित कार्यालय जिला बाल कल्याण परिषद बाल भवन से संपर्क किया जा सकता है।

**यह रहेगा शेड्यूल :** 14 अक्टूबर को आयोजित ग्रुप डांस प्रतियोगिता, छह से आठ मिनट और छह से नौ मिनट का समय सिर्फ ग्रुप चार के लिए, इस प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार के अभद्र गीत या नृत्य को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 15 अक्टूबर को देशभक्ति सोंग प्रतियोगिता, 3 से 5 मिनट और 4 से 6 मिनट का समय सिर्फ ग्रुप 4 के लिए, फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन, समय 1 से 2 मिनट, चित्रकला प्रतियोगिता ऑन द स्पॉट, समय 2 घंटे, जिसमें ग्रुप दो, तीन और चार को किसी का विषय नेता, खिलाड़ी या किसी प्रमुख व्यक्ति का चित्र, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, समय दो घंटे, जिसमें दूसरा ग्रुप केवल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, जल/पर्यावरण बचाओ, वन्य जीवन, कोविड-19 के दौरान स्वच्छता के मूल्य आदि जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दे पर तीसरा और चौथा ग्रुप केवल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दे पर भ्रूणहत्या, जल बचाओ/पर्यावरण, वन्य जीवन आदि पर पोस्टर बनाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लिव फॉर नेशन ने जताया सीपी का आभार



फरीदाबाद। लिव फॉर नेशन संगठन फरीदाबाद गो रक्षा दल के प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर-21 सी स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में जाकर फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा से मुलाकात की और उनका आभार जताया। लिव फॉर नेशन संगठन के संस्थापक अनिल कौशिक ने कहा कि पुलिस आयुक्त अरोड़ा ने पिछले दिनों जो गो रक्षा में क्राईम ब्रांच टीम लगाई है उन्होंने कुछ इनामी गो तस्करों को पकड़ा और लगातार मेवात के अलावा अन्य जिलों में छापे मारे की। अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में अपराध व अपराधी पर अकुंश लगाने के लिए, उन्हें सभी मुलाजिमों को निर्देश दिए हुए हैं। अपराध को समाप्त कर शांति कायम करना ही उनका लक्ष्य है। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने टीम का शुक्रिया किया। अनिल कौशिक, खेमचंद गोयल, बिजेंद्र सैनी, सचिन चौधरी, सुनील पांचाल, अभिषेक गोस्वामी, बलजीत यादव, गौरव अरोड़ा, सुधीर सैन, सुशील पांचाल, कृष्ण लोहिया, आदि गौ भक्त रहे।

### घर से लाखों के जेवरात चुराने वाला गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने 5 लाख रुपए के कीमती आभूषण चोरी के मामले में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम रणजीत उर्फ जथरा है जो दिल्ली की गड्डा कॉलोनी का रहने वाला है जो दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर के पास स्थित है। आरोपी ने अपने साथी आरोपी नीरज के साथ मिलकर 10 सितंबर की रात विनयनगर एरिया में स्थित एक मकान चोरी की थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल आरोपी नीरज को 19 सितंबर को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन व एटीएम कार्ड बरामद किए गए थे। पुलिस पूछताछ में आरोपी नीरज ने अपने साथी आरोपी रणजीत के बारे में पुलिस को जानकारी दी जिसके पश्चात आरोपी की निशानदेही पर 23 सितंबर को आरोपी रणजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के एनएसएस के तत्वाधान में आयोजित अंतर्महाविद्यालय राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। एनएसएस दिवस व गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाजी मारी। प्रथम स्थान पर ज्योति कश्यप (बीकॉम प्रथम वर्ष), जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत, दूसरे स्थान पर संयुक्त रुप से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्राएं प्रेमलता (एमए हिंदी अंतिम वर्ष) और छम्मा मित्तल(बी.ए. तृतीय वर्ष), तीसरे स्थान पर हर्षप्रीत कौर (बीकॉम द्वितिय वर्ष) देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अंबाला और सात्वना पुरस्कार नेहा (बीकॉम अंतिम वर्ष) राजकीय कन्या महाविद्यालय मानेसर गुरुग्राम ने प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विजयी छात्राओं को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

### ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

फरीदाबाद। महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने युवती के साथ बार-बार बलात्कार करने तथा उसकी अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमन है जो फरीदाबाद के एनआईटी 2 एरिया का रहने वाला है। 26 अगस्त 2022 को महिला थाना एनआईटी में आरोपी के खिलाफ शिकायत मिली थी जिसमें पीड़ित लड़की ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी माता के साथ रहती है। 25 फरवरी 2022 को लड़की के पिता की तबीयत खराब होने की वजह से वह अस्पताल में भर्ती थे और लड़की की मां उनके पास देखभाल के लिए गई हुई थी। आरोपी लड़की के पिता का हालचाल जानने के बहाने से उसके घर पर आया और युवती के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और फोन में उसकी अश्लील फोटो खींच ली। आरोपी उसे होटल में ले गया और उसके साथ फिर से बलात्कार किया। इसके पश्चात आरोपी लड़की को बार-बार होटल में बुलाने की जिद करने लगा। आरोपी द्वारा बार-बार तंग करने पर लड़की महिला थाने में केस दर्ज करवा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

बल्लबगढ़। सुभाष कलोनी एसडीएम हिन्दू हाई स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अतिरिक्त न्यायाधीश राकेश कुमार रोहतक से आमंत्रित थे। विद्यालय के प्रिंसिपल ओम प्रकाश चौहान ने सैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यालय के छात्रों को राकेश कुमार द्वारा सम्मानित कराया। जिन विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया। ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र बल्हारा ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से रमेश खट्टर, मदन लाल अरोड़ा, कृष्ण बटेजा को समाज में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राकेश कुमार न्यायधीश ने अपने विद्यार्थी जीवन में आई कठिनाइयों को साझा किया। ओम प्रकाश चौहान ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### मांगों को लेकर निगम कर्मियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन



फरीदाबाद। नगर निगम कर्मचारियों ने आज भोजन अवकाश के समय नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित होकर एक विशाल सभा का आयोजन नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत की अध्यक्षता में किया किया। सभा का संचालन जिला सचिव नानक चंद खेरालिया ने किया। सभा के बाद कर्मचारियों ने बीके चौक से नीलम चौक तक हाथों में झाड़ू काले झंडे लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने निगम आयुक्त को पीए रवि वासुदेवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप महासचिव सुनील चंडालिया, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी चरण, इलेक्ट्रिशियन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, कार्यालय यूनियन के प्रधान रणजीत शुक्ला, संघ के जिला कोषाध्यक्ष अनिल चंडालिया आदि ने किया। मौके पर नरेश शास्त्री ने कहा कि प्रदेश के सभी पालिका परिषदों एवं नगर निगम के समक्ष 11 व 12 अक्टूबर को क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी तथा 19 व 20 अक्टूबर को दो दिन की काम छोड़ हड़ताल करेगा यदि सरकार ने 20 अक्टूबर तक मांगों का निवारण नहीं किया तो संघ दो दिवसीय हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित कर देगा जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

### आधारभूत सुविधा की कमी सबसे बड़ी चुनौती: कुलपति

फरीदाबाद। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन में शिक्षण संस्थानों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं की कमी है यह बात जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने फरीदाबाद पंचतंद शोध संस्थान केंद्र द्वारा आयोजित गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कही। गोष्ठी का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थानों के समक्ष चुनौतियां' था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 दोनो ही छात्र की अभिरुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करने की वकालत करते है लेकिन हमारे शिक्षण संस्थानों में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी इसके सफल कार्यान्वयन में कारक है। पहला जैसे अगर कोई विज्ञान का छात्र म्यूजिक मे रूचि रखता है तो क्या संस्थान उसके टाइम टेबल के अनुसार म्यूजिक कक्षा की व्यवस्था कर पाएगा।

# होसबोले का भाषण

## स्पष्ट सरोकार

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के नेता दत्तात्रेय होसबोले ने अपने भाषण में गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर चिन्ता प्रकट की है। वैसे जब भी भारत के बारे में असहज करने वाली खबरें आती हैं, उनमें खराब मानव विकास सूचकांक, भूख, प्रेस पर नियंत्रण, आदि चीजें शामिल होती हैं। लेकिन ऐसे लेखकों व संबंधित प्रकाशकों के प्रति सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी संतुलित दृष्टिकोण नहीं अपनाती है। अक्सर उनके इरादों व क्रियाविधि पर सवाल उठाए जाते हैं और कभी-कभी ऐसी खबरों की फौरन निन्दा की जाती है। लेकिन आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के भाषण पर ऐसी प्रतिक्रिया नहीं हो सकती है। रविवार को उन्होंने सरकार व भाजपा के सामने विचारार्थ ऐसे मुद्दे रखे जिनको वे ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। इनमें देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता हैं। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी हमारे सामने एक भयानक राक्षस की तरह खड़ी है और इस राक्षस का वध करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में लगभग 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं तथा 4 करोड़ बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि होसबोले के विचारों को 'खान मार्केट गैंग' या 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की लफ्फाजी बता कर खारिज नहीं किया जा सकता है। वे संघ परिवार के केन्द्र आरएसएस के वरिष्ठ नेता हैं। यदि वे कुछ कहते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि उन्होंने क्या कहा है और क्या नहीं तथा इसके गहन निहितार्थ क्या हैं।



हालांकि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक मामलों में बहुत अच्छा काम किया है जिसमें ढांचागत विकास, राजकोषीय घाटे का प्रबंधन व कुछ उद्यमों का निजीकरण शामिल है, लेकिन कुछ अन्य मामलों में उसका प्रदर्शन इतना संतोषजनक नहीं रहा है। तटस्थ दृष्टिकोण से देखा जाए तो व्यक्तिगत व नागरिक स्वतंत्रताओं के मामले में भी उसका प्रदर्शन मानकों से पीछे है, लेकिन यह आरएसएस की ज्यादा चिन्ता का विषय नहीं है। लेकिन गरीबी और बेरोजगारी दिखाई देते हैं और वे सुखद नहीं हैं। केवल कट्टर भाजपा समर्थक ही कह सकते हैं कि बेरोजगारी या गरीबी बड़े मुद्दे नहीं हैं और शायद होसबोले का दृष्टिकोण आलोचनात्मक है। इसलिए समय आ गया है कि सरकार इन मुद्दों का समाधान पूरी गंभीरता से निकालने का प्रयास करे। सबसे पहले तो उसे समस्या के अस्तित्व से इनकार करना बंद करना चाहिए और उनको स्वीकार करना चाहिए। उसे अपने उस आत्ममुग्धता वाले दायरे से बाहर निकलना चाहिए जिसे उसने स्वयं तैयार किया है। इसमें चौबीसों घंटे काम करने वाली प्रचार मशीनरी तथा मीडिया के बड़े हिस्सों का योगदान शामिल है जो लगातार उसे प्रसन्न करने में लगे रहते हैं। इस दायरे से बाहर निकलने के बाद सरकार को उचित कदम उठाते हुए सप्लाई पक्ष को सुधारने का प्रयास करना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था वर्तमान गतिरोध से निकल सके। वर्तमान समय में शायद बड़ी-बड़ी घोषणाओं व प्रतीकवादी उपायों को ही गंभीर अर्थनीति मान लिया गया है। जहां तक होसबोले का सवाल है, अर्थव्यवस्था की समस्याओं के बारे में उनकी स्पष्टवादिता आश्चर्यजनक है, लेकिन हम नहीं जानते कि उनके या उनके संगठन आरएसएस के पास इसके क्या समाधान हैं। होसबोले ने ये टिप्पणियां आरएसएस से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित वेबिनार में की हैं। वह 'भारतीय आर्थिक माडल' प्रस्तुत करता रहा है जिसमें अनेक चीजें शामिल हैं। वर्तमान युग में आर्थिक नीति संभवत: इन फार्मूलों से आगे निकल चुकी है जिसे सरकार व आरएसएस को स्वीकार करना चाहिए।

# नए अवसर देता कौशल संवर्धन

संस्थानों के कौशल संवर्धन से हम ऐसे समय अनेक खोए अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जब भारत नई संभावनाओं के द्वार पर दस्तक दे रहा है।



विरजेश उपाध्याय
(लेखक, एक स्तम्भकार हैं।)



देश में पहला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-आईटीआई 1950 में स्थापित हुआ था। इसके बाद अगले सात दशक में देश में लगभग 10,000 आईटीआई खुल चुके हैं। लेकिन आईटीआई छात्रों का पहला दीक्षान्त समारोह होने में 72 साल लग गए। तथ्य यह है कि इस उदाहरण से सिद्ध होता है कि भारत में कौशल संवर्धन नीति-निर्माताओं की कितनी भयंकर अनदेखी का क्षेत्र है। केवल ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में कौशल विकास पर एक अध्याय था। लेकिन इसके बाद से इसक महत्व पर लगातार जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद पर आने के बाद से इस मामले में नाटकीय परिवर्तन आया है। पिछले आठ सालों में विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण पर व्यापक रूप से जोर दिया जा रहा है। इससे भारतीय कामगारों की रोजगार पाने की क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई है। यदि हम कौशल संवर्धन के प्रति प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर गंभीरता से गौर करें तो इससे तीन मुख्य आयाम उभरते हैं। पहला, कौशल विकास को नीति-निर्माण के केन्द्र में रखा जाए। 2014 में उपलब्ध वर्तमान कौशलों पर नजर रखने के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

इसके साथ ही सरकार का एक शुरुआती फ्लैगशिप कार्यक्रम 'स्किल इंडिया' शुरू किया गया। इन प्रयासों का नतीजा निकला। पिछले आठ साल में देश में लगभग 5,000 नए आईटीआई खोले गए तथा चार लाख से अधिक सीटें बढ़ीं। हर साल एक करोड़ से अधिक नौजवान 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम में शामिल होते हैं और इससे लाभ उठाते हैं। इसके पीछे मंत्रालय का लक्ष्य नौजवानों को बेहतर आजीविका के लिए उपयुक्त कौशल से लैस करना है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत 1.3 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निश्चित रूप से भविष्य में यह संख्या बढ़ेगी क्योंकि सरकार ने भारत में कौशल विकास को गति देने के लिए 5,000 से अधिक नए 'स्किल हब' खोलने का निर्णय किया है।

कौशल विकास के महत्वाकांक्षी मूल्य को बढ़ावा देना तथा उसे औपचारिक शिक्षा से जोड़ना प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का दूसरा आयाम है। अनेक अवसरों पर यह बात सामने आई है कि ज्ञान केवल अकादमिक योग्यता तक सीमित नहीं है। कौशल प्राप्त करना समान रूप से महत्वपूर्ण है और कौशल को अन्य योग्यताओं के समकक्ष समझा जाना चाहिए। यह विचार सर्वोत्तम रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अभिव्यक्त हुआ है जिसमें अनुभव आधारित सीखने को प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कौशल विकास को भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करने का एक तरीका समझते हैं और इससे उनके दृष्टिकोण का तीसरा आयाम स्पष्ट होता है। इसका अर्थ शोध के माध्यम से यह समझना है कि दुनिया कैसे बदल रही है तथा नीतियां बनाने में काम व सक्रियता को महत्व दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों व खासकर राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को उनके संबोधन पर गौर किय जाए तो स्पष्ट होगा कि उन्होंने न केवल उद्योग-4, बल्कि रोबोटिक्स का उल्लेख किया है जो परिवर्तनशील काम के घंटों के अनुसार दुनिया में कहीं से भी काम करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इन परिवर्तनों को महिला श्रमशक्ति सहभागिता के अनुकूल बताया है।

उन्होंने श्रम मंत्रालय से इस पर जोर देने को कहा है जो 'अमृत काल' में विज़न-2047 पर पहले से ही ध्यान दे रहा है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि देश में उभरते नए क्षेत्रों में महिलाओं को कैसे शामिल किया जा सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर प्रधानमंत्री द्वारा आईटीआई के 'कौशल दीक्षान्त समारोह' को एक प्रकार का फालोअप समझा जा सकता है। राष्ट्रीय श्रम सम्मेलनों के उलट इस बार प्रधानमंत्री एक असमान समूह से बात कर रहे थे जिसमें छात्र व नीति-निर्माता, दोनों शामिल थे। इसलिए प्रधानमंत्री ने इस बार दोनों के बारे में बातें कीं। उन्होंने देश में रोजगार सृजन का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक परिष्करण की संभावनायें उजागर हो रही हैं। उन्होंने छात्रों से अपना भावी कौशल बढ़ाने के लिए 'स्किलिंग, रिस्किलिंग व अपस्किलिंग' का मंत्र दिया जिसमें सभी क्षेत्रों में नवीनतम बदलावों पर ध्यान देना जरूरी है।

इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र, सौर ऊर्जा व बिजली वाहनों के मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रोजगार तलाशने वालों की सुविधा के लिए अनेक आईटीआई में इस संबंध में पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। यदि स्वतंत्रता के बाद भारत की यात्रा पर गौर करें तो यह दु:खद स्थिति हमारे सामने आती है कि कुछ उल्लेखनीय संस्थान स्थापित करने और शोध में विश्व नेतृत्व की स्थिति प्राप्त करने के बावजूद हम दुनिया में चल रही शोध व विकास की संस्कृति विकसित करने में विफल रहे हैं। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, बिजनेस व नीतिगत मामलों में ऐसा ही हुआ। प्रधानमंत्री ने शुरुआत से ही इस मामले को संबोधित करने का प्रयास किया है तथा केवल इसी उद्देश्य से नीति आयोग का गठन किया गया है। इसके साथ ही पीएम-ईएसी का गठन किया गया है जो प्रधानमंत्री को आर्थिक मामलों पर सलाह देती है। लेकिन विभिन्न मंत्रालयों व संस्थानों के स्तर पर ऐसी ही व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की जरूरत है जो न केवल प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण समझ कर उसका विश्लेषण करें, बल्कि उसे जनादेश के अनुकूल विस्तार दे सकें। श्रम मंत्रालय हमारी जनसंख्या के सबसे बड़े हिस्से पर ध्यान देता है तथा कामकाज की बदलती दुनिया को देखते हुए उसके मुद्दों को संबोधित करता है।

उसके पास श्रम बाजार शोध के लिए दो संस्थान हैं-वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी नेशनल बोर्ड आफ वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट-डीटीएनबीडब्लूडी। इन संस्थानों ने दूसरी और तीसरी औद्योगिक क्रांति के कालखंड में देश की अच्छी सेवा की है। हम पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों में पिछड़े रहे, पर उद्योग-4 के मामले में नेतृत्वकारी भूमिका अदा कर रहे हैं। डिजिटल ढांचागत संरचना में अनेक विकसित देशों से आगे हैं और कम से कम निकट भविष्य में यह स्थिति बनी रहेगी। हमें श्रम बाजार विनियमनों व कार्यबल की रोजगार योग्य क्षमता में ऐसे ही नेतृत्व की जरूरत है। श्रम कानून, खासकर सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कानून बहुत ढीलेढाले हैं, जबकि इनका दृष्टिकोण गिग व प्लेटफार्म इकोनोमी को देखते हुए भविष्योन्मुखी होना चाहिए। डीटीएनबीडब्लूडी ने मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी-एमएनएनआईटी के साथ संसाधनों का साझा करने तथा इंदिरा गांधी नेशनल ओपेन युनिवर्सिटी-इग्नू से एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इससे श्रमिकों को डिप्लोमा व प्रमाणपत्र देने में आसानी होगी। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता, नए युग की ट्रेड यूनियनों, श्रम कानूनों पर प्रमाणीकृत विशेषज्ञ तैयार करना तथा क्षमता निर्माण है। लेकिन उभरते क्षेत्र में रोजगार क्षमता की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ ने कहा है कि उद्योग-4 में सफलता का बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करेगा कि कामगारों को नए उभरते क्षेत्रों के बारे में पहले से क्या जानकारी है और वे नए रोजगारों के मामले में कितने कुशल हैं। इससे उनको बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण सुविधाओं में चयन का अवसर मिलेगा तथा देश को कौशल व मानव विकास पूंजी का लाभ मिलेगा। भावी कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान व उनको लागू करने के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय, व्यावहारिकता तथा मूलभूत शोध की आवश्यकता है। हम संस्थानों की सहायता तथा इस उद्देश्य से लागू योजनाओं के माध्यम से असंगठित कामगारों के कौशल को ई-श्रम के माध्यम से प्रमाणित करने के प्रयास भी कर रहे हैं। उद्योग-4 का युग एकदम अलग होगा। नई चुनौतियों का सामना करने तथा नेतृत्वकारी स्थिति बनाए रखने के लिए न केवल श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, बल्कि उसके संस्थानों को भी तत्काल भविष्य के लिए अपना पुन: मूल्यांकन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'चौथी औद्योगिक क्रांति' के लिए त्वरित निर्णय लेने तथा उनका तेजी से क्रियान्वयन करने की आवश्यकता होगी।

# फेफड़ों के लिए घातक वायु प्रदूषण

> वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं।

सूर्यकांत
(लेखक केजीएमसी लखनऊ में प्रोफेसर हैं)



जैसा कि हम जानते हैं कि फेफड़े श्वसन के लिए प्राथमिक अंग हैं। वे शरीर को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालने के लिए अथक प्रयास करते हैं। सांस लेने से बोलने और गाने की क्षमता में भी मदद मिलती है। जीवन पहली सांस से शुरू होता है और आखिरी सांस पर खत्म होता है। यह न्यूनतम कोशिकीय स्तर तक शरीर और उसके सभी अंगों के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। 350 लीटर ऑक्सीजन पाने के लिए हम रोजाना 10,000 लीटर हवा में सांस लेते हैं। हम भोजन के बिना तीन सप्ताह तक जीवित रह सकते हैं, बिना पानी के तीन दिन, लेकिन ऑक्सीजन के बिना हम तीन मिनट से अधिक नहीं रह सकते। कोविड -19 महामारी ने ऑक्सीजन, फेफड़े और फेफड़ों के विशेषज्ञों के महत्व को प्रकट किया। वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के हानिकारक एजेंटों या प्रदूषकों के संपर्क में आने से श्वसन प्रणाली लगातार प्रभावित होती है। यह अनुमान है कि दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग बायोमास ईंधन के दहन से उत्पन्न जहरीले धुएं के संपर्क में हैं। सात अरब से अधिक लोग प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।

वायु प्रदूषण के कारण श्वसन तंत्र और फेफड़े सबसे अधिक प्रभावित मानव अंग हैं। कुछ सामान्य प्रभाव खांसी, घरघराहट, सांस की तकलीफ, अस्थमा, निमोनिया और बच्चों में फेफड़ों की क्षमता में कमी, वायुमार्ग में रुकावट, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर और कई अन्य हैं।

वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं। वायु प्रदूषण के कारण भारत में हर साल 17 लाख लोगों की मौत होती है। वायु प्रदूषण अस्थमा, फेफड़ों के कैंसर, फेफड़ों के अन्य रोगों को बढ़ाता है, जबकि हृदय रोग जैसी कई बीमारियों को भी बढ़ाता है। लगभग सभी भारतीय हवा में सांस लेते हैं जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों से अधिक है। इसकी 2021 की रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्य और दक्षिण एशिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में से 11 भारत के थे। भारत में लगभग 16.7 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो 2019 में देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि, भारत में प्रति मिनट तीन मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।

2019 में उच्च रक्तचाप, तंबाकू और खराब आहार के बाद वैश्विक स्तर पर जल्दी मौत के जोखिम वाले कारकों में वायु प्रदूषण चौथे स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली मौतों में से लगभग 40 प्रतिशत, कम श्वसन संक्रमण से होने वाली मौतों में से 30 प्रतिशत और फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 19 प्रतिशत मौतों का कारण वायु प्रदूषण था। भारत में, वायु प्रदूषण के कारण होने वाली फेफड़ों की बीमारियों से लगभग 45 प्रतिशत मौतें होती हैं और 40 प्रतिशत नुकसान अस्वस्थता, विकलांगता या जल्दी मृत्यु के कारण होता है। वायु प्रदूषण से निपटने और बदलाव लाने के लिए तत्काल और उचित कार्रवाई की आवश्यकता है।

श्वसन रोगों के प्रभाव में सीओपीडी जैसी पुरानी स्थितियां और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियां या निचले श्वसन पथ के संक्रमण दोनों शामिल हैं। 2019 में निमोनिया से 2.5 मिलियन से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह दुनिया में सबसे अधिक प्रचलित तीव्र बीमारियों और मृत्यु के कारणों में से एक बन गया। यह 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए भी मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है, जो नवजात नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त, सार्स-सीओवी-2 मृत्यु दर उन वयस्कों में कोविड-19 के परिणामस्वरूप नाटकीय रूप से बढ़ गई, जिनमें अंतर्निहित सहवर्ती रोग थे, विशेष रूप से उन लोगों में जिन्होंने श्वसन रोग या निमोनिया विकसित किया, 6.3 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई, ज्यादातर श्वसन कारणों से। 2020 में, टीबी से 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद सबसे अधिक प्रचलित घातक संक्रामक रोग बन गया। दुनिया भर में, 10 मिलियन से अधिक व्यक्तियों ने टीबी का अनुबंध किया, जबकि भारत में 2.6 मिलियन लोग प्रभावित हुए। जीर्ण श्वसन रोग की शुरुआत को ऐसे तीव्र श्वसन संक्रमण और अन्य आनुवंशिक-पर्यावरणीय अंत:क्रियाओं से भी जोड़ा जा सकता है, जिसमें बचपन की बीमारी खराब स्वास्थ्य के लिए एक विकासात्मक प्रक्षेपवक्र स्थापित करती है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 544.9 मिलियन लोग 2017 में पुरानी श्वसन स्थिति से पीड़ित थे। दुनिया में, सीओपीडी लगभग 200 मिलियन लोगों, या चार प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है, और सालाना 3.2 मिलियन लोगों को मारता है, जिससे यह मृत्यु दर का तीसरा सबसे बड़ा कारण बनता है। . अस्थमा दुनिया भर में 350 मिलियन लोगों (भारत में 35 मिलियन) को प्रभावित करता है और बच्चों में सबसे अधिक बार होने वाली पुरानी बीमारी है।

बच्चे विशेष रूप से आसानी से प्रभावित होते हैं क्योंकि वे अभी भी बढ़ रहे हैं और उनके फेफड़े, दिमाग और प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो रही हैं। कम उम्र में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से फेफड़ों के विकास में बाधा आ सकती है, मस्तिष्क के विकास में बाधा आ सकती है और अस्थमा जैसी स्थितियों का खतरा बढ़ सकता है। दमा से पीड़ित बच्चों के फेफड़े और वायुमार्ग आसानी से फूल जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप परेशान करने वाले दैनिक लक्षण होते हैं जो खेल, खेल, स्कूल और नींद में बाधा डालते हैं।

5 जून, 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन) आंदोलन शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि लाइफ का दृष्टिकोण एक ऐसी जीवन शैली जीना है जो हमारे ग्रह के अनुरूप हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। ऐसा जीवन जीने वालों को 'प्रो-प्लैनेट पीपल' के रूप में जाना जाता है। मिशन लाइफे अतीत से उधार लेता है, वर्तमान में काम करता है, और आगे देखता है। हमारा जीवन कम करने, पुन: उपयोग करने और रीसायकल करने की अवधारणाओं से बुना गया है।

## आप की बात

### हृदयविदारक घटना

**उत्तर** प्रदेश के भदोही शहर में एक धार्मिक आयोजन में लगी आग में 6 लोगों की मृत्यु एवम 50 श्रद्धालुओं का घायल होना अत्यंत दुखदाई एवम ह्रदय विदारक घटना है. इससे पूर्व भी कानपुर में श्रद्धालुओं से को लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें करीब 23 लोगों की मृत्यु हो गई थी. और बड़ी संख्या में लोगों को गंभीर चोट आई है. धार्मिक अनुष्ठान के आयोजकों को ध्यान रखना चाहिए कि किसी तरह की दुर्घटना ना हो. यदि हो भी जाए तो रोकने के पुख्ता इंतजाम करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजकों के द्वारा स्थानीय शासन प्रशासन की अनुमति, वॉलिंटियर्स, ट्रैफिक , पर्यावरण , एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती है जिसके कारण यदि कोई दुर्घटना होती है तो बचाव के कार्य में सरकार को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है और जानमाल का नुकसान भी होता है इसलिए ऐसे आयोजनों पर सरकार को भी निगरानी रखनी होगी। धार्मिक आयोजनों में उत्सवों में और यात्राओं में श्रद्धालुओं को भी सावधानी बरतनी होगी। जान-माल का भारी नुकसान बेहद दर्दनाक होता है केवल सरकार के ऊपर जिम्मेदारी डाल देना किसी भी तरह से उचित नहीं है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

### पाप का अंत कब?

**वर्षों** से चली आ रही परम्परा दशहरे पर रावण दहन गांवो से लेकर अंचलो , नगरों, महानगरों व पुरे देश मे बुराई पर अच्छाई की जीत हेतु किया जाता है. और दहन पश्चात एक दूसरे को शुभकामनाएं, बधाई दी जाती है! रावण के पुतले के दहन के बाद विजयी पताका का इतना जोश , उत्साह होता है की हमने हमेशा हमेशा के लिए बुराई का अंत कर दिया, दहन कर दिया! परन्तु विडंबना है की वर्तमान दौर मे देश को खोकला करने वाले अर्थपिशाचो व संस्कार, संस्कृति को धूमिल करने वाले, सभ्यता को कलंकित करने वाले इन भरस्टाचारी व दुष्कर्मी रावणों का दहन कब होगा? क्या इन कलयुगी रावणों मे बुराई नहीं है? आये दिन मासूमों का बलात्कार, महिलाओ से छेड़छाड़, महिलाओ के साथ बलात्कार, जघन्य हत्याएं, क्या यह अपराध या बुराई नहीं? फिर इनका खात्मा करने के लिए कौन सा राम जन्म लेगा? देश मे घोटाले व आर्थिक अनियमियता की खबरों से व रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने की खबरें सुर्खियों मे होती है ! क्या अर्थ पिसाची रावण के खात्मे के लिए कोई कारगर व ठोस नीति नहीं है..? देश मे यह कृत्य आखिर सीमा क्यों लांघ रहे है!

- **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### ग्लोबल वार्मिंग के खतरे

**जब** जब भी प्रकृति करवटें बदलती है और देश में अनहोनी होती है तब तब हर कोई जलवायु परिवर्तन पर बहस करता है। सब के अपने तर्क होते हैं और हर कोई उसे श्रेष्ठ जताता है। सब का फोकस ग्लोबल वार्मिंग पर ही होता है जो आज बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। अध्ययन और शोध पर विश्वास करें तो आने वाले सालों में मानव जीवन के लिए मुसीबतें ही पैदा होना है। वास्तव में ग्लोबल वार्मिंग बड़े संकट का संदेशा है। ग्लेशियरों का पिघलना, मौसम में गर्मी बढ़ना और हीटवेव का एक निर्धारित अंतराल के बाद नियमित चलना कुछ ऐसी चेतावनी या हैं जिन पर गौर जरूरी है। गर्मी के मौसम में असहनीय गर्मी और अचानक मौसम का बदलना, बरसात होना या ठंड का चमकना शोधकर्ताओं की निगाहों में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। 2010 के ऊंचे तापमान को आधार मानकर सामने आए निष्कर्ष एक चेतावनी है जो हर तीसरे साल हीटवेव चलने की आशंका व्यक्त करते हैं। मौसम का मिजाज अगर अनुकूल होता तो दशकों के बाद निर्मित होने वाली असहनीय गर्मी की स्थिति साल दर साल न बढ़ती।

- **अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राजस्थान** में नए मुख्यमंत्री के नाम पर विधायकों के भड़कने का नया मामला था।

- **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**ऊर्जा** संकट व मुद्रास्फीति के मामले में हमारे पास आगे बढ़ने की स्पष्ट योजना है।

- **लिज़ ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**सत्तारूढ़** लोगों द्वारा महात्मा गांधी की विरासत पर कब्जा करना आसान है, पर उनके रास्ते पर चलना कठिन।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# समाज को खोखला बना रही राक्षसी प्रवृत्तियां

## विजयादशमी का पर्व हिंदू धर्म को सदैव सत्य, न्याय और धर्म के पर्थ पर चलने की प्रेरणा देता है: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



**गोरक्षपीठाधीश्वर** और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम और रावण का युद्ध हर युग में निरंतर चलता है। अन्यायी और अत्याचारी ताकतें अलग-अलग रूप में अलग-अलग कालखंड में पैदा होती हैं। कभी अधर्म के रूप में, कभी रावण के रूप में और कभी कंस, दुर्योधन, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार के रूप में पैदा होती हैं। यह सभी राक्षसी प्रवृत्तियां हैं। यह समाज को खोखला बना रही हैं। अराजकता को बढ़ावा दे रही हैं।

मंगलवार को विजयादशमी की शोभा यात्रा के बाद रामलीला मैदान में उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व सनातन हिंदू धर्म को सदैव सत्य, न्याय और धर्म के पर्थ पर चलने की प्रेरणा देता है। सम और विषम कोई भी परिस्थिति हो। हम गलत मार्ग पर नहीं चलेंगे। सत्य का आचरण करेंगे। न्याय के पथ पर चलेंगे, धर्म के पथ पर चलेंगे। विजय हमारी अवश्य होगी। विजयादशमी इस बात का हजारों वर्षों से हमें अहसास करा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी कल्याणकारी शासन, व्यवस्था का और समाज का यह एक महत्वपूर्ण पहलू होता है। वह समाज की पीड़ा को अपनी पीड़ा के साथ जोड़ता है। राष्ट्र की पीड़ा के साथ अपने आप को जोड़ता है। समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए अपने आपको जोड़ता है। तभी महानता का रास्ता निकलता है। आज हम भगवान राम की पूजा करते हैं, उनकी वंदना कर रहे हैं। इसलिए क्योंकि भगवान राम ने अपने आदर्शों से एक आदर्श प्रस्तुत किया है। हमारे यहां कहा गया है कि रामो विग्रहवान धर्मः यानि धर्म की अगर को परिभाषा है और उसे किसी छोटी सी परिभाषा में सीमित करना हो, धर्म के बारे में जानना हैए तो भगवान राम के चरित्र के बारे में जान लो। सीएम योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि की नौ तिथियों में जगत जननी मां भगवती के नौ रूपों की पूजा करने के उपरांत विजय दशमी का पर्व आता है। हम देवी के नौ रूपों की पूजा करने के बाद विजय दशमी पर्व के साथ जुड़ते हैं। विजयादशमी का पर्व केवल धर्म और सत्य का ही नहीं था। मातृ शक्ति के सम्मान का भी था। रावण अगर माता सीता का अपहरण करके अपनी मौत को नहीं बुलाता, तो संभवत: कुछ दिन और जीवित रह सकने का अधिकारी बन सकता था लेकिन उसके कृत्यों ने उसके पाप का घड़ा भर दिया था। अंतत: उसे प्रभु राम के हाथों मरना पड़ा। यानि मातृ शक्ति के सम्मान का भी विजयादशमी का पर्व प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत वर्ष का विजय पर्व विजयादशमी है। यह उत्साह और उमंग दिखना भी चाहिए। इस दौरान उन्होंने विजयादशमी पर सबको बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ की परंपरा का निर्वहन करने के लिए मैं एक बार फिर यहां आया हूं। आर्यनगर की यह रामलीला समिति प्रति वर्ष आयोजन के साथ न केवल अपनी विरासत और परंपरा के प्रति अपनी संस्कृति और सनातन धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय देती है बल्कि वर्तमान पीढी का ज्ञानवर्धन और मनोरंजन दोनों का कार्य करती है।



मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन पूजन करते सपा कार्यकर्ता

# त्योहारों के दौरान सुरक्षा को लेकर डीजीपी ने पुलिस अफसरों के साथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग




### ● माफियाओं के खिलाफ अभियान, अपराध नियंत्रण व महिला सुरक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीजीपी डीएस चौहान ने वरिष्ठ पुलिस अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने यातायात प्रबंधन, अपराध एवं कानून-व्यवस्था, मादक पदार्थों व शराब के तस्करों, बड़े माफियाओं, महिला सुरक्षा सहित अन्य कई बिन्दुओं की भी समीक्षा की। वीडियो कांफेंसिंग के दौरान पुलिस मुख्यालय पर एडीजी कानून-व्यवस्था, अपराध, अभियोजन, रेलवे, यातायात भी मौजूद रहे। वहीं वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जोन के एडीजी और रेंज के आईजी, चारों पुलिस कमिश्नर भी जुड़े थे।

डीजीपी ने जनपद कानपुर आउटर में हुई ट्रैक्टर ट्राली की दुर्घटना में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य कर स्थिति को नियंत्रित करने की सराहना की तथा कानून व्यवस्था की चुनौती में जनपदों में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की भी सराहना की। वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के दौरान समस्त एडीजी जोन एवं पुलिस आयुक्तों ने आगामी त्योहारों के संबंध में किए गए पुलिस प्रबंध के सम्बंध में डीजीपी को जानकारी दी। डीजीपी ने त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने एवं माफियाओं,अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए अपनी महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं से पुलिस अफसरों को अवगत कराया। डीजीपी ने निर्देश दिए कि विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूसों के मार्ग व समय इत्यादि का वरिष्ठ अधिकारी पूर्ण अध्ययन कर लें एवं उन्हें सकुशल सम्पन्न कराएं। मार्ग की संवेदनशीलता का समुचित अध्ययन कर तदोपरांत ड्यूटी लगाएं। एडीजी जोन, आईजी रेंज स्वयं पुलिस बंदोबस्त का अध्ययन करें। अध्ययन करते समय यह सुनिश्चित करें कि जुलूस में पर्याप्त संख्या में फोर्स लगाई जाए एवं आवश्यकतानुसार वरिष्ठ अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए। ग्राउंड पर लगाई गई ड्यूटियों को एडीजी जोन, आईजी रेंज स्वयं चेक करें। ड्यूटी लगाने में समुचित कम्युनिकेशन प्लान तैयार किया जाए। पुतला दहन के स्थान की भौगोलिक स्थिति का अध्ययन किया जाए और वहां पर समुचित एंट्री एवं एक्जिट प्वाइंट का प्रावधान हो । पुतलों में विस्फ ोटक पदार्थ का इस्तेमाल न हो। रेलवे लाइन के निकट पुतला दहन स्थानें पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। पुतले के ऊपर बिजली के तार न हों। महिलाओं, बच्चों के लिये पृथक स्थान की व्यवस्था करायी जाए। गम्भीर घटनाओं में वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई कराएं। घटनाओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी कर समय से मुख्यालय को अवगत कराया जाए।

**तस्करों व माफियाओं के खिलाफ की जाए कठोर कार्रवाई:** वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी ने मादक पदार्थों, शराब तस्करों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया इन सभी के खिलाफ गुणवत्तापूर्वक कठोर कार्रवाई की जाए। जेल में बंद माफि याओं की सूची बनाकर उनकी निगरानी कराते हुए कार्रवाई कराई जाए। सोशल मीडिया पर अफ वाहों का खण्डन कराया जाए एवं अफ वाह फैलाने वालों को थाने पर बुलाकर जानकारी प्राप्त की जाए एवं उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। अपराध. हत्या की घटनाओं में प्रिवेंटिव कार्रवाई कराते हुए रंजिश के कारणों का निवारण कराया जाए। प्रासिक्यूशन ब्रांच से समन्वय स्थापित करें एवं माफि याओं को सजा दिलाई जाए।

**यातायात प्रबंधन पर दिया जाए विशेष ध्यान:** डीजीपी ने कहा कि त्योहारों में यातायात प्रबन्धन पर विशेष ध्यान दिया जाये । यातायात व्यवस्था सामान्य होने तक लगातार पेट्रोलिंग की जाए एवं पुलिस व्यवस्था बनी रहे। ट्रैक्टर ट्राली धारकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए एवं उन्हें सवारी ढोने के लिए इस्तेमाल न करने को प्रेरित किया जाए।

# राज्यपाल ने दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व पर दी बधाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने दुर्गा पूजा एवं विजयादशमी (दशहरा) पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि यह त्यौहार हमें नैतिकता, अच्छाई और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर्व को सभी लोगों को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों का परित्याग करना चाहिए।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी। भूपेन्द्र सिंह ने विजयादशमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी पर्व हमें मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्री राम के द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा दशहरा का पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य की तथा अन्याय पर न्याय की विजय का सन्देश देता है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेशवासी सदैव की भांति महापर्व को स्वच्छता, सदभावना, उमंग व उत्साह के साथ मनाते हुए आध्यात्मिकता का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी मर्यादा, धर्म, नीति, नैतिकता, आदर्श व सत्य की जय के महापर्व पर सत्य व धर्म के शास्वत मार्ग पर मर्यादा को लेकर आगे बढ़े और सभी के मंगल की कामना से देश व प्रदेश की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

### कांग्रेस नेताओं ने दी दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने विजयदशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी जीवन की कामना की है। शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय एवं असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। कांग्रेस नेताओं ने समस्त प्रदेशवासियों से इस पवित्र पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए एक बार पुन: उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की है।

# सदन में न बोलने वाले विधायकों के लिए आयोजित होगा एक दिन का विशेष सत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महिला** विधायकों के लिए एक दिन का विशेष सत्र आयोजित कर इतिहास रचने वाले यूपी विधानमंडल में एक और नई पहल होने जा रही है। ऐसे विधायक जिन्होंने 18वीं विधानसभा के बजट सत्र से लेकर मानसून सत्र तक चुप्पी साधे रखी, उनकी चुप्पी तोड़ने के लिए विधानसभा में एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ऐसे सभी विधायकों का ब्योरा मांगा है जो दोनों सत्रों में एक बार भी अपनी बात नहीं रख सके हैं। ऐसे विधायकों के लिए शीतकालीन सत्र में एक विशेष सत्र रखा जाएगा। विधानसभा के सूत्रों के मुताबिक सत्ता पक्ष व विपक्ष के 100 से अधिक ऐसे विधायक हैं जिन्हें सदन में या तो बोलने का अवसर नहीं मिला या उन्होंने प्रयास ही नहीं किया। महाना का कहना है कि ऐसे विधायकों को अवसर देने के लिए ही नई पहल की जा रही है।

# प्रदेश में पांच और मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की होगी स्थापना

### ● रायबरेली, गोरखपुर, बरेली, प्रयागराज और लखनऊ में होगी स्थापना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वयं** सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुंदेलखंड में संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता और काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के प्रति महिला किसानों के सकारात्मक रुझान को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दूध के उत्पादन को बढ़ाने के लिए महिला सामर्थ्य योजना की शुरुआत की है। इसके लिये 200 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इससे जहां एक ओर प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। इस योजना के तहत रायबरेली, गोरखपुर, बरेली, प्रयागराज और लखनऊ में पांच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना का लक्ष्य है। इन सात कंपनियों बलिनी और काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी समेत अगले पांच वर्षों में रोजाना करीब 15 लाख लीटर दूध के संकलन का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में तकनीकी सहायता के लिए राज्य के ग्रामीण आजीविका मिशन ने राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की अनुसंगी संस्था एनडीडीबी डेरी सर्विसेस के साथ अनुबंधन किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक भानुचन्द्र गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश के रायबरेली और गोरखपुर में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना हो चुकी है। वहीं बरेली में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रारम्भिक कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि रायबरेली में स्थापित सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी और गोरखपुर में स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के फरवरी में संचालन के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन दोनों कंपनियों के शुरू होने से रायबरेली के आस पास के 7 जिलों रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, फतेहपुर, कानपुर नगर और प्रतापगढ़ और गोरखपुर के आस-पास के 4 जिलों गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया और कुशीनगर के 1 लाख से अधिक महिला किसानों को संगठित दूध व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। निदेशक ने बताया कि बरेली में स्थापित होने वाली मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के आस पास के 6 जिलों बरेली, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के 40 हज़ार से अधिक महिला किसान लाभान्वित होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रयागराज और लखनऊ के आस-पास के जिलों को इस योजना से जोड़ने के लिए एनडीडीबी डेरी सर्विसेस से डीपीआर के लिए अनुरोध किया गया है और दिसंबर तक इसके लिए स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। इन 5 नयी कंपनियों के साथ-साथ पूर्व में निगमित 2 कंपनियां मिल कर अगले पांच वर्षों में रोजाना करीब 15 लाख लीटर दूध का संकलन करेंगी। इससे जहां प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर होंगी, वहीं इससे प्रदेश की आय में वृद्धि होगी।

# मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा

### ● एसटीएफ ने दो अभियुक्तों को मड़ियांव इलाके से दबोचा, 7000 लीटर विषैला पदार्थ बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैला पदार्थ तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक टैंकर मय सात हजार लीटर मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैला पदार्थ बरामद हुआ।

प्रदेश शासन ने यूपी में अवैध मिथाइल एल्कोहल की तस्करी की रोकथाम के लिए एसटीएफ को निर्देशित किया गया था। शासन ने निर्देशित किया था कि विशेष अभियान चलाकर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। निर्देशों के क्रम में एसटीएफ की विभिन्न टीमें छानबीन में जुटी हुई थीं। छानबीन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि अवैध एल्कोहल से लदा एक कैंटर दिल्ली से आईआईएम रोड पर कैरियर डेन्टल कालेज, घैला के पास आने वाला है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर कैंटर को रोककर धरपकड़ की। कैंटर में 35 ड्रम मिक्स सालवेंट भरा हुआ पाया गया। जिसके संबंध में कागजात मांगने पर कैंटर पर सवार अभियुक्तों द्वारा मिक्स साल्वेंट का पेपर दिखाया गया। आबकारी निरीक्षक के सहयोग से ड्रम को खोलकर चेक किया गया तो मिक्स साल्वेंट से भिन्न तीक्ष्ण अल्कोहल पाया गया। जिसके उपरान्त मौके पर आबकारी निरीक्षक द्वारा नमूना लेकर क्षेत्रीय आबकारी प्रयोगशाला भेजा गया। प्रयोगशाला रिपोर्ट में मिथाइल एल्कोहल की पुष्टि होने पर दोनों अभियुक्तों अंकित साहू निवासी बजरंग बिहार, बुद्धेश्वर, पारा, लखनऊ और आशीष सोनी निवासी मानसरोवर योजना, लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ के अनुसार सात हजार लीटर मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैला पदार्थ बरामद हुआ है। एसटीएफ और आबकारी विभाग की संयुक्त पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया गया कि दिल्ली जीएसटी कागजात पर बिना वैध लाइसेंन्स के मिक्स साल्वेंट के नाम पर मिथाइल एल्कोहल लाकर जनपद लखनऊ के आसपास के पेंट की दुकानों पर थिनर के नाम से बेचते थे।

### खाबरी व कांग्रेस के सभी 6 प्रांतीय अध्यक्ष 8 अक्टूबर को संभालेंगे कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बृजलाल खाबरी तथा अन्य छह प्रांतीय अध्यक्ष आठ अक्टूबर को लखनऊ में अपना कार्यभार संभालेंगे। माल एवेन्यु में कांग्रेस के दफ्तर ने इनके कक्ष को तैयार किया जा रहा है। बृजलाल खाबरी के साथ ही छह प्रांतीय अध्यक्षों के नामों की घोषणा एक अक्टूबर को की गई थी। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष व सभी प्रांतीय अध्यक्षों के कार्यभार संभालने के बाद पार्टी की ओर से राजनीतिक कार्यक्रम जारी किए जाएंगे। इनमें प्रमुख से संगठन को विस्तार देने की दिशा में प्रयास करते हुए नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम प्रमुखता से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस हाईकमान ने बृजलाल खाबरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, योगेश दीक्षित, नकुल दुबे, अनिल यादव और विधायक वीरेंद्र चौधरी को प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# गोरखपुर में और तेज होगी औद्योगिक विकास की रफ्तार

## आकार ले रही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की कार्ययोजना

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



**गोरखपुर** आने वाले समय में इंडस्ट्रियल हब बनने के रूप में प्रतिष्ठित होने की दिशा में बढ़ चला है। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा की कार्ययोजना और उसके मुताबिक जारी गतिविधियां इसकी तस्दीक करती हैं। गीडा के वर्तमान औद्योगिक क्षेत्र में तेजी से बिछ रहे उद्योगों के संजाल ले साथ ही औद्योगिक विकास की गतिविधियों बढ़ाने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी आकार लेने लगी है।

इनमें सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल बताते हैं कि इस टाउनशिप को धुरियापार क्षेत्र के 18 ग्रामों में अधिसूचित 8385 एकड़ भूमि के दायरे में बसाया जाएगा। इसके लिए मेसर्स आरईपीएल द्वारा तैयार किया जा रहा मास्टर प्लान अंतिम चरण में है। फाइनल मास्टर प्लान के पूर्व प्री ड्राफ्ट का प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के समक्ष हो चुका है। फाइनल मास्टर प्लान में कुल क्षेत्रफल में 37.07 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 20.05 प्रतिशत आवासीय, 13.39 प्रतिशत पीएसपी, 5.81 प्रतिशत व्यावसायिक, 14.50 प्रतिशत हरित-खुला क्षेत्र तथा 9.18 प्रतिशत सड़क व अन्य सुविधाओं के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है। इस ड्राफ्ट को संबंधित विभागों के पास भेजकर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे और सुझावों को समाहित कर मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों समीक्षा बैठक में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए थे। मूर्त रूप में आने के बाद यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप धुरियापार समेत समूचे गोरखपुर दक्षिणांचल के लिए गेम चेंजर साबित होगी। धुरियापार की पहचान अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में रही लेकिन आने वाले दिनों में इसकी ख्याति गोरखपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र के गेटवे के रूप में होगी। बीते पांच सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का रुझान गोरखपुर की तरफ देखते हुए योगी सरकार धुरियापार क्षेत्र को ग्रेटर गीडा बनाने की तैयारी कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही यहां रोजगार की बहार भी बहेगी। उधर गीडा के वर्तमान औद्योगिक क्षेत्र और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बड़े निवेश धरातल पर उतरने लगे हैं। निवेशकों के उत्साह को सरकार की उद्योग मित्रवत नीतियों और गीडा प्रशासन की तत्परता का पूरा साथ मिल रहा है। गीडा औद्योगिक सेक्टर 27 में विश्व प्रसिद्ध पेय पदार्थ की कम्पनी पेप्सिको का बॉटलिंग प्लांट लगाने के लिए पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेस को 43.81 एकड़ भूमि आवंटन की प्रक्रिया को एक सप्ताह से भी कम समय में पूरा कर दिया गया। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कहना है कि एक सप्ताह में कम्पनी को भौतिक कब्जा भी प्रदान कर दिया जाएगा। पेप्सिको के इस बॉटलिंग प्लांट पर 1071 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे करीब 1509 लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिक गतिविधियों को पंख लगाने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक गलियारे के ग्राम भगवानपुर में 88 एकड़ क्षेत्रफल में 70 करोड़ रुपये की लागत से प्लास्टिक पार्क की स्थापना होने जा रही है। प्लास्टिक पार्क की स्थापना के लिए भारत सरकार के पेट्रो एवं रसायन मंत्रालय से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। गीडा की तरफ से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है और अगले तीन माह में यहां भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। गीडा के सेक्टर 13 में एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल रेडीमेड गारमेंट के उद्यमियों के लिए 2.68 एकड़ भूमि पर 33.92 करोड़ रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के निर्माण को भी केंद्र सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। इस फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में रेडीमेड गारमेंट की 80 यूनिट लग सकेंगी और 40 मार्केटिंग आउटलेट भी बन सकेंगे।

गीडा में ही रेडीमेड गारमेंट पार्क की भी स्थापना की जा रही है। रेडीमेड गारमेंट पार्क में अब तक 40 उद्यमियों को जमीन भी आवंटित कर दी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि गीडा के स्थापना दिवस 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्लैटेड फैक्ट्री और रेडीमेड गारमेंट पार्क का शिलान्यास करेंगे।

सिधौली में चला अपना दल पार्टी का सदस्यता अभियान

# अपना दल पार्टी का एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्यः आरबी. सिंह

● कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव

● कार्यक्रम में अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव ने मीडिया से किया संवाद

संवाददाता। सिधौली सीतापुर



**एक करोड़** सदस्य बनाने का लक्ष्य अपना दल पार्टी द्वारा रखा गया है जिसको हमने लगभग प्राप्त कर लिया है। प्रदेश की सभी विधानसभाओं में सदस्यता अभियान चलाकर जोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आज अपना दल तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी है। यह बात सिधौली पहुंचे अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव आर.बी. सिंह ने जिला पंचायत गेस्ट हाउस में मीडिया से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किए है और 2027 के लिए तैयारी में जुट चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के दिशा निर्देश में सीतापुर जिले में पूजा सिंह वर्मा और जिला अध्यक्ष जय प्रकाश पटेल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया है जिसमे बहुत से लोग पार्टी से जुड़े है और आगे भी लोग जुड़ते रहेगें। मीडिया द्वारा पूंछे गए अनुप्रिया पटेल को मुख्यमंत्री के रूप में देखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी उनका लक्ष्य पार्टी को मजबूत करना है, पार्टी का हर सदस्य चाहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल मुख्यमंत्री बने। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पूजा सिंह वर्मा, जयप्रकाश पटेल, लालता सिंह चौहान, सच्चिदानंद विधानसभा अध्यक्ष, आरती गौतम, राधेश्याम जयसवाल, रामसनेही गुप्ता, दिनेश लोधी, ओमप्रकाश लोधी, भाई लाल यादव, राजू, विजय गुप्ता, राजेश द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, राजेंद्र पासवान, कौशल किशोर, प्यारेलाल मोरिया, मुनीर, महेंद्र पाल, विनोद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## माता के जगराता में रात भर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता। जहांगीराबाद सीतापुर



सुन्दर मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोहा    पायनियर

**विगत** नौ दिनों से क्षेत्र में चल रहे दुर्गा महोत्सवों में अन्तिम दिनों में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। निकटवर्ती देवरिया खुर्द गांव में हो रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार को मातारानी का भव्य जगराता हुआ जिसमें लखनऊ से पधारे मोहित जागरण पार्टी के कलाकारों ने देवी भजनों का समा बांध दिया। मां के भजनों पर पूरी रात श्रद्धालु भक्त झूमते नाचते मातारानी के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर भजनों के बीच पार्टी कलाकारों द्वारा सुन्दर एवं आकर्षक झांकियों काघ् सजीव प्रदर्शन किया गया जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर झांकी में बाल रूपी श्रीकृष्ण का नटखट रूप का प्रदर्शन देख सभी दर्शक आश्चर्य चकित हो गये। सभी ने उसकी भूरि भूरि प्रशंसा की। इस बार आयोजन समिति द्वारा जागरण मंच के निकट ही मातारानी की भव्य विशाल प्रतिमा की स्थापना की गयी है। इस अवसर पर कमेटी के लोगों ने राधा और श्रीकृष्ण के साथ मिलकर जोरदार फूलों कीघ् होलीघ् खेली। मोहित जागरण पार्टी के कलाकारों ने रात भर श्रद्धालुओं से हांथ ऊपर उठवाकर तालियां बजवायीं और झूम झूमघ्करघ् खूबघ् नचाया । मातारानी का जगराता पूरी रात चलता रहा। अलख सुबह तारा रानी की कथा के बाद हलुआ छोला प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक नरेन्द्र कुमार वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, देवेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, शिवम् वर्मा, कुलदीप वर्मा, आशीष वर्मा, रोहित वर्मा,अमित वर्मा , अनिल राजघ्,राजेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुषों और बच्चों ने पूरी रात भजनों का आनन्द लिया। इस अवसर पर भंडारा भी हुआ जिसमें तमाम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कमलापुर में दशहरा मेले का धूमधाम से हुआ आयोजन

**कसमंडा सीतापुर।** विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी कसमण्डा राजपरिवार द्वारा कमलापुर मे दशहरा मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमे रामलीला मंचन के साथ रावण दहेन भी हुआ पुरानी परम्परा के अनुसार कसमण्डा स्टेट के बड़े राजा दिब्यकर प्रताप सिंह व राजकुमार दिनकर प्रताप सिंह ने महेल मे जनता दरबार लगाकर अपनी प्रजा से मुलाकात करके भारी पुलिस बल की सुरच्छा ब्यवस्था के बीच मित्र भवन कसमण्डा पायलेश से निकल कर अपने पूर्वजो द्वारा बनवाए गए सुप्रसिद्ध प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया उसके उपरान्त मेले मे पहुंचकर रामलीला देखी और कलाकारो को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया इस मौकेपर प्रभारी निरीक्षक थाना कमलापुर राज करन शर्मा, उपनिरीक्षक शुरेन्द्र बहादुर सिंह, आरछी आकाश बाबू , मधुकर पाण्डेय,मोहम्मद तालिब, बेद सिंह, पिन्टू मिश्रा,अरविंद पाण्डेय,नवीन कुमार शुक्ला,अनुपम सिंह, किसान नेता धीरज सिंह आदि सैकणो की संख्या मे समर्थक मौजूद रहे।

## 11 अक्टूबर को आयुर्वेद भाषण प्रतियोगिता होगी आयोजित

संवाददाता। श्रावस्ती

**आयुर्वेद** के प्रवर्तक माने जाने वाले भगवान धनवंतरि की जयंती 23 अक्तूबर को मनायी जायेगी जिसके उपलक्ष्य में प्रदेश भर में आयुर्वेद पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अर्न्तगत 11 अक्टूबर को जनपद स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मण्डल व राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में 14 आयुर्वेदिक व 1 यूनानी अस्पताल स्थित हैं।जिनके द्वारा 12 से 23 अक्तूबर तक हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। जिसके तहत हर सप्ताह में विभिन्न लोगों को चिकित्साधिकारी, फार्मेसिस्ट तथा योग प्रशिक्षक द्वारा आयुर्वेद व योग के सम्बंध में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीसरे सप्ताह में जनपद के समस्त सरकारी, वित्त पोषित एवं निजी इण्टर कॉलेज के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को इस भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जायेगा। भाषण का विषय मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम तीन मिनट का समय दिया जायेगा जिसमें हर कॉलेज से कक्षा 9 से 12 तक के केवल तीन छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे। जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा साथ ही दो प्रतिभागी को सांत्वना पुरूस्कार दिया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100, द्वितीय स्थान पाने वाले को 2100, तृतीय को 1100 तथा दो सांत्वना पुरूस्कार पाने वाले को 501 रुपये दिये जायेंगे।

## लंपी वायरस से ग्रसित गौवंश की सेवा में जुटा सिपाही शिवराम



संवाददाता। कोंच (जालौन)।

**कोतवाली** की भेंड़ चौकी में तैनात जांबाज सिपाही शिवराम फौजी ने एक गाय में लंपी वायरस के लक्षण देखे तो उसकी सेवा में जुट गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पशु चिकित्सक को दी और रोग के बारे में डॉक्टर से जानकारी लेकर वह खुद ही गाय के उपचार में जुट गए। डॉक्टर की मदद से उस गाय का टीकाकरण कराया। एक जगह पर गाय घायल भी थी जिसका सिपाही शिवराम ने मरहम पट्टी कर मानवता की मिसाल पेश की है। इस संबंध में सिपाही शिवराम ने बताया कि वह पुलिस विभाग से पहले फौज में था जहां वह देश की रक्षा करता था। वहां पर कोई भी जानवरों की देखरेख के लिए नहीं होता था तो फौजी लोग मिलकर जानवरों की देखभाल करते थे। तभी से वह लोग पशुओं की सेवा करते आ रहे हैं। बचपन से ही पशु सेवा में उनकी रुचि रही है।

## गोला विस उपचुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● डीएम ने निष्पक्ष व सकुशल चुनाव को लेकर सभी दलों से मांगा सहयोग

**मंगलवार** को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरणनाथ के उपनिर्वाचन विभाग 2022 के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की, जरूरी निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विधानसभा गोला गोकरननाथ उप निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न संपन्न कराने में सभी राजनीतिक दलों का अपेक्षित सहयोग मांगा। उपनिर्वाचन में मा. भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। विधानसभा 139-गोला गोकरननाथ उपनिर्वाचन की अधिसूचना 07 अक्टूबर 2022 (शुक्रवार) को जारी होगी। नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 14 अक्टूबर (शुक्रवार) है। नाम निर्देशनों की जाँच 15 अक्टूबर (शनिवार) को होगी। नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक-17 अक्टूबर (सोमवार) है। मतदान 03 नवंबर (बृहस्पतिवार) को एवं मतगणना 06 नवंबर (रविवार) को होगी। वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा-08 नवंबर (मंगलवार) है।

उन्होंने बताया कि 139-गोला गोकरननाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2022 हेतु अभ्यथियों के नामांकन, नाम निर्देशनों की जाँच, नाम वापसी, प्रतीक आवंटन का कार्य सम्बन्धित विधानसभा के रिटर्निग आफिसर द्वारा सम्बन्धित कार्यालय में किया जायेगा। विधानसभा 139-गोला गोकरननाथ के रिटर्निंग आफिसर अनुराग सिंह , उप जिलाधिकारी, गोला गोकरननाथ (मोबाइल नं.-9454416569) है। वही नामांकन स्थल न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), कलेक्ट्रेट परिसर, खीरी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त करनी है, तो अपने रिटर्निंग अधिकारी, एडीएम, सीडीओ या उनसे कभी भी कर सकते हैं। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह व एडीएम संजय सिंह ने विस गोला गोकरणनाथ उपनिर्वाचन 2022 के सभी कायदे कानून बताएं।

बैठक के उपरांत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अफसरों की मौजूदगी में जिला निर्वाचन कार्यालय में माननीय भारत निर्वाचन आयोग से नामित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियर की निगरानी में चल रही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का भी अवलोकन किया।

बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी अरुण सिंह, रिटर्निंग अधिकारी/एसडीएम गोला अनुराग सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता व प्रदीप कुमार चौधरी, एडीआईओ नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क पर उतरी पुलिस, लड़कों-लड़कियों से की पूछताछ

● महिला अपराध रोंकने को लेकर चला एंटी रोमियो अभियान

ऐलिया पुलिस ने काजीकमलापुर चौराहे पर की बालिकाओं से पूछताछ

**सीतापुर।** प्रदेश की योगी सरकार महिला अपराध पर रोंक लगाए जाने को लेकर फिक्रमंद है, सीतापुर पुलिस भी ऐसी कोई महिलाओं, छात्राओं के साथ घटना न होने पाए, जिसको लेकर ऐलिया थाने की पुलिस ने एंटी रोमियों अभियान चलाया। अभियान में बालिकाओं से पुलिस ने पूंछताछ की, वहीं दूसरी तरफ घूम रहे लड़कों के पुलिस ने नाम नोट किए और कोई समस्या न होने की भी जानकारी ली। आपको बता दें कि यह अभियान बढ़ती घटनाओं को रोंकने के लिए महिला सुरक्षा को लेकर चलाया गया है। अभियान के दौरान हेड कांस्टेबल नवल सिंह, महिला आरक्षी दीक्षा रानी, शिवांगी यादव सड़क पर घूम रहे लड़कों से पूछताछ कर उनके नाम नोट करने के साथ लड़कियों से पूछताछ की। कहा कि आप लोगों को कोई समस्या तो नहीं है, कोई परेशान तो नहीं कर रहा है।

### पराली जलाने को लेकर प्रशासन सख्त

**मोहम्मदी-खीरी।** उपजिलाधिकारी ने बताया की पराली जलाना मना है प्रदूषण को रोकने के लिए एनजीटी और सरकार द्वारा इसे मना किया गया है। इसके बावजूद भी कुछ किसान इसे जला रहे है। जिससे प्रदूषण भी हो रहा है इसके लिए कृषि पुलिस और राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि की टीम गठित की गई है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार की टीम गठित किया गया है। आज औचक निरीक्षण किया गया जिसमे गांव दुल्हापुर में बलवीर सिंह और पड़री गांव में बलजीत सिंह खेत में पराली जलाते पाए गए। इनके खिलाफ संबंधित धारा में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। अर्थदंड लगाया गया इनके खिलाफ अर्थदंड लगाया गया है। उन्होंने किसानों से अपील है की पराली न जलाए नही तो एफ आई आर दर्ज होगी और अर्थ दंड भी वसूला जाएगा। सभी प्रधान लेखपाल सचिव कृषि विभाग के कर्मचारी आदि गांव में बैठक करे कोई भी पराली जलाए तो मेरे मोबाइल नमबर 9454416568 पर जानकारी दे सकते है नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### अफसरों संग मंडी पहुंचे डीएम, देखा स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचे, जहां उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरननाथ के उप निर्वाचन 2022 की तैयारियों के संबंध में स्थलीय भ्रमण कर स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल देखा। डीएम ने मतगणना स्थल की तैयारियों एवं स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था पर अफसरों संग मंथन किया। डीएम ने ईवीएम को रखने के लिए विधानसभा के स्ट्रांग रूम एवं उसके अंदर ईवीएम के रखने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी 139 गोला गोकरननाथ/ एसडीएम गोला अनुराग सिंह सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुर्वेद विषय पर वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ कायक्रम

● जीवेम शरदः शतम सूत्र को धारण करने का किया संकल्प।

● हर दिन हर घर आयुर्वेद चला कार्यक्रम

**लखीमपुर-खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में आयुर्वेद दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पूरे जिले के आयुर्वेदिक अस्पतालों द्वारा चलाये जा रहे, हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अन्तर्गत इस सप्ताह वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर आयुर्वेद से चिकित्सा एवं बढ़ती उम्र में शरीर में होने रोगों से बचने के लिए आयुर्वेद में कई उपचार विधियां हैं जिसमें, जड़ी-बूटियां, दिनचर्या, ऋतु चर्या योग प्राणायाम को अपना कर जीवेम शरद शतम स्वस्थ रह सकते हैं । इसी विषय को लेकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के डॉ.हरबंश कुमार द्वारा वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों (बुजुर्गों) के बीच आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही आयुर्वेद से दीर्घायु होने के प्रति जागरूक करते हुए च्वनप्राश वितरण के साथ आँवला, अश्वगंधा की उपयोगिता एवं उसको खाने के तरीके के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, भृत्य रमाशंकर श्रीवास्तव, वृद्धाश्रम प्रभारी के पंकज सिंह सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

### स्विफ्ट कार से दो बकरियां चुरा ले गये चोर

**कोंच( जालौन )।** नगर के मोहल्ला तिलक नगर से दो बकरियों के चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस चोरी में खास बात यह है कि करीब 4 की संख्या में आए चोरों ने स्विफ्ट कार का उपयोग बकरियां चुराने में किया और बकरियों के मालिक ने चोरों का पीछा भी किया लेकिन वे भागने में कामयाब रहे। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला तिलक नगर नरिया निवासी कमलसिंह पुत्र कढ़ोरेलाल कुशवाहा ने बकरियां पाल रखीं हैं। सोमवार की शाम रोज की तरह उसने अपनी दोनों बकरियां बाड़े में बांधी थी। रात लगभग 2 बजे उसे बकरियों की मिमियाहट सुनाई दी तो उसकी आंख खुल गई। उसने बाड़े की झांक कर देखा तो चोर उसकी बकरियों को स्विफ्ट कार में ठूंस रहे थे। कमल ने चिल्लाते हुए चोरों का पीछा किया लेकिन तब तक वे भाग चुके थे। कमल ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की है।

## पेज एक का शेष

### बर्फीले तूफान...

पर्वतारोहियों और सात प्रशिक्षकों का एक दल शिखर से वापस लौट रहा था। कर्नल बिष्ट ने कहा कि हिमस्खलन के बाद टीम के सदस्य दरारों में फंस गए। उन्होंने कहा कि दस शव देखे गए हैं, जिनमें से चार बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अंधेरे और खराब मौसम के कारण रात में बचाव कार्य रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने बुधवार के अपने सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। बरेली में वायुसेना स्टेशन से सेना का एक एएलएच हेलीकॉप्टर भी बुधवार को सुबह खोज और बचाव अभियान में शामिल होने के लिए मतली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के हेलीपैड पर इंतजार कर रहा है। कर्नल बिष्ट ने कहा कि निम में एक उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के तहत, पर्वतारोहण प्रशिक्षुओं का दल अपने प्रशिक्षकों के साथ अधिक ऊंचाई वाली चोटी पर गया था।

### गुजरात में...

उपचार जारी है। चक्र एक खुला तिपहिया वाहन है, जिसका उपयोग गुजरात के कुछ हिस्सों में माल की ढुलाई और परिवहन के लिए किया जाता है। इस वाहन में मोटरसाइकिल का अगला आधा भाग होता है, जिसके पीछे दो पहिया गाड़ी जुड़ी होती है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले और सभी घायल तिपहिया वाहन में सवार थे। वेकारिया ने कहा कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि तिपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसमें फंसे यात्रियों को निकालने के लिए दमकल विभाग की टीम बुलाई गई। उन्होंने कहा कि चालक समेत सात घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा, जान गंवाने वालों में 10 साल और 15 साल के दो लड़के शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर...

प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पहले, केंद्र द्वारा जम्मू कश्मीर के विकास के लिए भेजे जाने वाला सारा पैसा कुछ लोग हड़प लेते थे लेकिन अब एक-एक पाई लोगों के कल्याण पर खर्च की जाती है। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों से जम्मू कश्मीर को इन तीन परिवारों के चंगुल से आजाद कराने और जम्मू कश्मीर की बेहतरी एवं कल्याण के लिए मोदी के हाथों को मजबूत बनाने की अपील करना चाहता हूं। हालांकि शाह ने तीन परिवारों का नाम नहीं लिया। शाह ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के कारण जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है।

### जजों की...

बजे तक चली। कॉलेजियम में अन्य सदस्य जस्टिस संजय किशन कौल, अब्दुल नज़ीर और केएम जोसेफ हैं। मुख्य न्यायाधीश की चिट्ठी 1 अक्टूबर को लिखी गई है। बार एंड बेंच ने एक सूत्र के हवाले से दावा किया कि मुख्य न्यायाधीश ने 1 अक्टूबर को कॉलेजियम के सभी जजों को पत्र भेजा था, लेकिन दो जजों ने अपनी सहमति देने से इनकार कर दिया।

### एलजी ने...

घोटाला किया गया है, जिन्हें केजरीवाल सरकार द्वारा अनिल अंबानी ग्रुप के स्वामित्व वाली बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। इन निजी डिस्कॉम्स में दिल्ली सरकार के 49 फीसदी शेयर हैं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि आप% सरकार ने सरकारी बिजली उत्पादन कंपनियों से खरीदी गई बिजली के लिए बीएसईएस डिस्कॉम पर कथित रूप से बकाया 21,200 करोड़ रुपये की वसूली के बजाय उन्हें सब्सिडी प्रतिपूर्ति के माध्यम से अपने बकाया का निपटान करने की अनुमति दी। यह भी आरोप लगाया गया है कि इन निजी बिजली वितरण कंपनियों को उपभोक्ताओं से 18 प्रतिशत की दर से लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) चार्ज वसूल करने की अनुमति दी गई थी जबकि उन्होंने खुद सरकार की बिजली उत्पादन कंपनियों को 12 प्रतिशत एलपीएससी का भुगतान किया था। ऐसा करके राज्य के खजाने की कीमत बीएसईएस और बीवाईपीएल को 8,500 करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभ प्रदान किया गया। इस बीच केजरीवाल ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि केंद्र सरकार हर चीज पर इतना टैक्स लगा दिया गया और इतनी ज्यादा महंगाई कर दी। लोगों का खून चूस रहे हैं। ऐसे में अगर वह लोगों की बिजली मुफ्त करके उन्हें थोड़ी राहत देते है तो वो भी उनसे बर्दाश्त नहीं होता।

### जम्मू-कश्मीर...

कहा कि ये आतंकवादी समूह बेशर्मी से सब कुछ और किसी भी चीज की जिम्मेदारी ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है जो किसी आतंकवादी समूह के शामिल होने का इशारा करता हो। यदि जांच के दौरान ऐसी कोई बात सामने आती है तो हम इस पर गौर करेंगे। पुलिस प्रमुख ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार देते हुए कहा कि बल को घटनास्थल से प्रासंगिक सुराग मिले हैं जो संकेत देते हैं कि आरोपी का आक्रामक व्यवहार का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने तब कमरे को अंदर से बंद कर दिया था जब डीजीपी अपने पैर पर बाम लगा रहे थे। हत्यारे ने लोहिया को दम घोंटकर मार डाला और टूटी बोतल से उनका गला रेत दिया। बाद में तकिया जलाकर शव को आग लगाने की कोशिश की। एडीजीपी ने कहा कि अधिकारी के आवास पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उनके कमरे के अंदर आग देखी तो दरवाजा तोड़ दिया। लोहिया को अगस्त में पदोन्नत करके केंद्र शासित प्रदेश में कारागार महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। वह कुछ दिन पहले ही अपने दोस्त के घर स्थानांतरित हुए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने आरोपी की डायरी के कुछ पन्ने साझा करते हुए कहा कि स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वाला लोहार परोक्ष तौर पर अपनी जिंदगी से तंग आ चुका था। घरेलू सहायक ने अपनी डायरी में लिखा कि वह 99 प्रतिशत दुखी है लेकिन उसके चेहरे पर 100 प्रतिशत नकली मुस्कान है।

### चुनावी घोषणाओं...

संकेत मिलना चाहिए कि वादों की पारदर्शिता, समानता और विश्वसनीयता के हित में यह पता लगना चाहिए कि किस तरह और किस माध्यम से वित्तीय आवश्यकता पूरी की जाएगी। आयोग के आदर्श चुनाव संहिता में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार चुनाव घोषणा पत्रों में चुनावी वादों का औचित्य दिखना चाहिए। आयोग ने यह पत्र ऐसे समय में लिखा है, जब कुछ दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री ने रेवड़ी संस्कृति का उल्लेख करते हुए कुछ राजनीतिक दलों पर कटाक्ष किया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दलों के बीच इसे लेकर वाद-विवाद आरंभ हो गया था। राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों की घोषणा संबंधी प्रस्तावित प्रारूप में तथ्यों को तुलना योग्य बनाने वाली जानकारी की प्रकृति में मानकीकरण लाने का प्रयास किया गया है। प्रस्तावित प्रारूप में वादों के वित्तीय निहितार्थ और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की घोषणा करना अनिवार्य है। सुधार के प्रस्ताव के जरिए, निर्वाचन आयोग का मकसद मतदाताओं को घोषणापत्र में चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में सूचित करने के साथ ही यह भी अवगत कराना है कि क्या वे राज्य या केंद्र सरकार की वित्तीय क्षमता के भीतर हैं या नहीं। आयोग ने चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों से जुड़ी वित्तीय आवश्यकता का विवरण देने के लिए राजनीतिक दलों के लिए एक प्रारूप भी प्रस्तावित किया है। उसने कहा है कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर यदि राजनीतिक दलों का जवाब नहीं आता है, तो यह मान लिया जाएगा कि उनके पास इस विषय पर कहने के लिए कुछ विशेष नहीं है। आयोग ने कहा है कि निर्धारित प्रारूप, सूचना की प्रकृति और सूचनाओं की तुलना के लिए मानकीकरण हेतु आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि किए गए वादों के वित्तीय प्रभाव पर पर्याप्त सूचना मिल जाने से मतदाता विकल्प चुन सकेंगे। आयोग ने यह भी कहा कि वह चुनावी वादों पर अपर्याप्त सूचना और वित्तीय स्थिति पर अवांछित प्रभाव की अनदेखी नहीं कर सकता। आयोग ने कहा कि ज्यादातर राजनीतिक दल चुनावी घोषणाओं का ब्योरा समय पर उसे उपलब्ध नहीं कराते।

### रूसी हैकर...

थे। इस मामले में वह अन्य आरोपियों के साथ मिले थे। जांच में संकेत मिला कि शार्गिन ने कथित रूप से आईलियॉन सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ की थी। इस सॉफ्टवेयर पर जेईई (मुख्य)-2021 परीक्षा आयोजित की गई थी। अधिकारियों के अनुसार शार्गिन ने परीक्षा के दौरान संदिग्ध अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर प्रणालियों को हैक करने में अन्य आरोपियों की मदद भी की थी। एजेंसी ने पिछले साल सितंबर में एफिनिटी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और उसके तीन निदेशकों- सिद्धार्थ कृष्ण, विश्वंभर मणि त्रिपाठी और गोविंद वार्ष्णेय के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया।

# कुछ नेता चाहते थे नामांकन वापस लूं: थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने मंगलवार को दावा किया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से कुछ नेताओं ने आग्रह किया था कि वह उनसे (थरूर से) नामांकन वापस लेने के लिए कहें। चुनाव प्रचार के लिए केरल पहुंचे थरूर ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा आग्रह करने वाले नेताओं से कहा कि वह नामांकन वापस लेने के लिए नहीं कहेंगे क्योंकि चुनावी मुकाबले से पार्टी को फायदा होगा। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा, उन्होंने (राहुल ने) मुझे याद दिलाया कि वह पिछले 10 वर्षों से कह रहे हैं कि पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना चाहिए। थरूर ने दावा किया, उन्होंने (राहुल ने) मुझे यह भी बताया कि कुछ लोगों ने उनसे आग्रह किया था कि वह मुझसे नामांकन वापस लेने के लिए कहें। वह ऐसा नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नामांकन वापस नहीं लेना चाहिए और मुकाबले में बने रहना चाहिए। इससे पहले, थरूर ने कहा कि उन्होंने कभी भी पार्टी के

## ● राहुल से आग्रह किया था कि वह मुझसे ऐसा कहें

बड़े नेताओं से समर्थन की उम्मीद नहीं की थी और अब भी नहीं करते हैं, लेकिन उन्हें सभी लोगों के साथ की जरूरत है। थरूर ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सुधाकरन ने सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की है कि वह थरूर के प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे का समर्थन करेंगे। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि वह चुनाव से पीछे हटकर उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहते जो अब तक उनका समर्थन करते आ रहे हैं। मैं पार्टी के बड़े नेताओं से किसी तरह के समर्थन की उम्मीद नहीं कर रहा था और अब भी नहीं कर रहा हूं। वास्तव में, पिछले दिनों मैंने नागपुर, वर्धा और हैदराबाद में पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। कार्यकर्ता मुझसे चुनाव लड़ने और इससे पीछे नहीं हटने के लिए कह रहे हैं। थरूर का कहना था, मैंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि मैं पीछे नहीं हटूंगा। मैं उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं करूंगा जिन्होंने अब तक मेरा समर्थन किया है। मुझ पर उनका जो विश्वास है वही मुझे आगे बढ़ने की ताकत देता है। कांग्रेस सांसद के अनुसार, उनके ज्यादातर समर्थक युवा नेता हैं और पार्टी कार्यकर्ता हैं, हालांकि उन्हें हर किसी के समर्थन की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि क्या सुधाकरन की टिप्पणी उन लोगों को हतोत्साहित करने के लिए है जो उनका समर्थन कर रहे हैं, तो थरूर ने कहा, हो सकता है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं। मैं यह नहीं बता सकता कि लोगों के दिमाग में क्या चल रहा है। मैं सिर्फ एक चीज कहूंगा कि चाहे कोई कुछ गुप्त रूप से कहे या सार्वजनिक रूप से कहे, मतदान गोपनीय है। कोई नहीं जान पाएगा कि किसने किसे वोट दिया। लोग अपनी मर्जी और विश्वास के अनुसार मतदान कर सकते हैं। वे फैसला कर सकते हैं कि वे पार्टी को मजबूत करने और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने की खातिर इसे तैयार करने के लिए किसे चुनना चाहते हैं। थरूर का यह भी कहना था कि सुधाकरन ने संभवत: अपने निजी फैसले और प्राथमिकता के बारे में बताया है और इसमें कुछ गलत भी नहीं है। सुधाकरन किसी को निर्देशित नहीं कर सकते क्योंकि पार्टी की ओर से जारी दिशानिर्देश में स्पष्ट किया गया है कि कोई पदाधिकारी किसी उम्मीदवार का प्रचार नहीं करेगा। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण ने सोमवार को जारी दिशानिर्देश में कहा था कि अध्यक्ष पद के चुनाव में यदि पार्टी का कोई पदाधिकारी किसी उम्मीदवार के पक्ष या विरोध में प्रचार करना चाहता है तो उसे पहले संगठन की जिम्मेदारी छोड़नी होगी। खड़गे और थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार हैं। यदि पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं, तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी।

## बाल ठाकरे के नाम पर 700 स्वास्थ्य क्लीनिक खोलेगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के नाम पर 700 आपला दवाखाना (स्वास्थ्य क्लीनिक) शुरू करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना उनकी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट को दोगुना किया जाएगा। बयान के अनुसार, आपला दवाखाना शुरू करने का मकसद लोगों को उनके घरों के पास स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। राज्य में ऐसे करीब 700 क्लीनिक शुरू किए जाएंगे और सिर्फ मुंबई में ऐसे 227 क्लीनिक होंगे, जिनमें से 50 ने दो अक्टूबर से काम करना शुरू कर दिया है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के असन्न चुनाव के मद्देनजर सरकार द्वारा उठाया गया यह बड़ा कदम है। साथ ही सरकार ने यह घोषणा शिवसेना के दो प्रतिस्पर्धी धड़ों की दशहरा रैली (पांच अक्टूबर) से महज एक दिन पहले की है।



'हर स्टार्ट' प्रोजेक्ट के उद्घाटन के बाद अहमदाबाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल व अन्य नेतागण

# कांग्रेस नेता मोढवाडिया व पूर्व मुख्यमंत्री वाघेला को भ्रष्टाचार मामले में समन जारी

**अहमदाबाद।** गुजरात में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया और पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला ने मंगलवार को कहा कि मेहसाणा की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में गवाह के तौर पर पेश होने के लिए उन्हें समन जारी किया है। भ्रष्टाचार का यह मामला पूर्व गृह मंत्री और सहकारिता नेता विपुल चौधरी के खिलाफ है। दोनों नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें अदालत ने छह अक्टूबर को मामले में गवाह के तौर पर पेश होने के लिए समन जारी किया है। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने फायदे के लिए कानून का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे सत्ताधारी दल द्वारा किए गए प्रयासों का मुकाबला करेंगे और मेहसाणा में विशाल रैली करेंगे।

गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पिछले महीने दूधसागर डेयरी में करीब 800 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में चौधरी को गिरफ्तार किया था। एसीबी के अनुसार वित्तीय अनियमितताओं के समय चौधरी डेयरी के प्रमुख थे। मोढवाडिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने सहकारी नेताओं पर उसके सामने झुकने या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने का दबाव बनाया।

उन्होंने कहा, दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों को अपना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या निदेशक नियुक्त करने का अधिकार है... चौधरी भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं थे, जिस वजह से उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि सहकारिता सदस्यों की है न कि भाजपा की और उसके नेताओं को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, नहीं तो उन्हें रास्ता दिखाया जाएगा। वाघेला ने कहा,सरकारी वकील भाजपा नेताओं की सहायता कर रहे हैं और यह पूरी घटना राजनीति से प्रेरित है और चौधरी के खिलाफ कार्वाई का कोई आधार नहीं है।

## वाघेला का कांग्रेस में हमेशा स्वागत है : वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया

**अहमदाबाद।** गुजरात के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया ने मंगलवार को कहा कि पार्टी में वापसी करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला का हमेशा स्वागत है। भ्रष्टाचार के एक मामले में गवाह के तौर पर पेश होने के लिए जारी समन के बारे में बात करने के लिए वाघेला और मोधवाडिया ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया। गुजरात विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा देने के बाद वाघेला ने 2017 में कांग्रेस छोड़ दी थी। वह करीब दो दशक तक कांग्रेस के साथ रहे थे। यह पूछे जाने पर कि मंच साझा करना वाघेला के पार्टी में वापस आने का संकेत हो सकता है, इस पर मोढवाडिया ने कहा कि वाघेला के लिए कांग्रेस में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त है और इस बाबत उन्हें और पार्टी आलाकमान को फैसला करना है। वहीं, इस संबंध में पूछे जाने पर वाघेल ने कहा कि मोढवाडिया ने जो कहा वह सही है। गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री वाघेला ने पिछले साल फरवरी में कहा था कि उन्हें भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस में शामिल होने में कोई दिक्कत नहीं है।

# सचिन पायलट ने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से भेंट की

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** में राजनीतिक संकट की पृष्ठभूमि में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार की रात खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के सिविल लाइंस स्थित आवास पर मुलाकात की। राज्य में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य में जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान अशोक गहलोत खेमे में गए खाचरियावास ने मंगलवार को कहा कि पायलट के साथ बातचीत कोई नई बात नहीं थी। हालांकि उन्होंने दोनों के बीच हुई बातचीत के बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। गौरतलब है कि खाचरियावास जुलाई 2020 से पहले पायलट खेमे में हुआ करते थे। खाचरियावास ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी मुलाकात की। गहलोत द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव का नामांकन भरने के मामले में राज्य में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माने जाने वाले पायलट सोमवार की रात खाचरियावास के आवास पर गए थे। सूत्रों के अनुसार, दोनों की यह मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली।

बैठक को लेकर पायलट की ओर से कोई बयान नहीं आया। खाचरियावास ने सोमवार को सचिवालय में संवाददाताओं से कहा कि पायलट के साथ बातचीत करना कोई नई बात नहीं है क्योंकि वह और पायलट विधानसभा में एक ही बेंच पर बैठते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद यह मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा, अगर हम बात करें तो यह कोई नई बात नहीं है। हम विधानसभा में बात करते रहते हैं। अगर पायलट साहब मेरे घर आएंगे तो जाहिर है हम भजन कीर्तन करेंगे नहीं... सारी बातें करेंगे। हमने हर चीज के बारे में बात की और हमने जो बात की वह यहां साझा करने लायक नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से मिला हूं, मैं मंत्री हूं और उनसे मिलना-जुलना भी होता रहता है।

वहीं दूसरी ओर राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा पायलट के आवास पर पहुंचे और बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि खाचरियावास का दिल पायलट के साथ है। पायलट के निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में गुढा ने कहा, मैं प्रताप सिंह खाचरियावास को लंबे समय से जानता हूं। वह मिलनसार व्यक्ति हैं। उनका दिल पायलट के साथ है। गुढ़ा का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें वह लोगों से यह कहते हुए दिख रहे हैं कि पायलट की छवि खराब करने की साजिश रची गई थी। उन्होंने पायलट के धैर्य की प्रशंसा करते हुए उनकी तुलना प्राचीन हिंदू महाकाव्य महाभारत के एक योद्धा अभिमन्यु से की। गहलोत के करीबी माने जाने वाले गुढ़ा ने हाल ही में सचिन पायलट के समर्थन में बयान दिया है। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए विभिन्न विभागों के सचिवों की मंगलवार को बैठक की वहीं पायलट ने अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की।

## गुजरातः खेड़ा जिले में गरबा स्थल पर भीड़ ने किया हमला, सात लोग घायल

**भाषा।** खेड़ा

**गुजरात** के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय की भीड़ ने गरबा स्थल पर हमला कर दिया, जिसमें सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि करीब 150 लोगों की भीड़ ने सोमवार रात उंधेला गांव में एक मंदिर परिसर में गरबा कर रहे समूह पर पथराव किया। पुलिस उपाधीक्षक वी. आर. बाजपेई ने बताया कि मातर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने 13 लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। बाजपेई ने संवाददाताओं से कहा, गांव के सरपंच ने एक मंदिर में गरबा का आयोजन किया था। मुस्लिम समुदाय की भीड़ ने इसे रोकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भीड़ ने पथराव भी किया। ग्राम रक्षक दल (जीआरडी) के एक जवान और एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम सात लोग घायल हो गए। इससे पहले, खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा था कि आरिफ और जहीर नामक व्यक्ति के नेतृत्व में एक समूह नवरात्रि गरबा स्थल में घुस गया और हंगामा कर दिया।


पटियाला में दशहरा पर्व के लिए रावन का पुतला बनाकर दुकान पर सजाए हुए विक्रेता।

# मराठवाड़ा में खराब रेल नेटवर्क के लिए निजाम शासन जिम्मेदार: रेल राज्यमंत्री

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दानवे ने मंगलवार को यहां कहा कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में अच्छे रेल नेटवर्क का अभाव है क्योंकि एक समय यह निजाम शासन के तहत आता था। उन्होंने रेल बोगी रखरखाव केंद्र की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही। दानवे ने कहा, मराठवाड़ा में खराब रेलवे नेटवर्क का कारण यह है कि यह क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं बल्कि निजाम के अधीन था। निजाम शासन को रेलवे की जरूरत नहीं थी। आजादी से पहले मराठवाड़ा हैदराबाद रियासत का हिस्सा था। भाजपा के नेता दानवे ने आश्वासन दिया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क का विस्तार करेगी।

दानवे के बयान की स्थानीय लोकसभा सदस्य और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता इम्तियाज जलील ने आलोचना की। निजाम शासन 70 साल पहले खत्म हो गया और दानवे अब भी उनका नाम लेकर रोना रो रहे रहे हैं। सरकार ने औरंगाबाद रेलवे स्टेशन को नया रूप देने की घोषणा तो की, लेकिन जब कोई ही ट्रेन नहीं है तो इसका क्या उपयोग है। जलील ने कहा, हम उत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों के लिए और ट्रेनों की घोषणा की उम्मीद कर रहे हैं। दानवे ने यह भी कहा कि एआईएमआईएम से ताल्लुक रखने वाले जलील के साथ उनके अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, और ऐसा लगता है कि वह भाजपा के ही व्यक्ति हैं। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए जलील ने कहा, मैं एआईएमआईएम के साथ हूं और इसके साथ ही रहूंगा। मैं भाजपा में शामिल होने का पाप नहीं करूंगा।

## क्विक न्यूज

### बिहार में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी कोटा अवैध : पटना उच्च न्यायालय

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों के आरक्षण को अवैध बताया। मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति एस कुमार की खंडपीठ ने राज्य चुनाव आयोग को ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को फिर से अधिसूचित करके, उन्हें सामान्य श्रेणी की सीटों में शामिल करके चुनाव कराने का निर्देश दिया। छुट्टी के दिन पारित किए गए इस आदेश से चल रही चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकता है। पहले चरण का मतदान अब से एक सप्ताह से भी कम समय में 10 अक्टूबर को होना था। 29 सितंबर के अपने पिछले आदेश में, अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि फिलहाल चल रही चुनावी प्रक्रिया अदालत के सामने विचाराधीन याचिका के परिणाम के अधीन होगी और अगर राज्य निर्वाचन आयोग कार्यक्रम में परिवर्तन करने की जरूरत समझे, तो कर सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग ने तदनुसार 30 सितंबर को सभी संबंधित जिलाधिकारियों को एक परिपत्र जारी कर कहा था कि प्रथम चरण का मतदान जोकि 10 अक्टूबर को निर्धारित है उसकी निवाचन प्रक्रिया एवं परिणाम पटना उच्च न्यायालय द्वारा समादेश उक्त याचिका में पारित निर्णय से आच्छादित होगा और उक्त आशय की सूचना सभी अभ्यर्थियों को भी दे दिए जाने को कहा था।

### टीआरएस का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति हो सकता है

**हैदराबाद।** तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) किए जाने की संभावना है और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देश भर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि इसे (पार्टी को) राष्ट्रीय ताकत के रूप में उभरने में मदद मिल सके। सत्ताधारी दल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। टीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बुधवार को विजयादशमी के मौके पर पार्टी के लिए नए नाम की घोषणा करने की उम्मीद है। नाम बदलने की कवायद और इसके तेलंगाना सुशासन मॉडल को पेश करके लोगों तक पहुंचने की योजना, राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने और भाजपा से प्रभावी रूप से निपटने के लिए पार्टी के प्रयासों का हिस्सा है। टीआरएस की आम सभा की बैठक बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय तेलंगाना भवन में होनी है, जिसमें नाम परिवर्तन को प्रभावी बनाने वाला एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और प्रासंगिक नियमों के मुताबिक इस परिवर्तन के बारे में चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि नाम परिवर्तन के बारे में निर्वाचन आयोग को ई-मेल और बाद में व्यक्तिगत रूप से छह अक्टूबर को सूचित किया जाएगा।

### मेट्रो ट्रेन में पेंटिंग : केरल पुलिस अहमदाबाद में गिरफ्तार इतालवी नागरिकों से पूछताछ करेगी

**कोच्चि।** केरल पुलिस इटली के उन चार नागरिकों से पूछताछ करेगी जिन्हें अहमदाबाद पुलिस ने मेट्रो ट्रेन के डिब्बों पर पेंटिंग बनाने के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। केरल पुलिस पूछताछ के साथ ही पुष्टि करेगी कि कुछ महीने पहले कोच्चि मेट्रो के डिब्बों को खराब करने के पीछे क्या यही गिरोह था। मेट्रो पुलिस स्टेशन के प्रभारी सहित चार सदस्ईय टीम जल्द ही गिरोह से पूछताछ करने के लिए अहमदाबाद जाएगी। समझा जाता है कि चारों इतालवी नागरिक अंतरराष्ट्रीय समूह रेल गुंडों के सदस्य हैं जो वाहनों और सार्वजनिक संपत्तियों पर पेंटिंग बनाने के लिए कुख्यात हैं। हालांकि, एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी तक इस बात की पुष्टि नही हुई है कि क्या वही गिरोह कोच्चि की घटना में शामिल था।

### बिहार के विधान पार्षद को भाजपा ने बनाया सिक्किम का प्रभारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बिहार विधान परिषद के सदस्य दिलीप कुमार जायसवाल को सिक्किम का प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को सिक्किम प्रदेश भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया है। जायसवाल बिहार के सीमांचल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने लगातार तीसरी बार विधान परिषद चुनाव में जीत दर्ज की है।


### अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करना चाहती हैं कंचन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंचन अवस्थी का कहना कि यदि अजय देवगन जैसे महान कलाकार के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला तो मुझे बहुत अच्छा लगेगा। अजय देवगन सर ने मुझे एक्टिंग के क्षेत्र में एक अलग मुकाम बनाने के लिये शुभकामनाएं दीं हैं। बता दें कि कंचन अवस्थी को अभी हाल ही में भारत सम्मान-2022 से सम्मानित किया जा चुका है। कंचन ने फ्राड सैंया, गन वाली लव स्टोरी, भूत वाली लव स्टोरी, लव हैकर्स, अंकुर अरोड़ा मर्डर केस, मंटो रीमिक्स सहित बहुत सी फिल्मों, वेब सीरीज, सीरियल, विज्ञापन फिल्मों में अभिनय किया है।

# चीतों के आगमन को लंपी वायरस से जोड़ने वाले पटोले के बयान पर उनकी खिंचाई

**भोपाल।** नामीबिया से चीते लाकर उन्हें कुनो नेशनल पार्क में छोड़ने और देश के मवेशियों में संक्रामक लम्पी वायरस फैलने से जुड़े बयान को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले को आड़े हाथों लेते हुए मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पटोले को चंपी (सिर की मालिश) की जरूरत है। गौरतलब है कि पटोले ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि चीते नाइजीरिया से लाए गए थे जहां से त्वचा रोग लम्पी फैल रहा है। इसपर पलटवार करते हुए मिश्रा ने कहा, नाना पटोले जी को अपने सिर की चंपी (मालिश) की आवश्यकता है। मिश्रा ने कहा, ए नाना पटोले के सिर की चंपी जरुरी है। अब ए चीते से क्या तुलना कर रहे हैं और कुछ तो भी बोल देते हैं। थोड़ा ज्ञान का विस्तार करना चाहिए, उन्हें। जिस तरह से भारत का गौरव चीतों के साथ लौटा है, पूरे देश में इसे सराहा। अब इन पटोले जी को समझ में नहीं आ रहा है तो उन्हें समझाएगा भी कौन, चंपी नहीं हुई तो। महाराष्ट्र के भंडारा में पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने आरोप लगाया था कि पहली बार किसानों को बर्बाद करने के लिए लम्पी वायरस जैसी बीमारियां भारत में लाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, लम्पी वायरस संक्रमण नाइजीरिया से फैल रहा है। हम चीते नाइजीरिया से लाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) पर कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। पटोले ने आरोप लगाया, लेकिन इसे एक इवेंट बनाया गया और विदेशी बीमारी को देश में लाया गया... इससे पहले गाय और बैल इस तरह की बीमारी से कभी नहीं मरे। पहली बार किसानों को तबाह करने के लिए इस तरह की बीमारियां भारत में लाई जा रही हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट किया, चीतों को नाइजीरिया से नहीं नामीबिया से भारत लाया गया है। उन्होंने इसे पटोले को टैग किया।

## राजनाथ ने फैजाबाद छावनी का नाम बदलकर अयोध्या छावनी करने को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फैजाबाद छावनी का नाम बदलकर अयोध्या छावनी करने को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। दशहरा समारोह से पहले इस छावनी का नाम बदला गया है। एक सूत्र ने बताया, फैजाबाद छावनी अब अयोध्या छावनी के नाम से जाना जाएगा। सिंह फिलहाल उत्तराखंड की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वह मंगलवार शाम को देहरादून में सैनिकों के साथ बड़ा खाना खाएंगे। बुधवार को वह विजयदशमी के मौके पर चमोली में शस्त्र पूजा करेंगे। वह औली और माना में सैनिकों के साथ दशहरा मनाएंगे एवं बद्रीनाथ धाम में पूजा-अर्चना करेंगे।

# फिल्म आदिपुरुष टीजर के जारी होते ही विवादों में घिरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष अपनी रिलीज़ से चार महीने पहले टीजर के जारी होते ही विवादों में घिर गई। फिल्म में रावण और हनुमान के किरदारों के हुलिए की वजह से लोग खफा हो गए और ट्विटर पर फिल्म को बहिष्कार किए जाने की मांग ट्रेंड करने लगी। तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर से ख्वाति हासिल करने वाले ओम राउत द्वारा निर्देशित फिल्म आदिपुरुष का 1.46 मिनट का टीजर अयोध्या में रविवार को जारी किया गया। इसके फौरन बाद विवाद खड़ा हो गया। फिल्म में भगवान राम का किरदार बाहुबली के अभिनेता प्रभास निभा रहे हैं जबकि 10 सिर वाले राक्षस राजा लंकेश (रावण) की भूमिका में सैफ अली खान हैं। इसमें लंकेश की दाढ़ी है, उसकी उग्र आंखें हैं, जिससे वह बर्बरता का अवतार लगता है। इस वजह से कई लोगों ने फिल्म निर्माताओं को रावण का इस्लामीकरण करने के लिए आड़े हाथों लिया। फिल्म में हनुमान के किरदार की दाढ़ी है और उनकी मूंछे नहीं हैं तथा उन्होंने चमड़े से बनी पोशाक पहनी है। इसे लेकर भी लोगों ने आलोचना की है। हैशटैग बॉयकॉट (बहिष्कार) आदिपुरुष और बैन (रोक) आदिपुरुष के सोशल मीडिया पर गति पकड़ने के साथ ही, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र ने चेतावनी दी कि अगर हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को गलत तरीके से दिखाने वाले दृश्यों को नहीं हटाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार के प्रवक्ता मिश्रा ने भोपाल में पत्रकारों से कहा, मैंने आदिपुरुष का टीजर देखा है। इसमें आपत्तिजनक दृश्य हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेलर में दिख रहे हिंदू देवताओं के कपड़े और हुलिए स्वीकार्य नहीं हैं। मिश्रा ने कहा, हनुमान जी को चमड़े के कपड़े पहने दिखाया गया है, जबकि (शास्त्रों में) देवता की वेशभूषा का वर्णन अलग है... ए ऐसे दृश्य हैं जो धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं।

## केरल पुलिस ने अपने कर्मियों के पीएफआई से संबंध होने की खबरों को किया खारिज

**तिरूवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने मीडिया में आई इन खबरों को मंगलवार को बेबुनियाद करार दिया, जिनमें दावा किया गया था कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राज्य पुलिस प्रमुख को सैकड़ों पुलिसकर्मियों के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से संबंध होने की बात कही थी। कुछ खबरों में दावा किया गया कि एनआईए ने राज्य पुलिस प्रमुख को एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें यह संकेत दिया गया था कि केरल पुलिस के 873 कर्मियों के पीएफआई से संबंध हैं। एनआईए ने हाल में देशभर में पीएफआई के दफ्तरों में छापा मारा था और संगठन के नेताओं को गिरफ्तार किया था। राज्य पुलिस के मीडिया सेंटर द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस तरह की खबरें बेबुनियाद हैं। केंद्र सरकार ने 27 सितंबर को पीएफआई को प्रतिबंधित कर दिया था और इसके अगले ही दिन संगठन की केरल इकाई के एक नेता ने एक बयान में कहा कि संगठन को भंग कर दिया गया है।

# रूस के उच्च सदन ने यूक्रेनी क्षेत्रों के विलय को मंजूरी दी

भाषा। लाइमैन (यूक्रेन)



**रूसी** संसद के उच्च सदन ने चार यूक्रेनी क्षेत्रों के विलय से जुड़ी संधियों को मंगलवार को मंजूरी दे दी। रूसी संसद के ऊपरी सदन फेडरेशन काउंसिल ने मंगलवार को पूर्वी दोनेत्स्क व लुहान्स्क और दक्षिणी खेरसॉन तथा जापोरिज्जिया क्षेत्रों को रूस का हिस्सा बनाने से जुड़ी संधियों को मंजूरी देने के लिए मतदान किया। निचले सदन ने पिछले सप्ताह क्रेमलिन-ऑर्केस्ट्रेटेड एनेक्सेशन पर जनमत संग्रह के बाद उस पर मुहर लगा दी थी। इस जनमत संग्रह को यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने अवैध बताकर खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भी मंगलवार को अनुमोदित की गई संधियों को जल्द मंजूरी देने की उम्मीद है। इस बीच, रूसी सैनिकों के शव पूर्वी यूक्रेन के प्रमुख शहर में सड़कों पर पड़े नजर आए। यूक्रेन के बलों द्वारा घेरे जाने के डर के कारण रूसी सैनिक सप्ताहांत में लाइमैन शहर से बाहर आ गए थे। इससे यूक्रेन की कार्रवाई को काफी बल मिला, जो रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को दोबारा अपने नियंत्रण में लेने के लिए लगातार जद्दोजहद कर रहा है। यूक्रेनी सेना ने लाइमैन में भीषण युद्ध के बाद अपने सैनिकों के शवों को वहां से हटा दिए, लेकिन रूसी सैनिकों के शवों को तत्काल हटाया नहीं गया। यूक्रेन के एक सैनिक ने कहा, हम अपनी सरजमीं के लिए, अपने बच्चों के लिए लड़ रहे हैं ताकि हमारे लोग बेहतर जिंदगी जी पाएं... लेकिन इसकी एक भारी कीमत है। भूतल और अन्य सुरक्षित स्थानों पर छुपे लाइमैन के निवासी भी लड़ाई थमने के बाद बाहर निकले। इस शहर में मई से पानी, बिजली और गैस सेवाएं ठप हैं। वैलेंटाइना कुजमिचना (85) ने हाल ही में हुए एक विस्फोट को याद करते हुए कहा, मैं एक हॉल में थी जब करीब पांच मीटर दूर एक धमाका हुआ। यूक्रेन की सेना द्वारा पूर्व व दक्षिण में जवाबी हमले करने के बाद, रूसी सेना ने मंगलवार को यूक्रेनी शहरों पर और मिसाइल हमले शुरू किए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में कई मिसाइलें दागी गईं, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा और बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ वर्षीय एक बच्ची सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। वहीं दक्षिण में निकोपोल शहर पर रूस ने मिसाइलें दागी, जिसमें चार लोग घायल हो गए। वाशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने युद्ध की स्थिति के अपने नए आकलन में कहा कि दोनेत्सक क्षेत्र में लाइमैन को अपने नियंत्रण में लेने के बाद यूक्रेनी बल पूर्व की ओर बढ़ रहे हैं और हो सकता है कि वे क्रेमिना की ओर बढ़ते हुए पड़ोसी लुहान्स्क क्षेत्र की सीमा तक जाएं।

## अमेरिका जल्दी ही यूक्रेन को चार और उन्नत रॉकेट प्रणाली देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्दी ही यूक्रेन को चार और उन्नत रॉकेट प्रणाली मुहैया कराएगा ताकि रूस के साथ युद्ध में वह बढ़त हासिल कर सके। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम मंगलवार को घोषित किए जाने वाले 62.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है। इससे पहले अमेरिका ने जुलाई के अंत तक यूक्रेन को 16 ऐसी रॉकेट प्रणाली दी थी। रूसी हमले को रोकने के लिए यह प्रणाली यूक्रेन की काफी मददगार साबित हुई है। इस प्रणाली से यूक्रेन ने उन पुलों को निशाना बनाया है जिनका उपयोग रूस ने अपने सैनिकों को आपूर्ति करने के लिए किया है। इसके बाद यूक्रेनी सेना ने उन क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाई है जहां रूसी बलों का नियंत्रण हो गया था। नए सहायता पैकेज में यूक्रेन के सैनिकों के लिए अन्य गोला-बारूद और साजोसामान भी शामिल किए जाने की उम्मीद है।

# प्रियंका चोपड़ा ने कमला हैरिस से कहा, एक तरह से हम दोनों ही भारत की बेटियां हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तथा भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने भारत से अपने जुड़ाव को साझा करते हुए विवाह एवं वेतन में समानता और जलवायु परिवर्तन समेत विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। अब लॉस एंजिलिस में रह रहीं अभिनेत्री एवं निर्माता प्रियंका को डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के वीमन लिडरशिप फोरम ने उपराष्ट्रपति हैरिस का साक्षात्कार करने के लिए आमंत्रित किया था। गायक निक जोनस से शादी के बाद से प्रियंका अमेरिका में बस गई हैं। दोनों की एक बेटी भी है, जिसका जन्म इस साल जनवरी में हुआ था। अभिनेत्री ने इस साक्षात्कार की शुरुआत दोनों के भारत से जुड़े होने के बारे में बात करते हुए की। प्रियंका ने डेमोक्रेटिक पार्टी के देशभर के कुछ प्रख्यात लोगों की मौजूदगी के बीच कहा, मुझे लगता है कि एक तरह से हम दोनों ही भारत की बेटी हैं। उन्होंने कहा, आप अमेरिका की एक बेटी हैं, जिनकी मां भारतीय और पिता जमैका से थे। मैं एक भारतीय माता-पिता की बेटी हूं, जो हाल ही में इस देश में आ बसी। हैरिस (57) का जन्म कैलिफोर्निया के ओकलैंड में हुआ था। उनकी मां श्यामला गोपालन भारत के तमिलनाडु से नाता रखती थीं और पिता डोनाल्ड जे. हैरिस जमैका के थे। दोनों ही अपने-अपने देश छोड़कर अमेरिका में जा बसे थे। वह अमेरिका के उप राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने वाली पहली अश्वेत अमेरिकी महिला और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार गर्ग पुत्र श्री गुलाब राय [illegible]

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Kiran is the owner of Plot Measuring 248.89 Sq. Yds. situated at Municipality Ward No. 5, Delhi Gate, Jhajjar, Tehsil & Distt. Jhajjar, Haryana by virtue of Transfer Deed 22.12.2017 (Doc No. 4991) executed by Tarun kumar

And whereas she has lost the following original document pertaining to the said property read with FIR dated 14/7/22:-

1.Transfer Deed dated 15.09.2016 executed by RajBala, Jyoti and Kiran in favour of Tarun Kumar, duly registered in the office of SR Jhajjar, as Doc No. 3995, Book No. I, dated 16.09.2016

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**
*(In case there is no will)*

Property No. T11-202 situated at second floor of tower 11 in GLOBAL HEIGHTS, SECTOR 33, SOHNA, GURUGRAM, HARYANA was allotted in the name of Mr. SWINDER SINGH son of Mr. JAGIR SINGH resident of 491, SARASWATI VIHAR, CHAKKARPUR, GURGAON, HARYANA INDIA.

Mr. SWINDER SINGH expired on 31/10/2019. Accordingly, the name of Mr. GURPREET SINGH is being noted in BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS P. LTD.' records in respect of the captioned Property.

If anybody has any objection to this, he or she may approach Ms/ BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS P LTD. or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

ADVOCATE MANUL MITTRA
MS 236, MEGA MALL, DLF1, GURGAON, HARYANA.

## भौतिकी का नोबेल पुरस्कार क्वांटम मेकैनिक्स में योगदान के लिए तीन वैज्ञानिकों को देने की घोषणा

भाषा। स्टॉकहोम

**भौतिकी का** इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार क्वांटम सूचना विज्ञान पर कार्य करने के लिए एलै एस्पै, जॉन एफ क्लाउसर और एंतन साइलिंगर को दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एल्लेग्रेन ने स्टॉकहोम के कैरोलिस्का इंस्टीट्यूट में मंगलवार को विजेता की घोषणा की। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार सोमवार को स्वीडिश वैज्ञानिक स्वैंते पैबो को देने की घोषणा की गई थी। उन्हें मानव के क्रमिक विकास पर शोध के लिए यह पुरस्कार दिया गया। रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा बुधवार को की जाएगी। साहित्य का नोबेल पुरस्कार बृहस्पतिवार को दिया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार,2022 की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार की घोषणा 10 अक्टूबर को की जाएगी।

## इक्वाडोरः लाटाकुंगा जेल में हिंसक झड़प में 15 कैदियों की मौत, 20 अन्य घायल

**क्विटो (इक्वाडोर)।** मध्य इक्वाडोर में स्थित लाटाकुंगा जेल में सोमवार को कैदियों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इसे मादक तस्कर के स्थानीय व अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की झड़प बताया है। इक्वाडोर की राष्ट्रीय सुधार-गृह सेवा ने मृतक संख्या की पुष्टि की है। लाटाकुंगा जेल क्विटो से 50 मील (80 किलोमीटर) दक्षिण में स्थित है। हालांकि, कारागार में तलाश अभियान अब भी जारी है। घटना के वीडियो में कैदियों के चीखने और गोलियों की आवाजें सुनी जा सकती हैं। सुधार-गृह सेवा के अनुसार, पिछले साल इक्वाडोर की जेलों में करीब 316 कैदी मारे गए थे। इस साल अब तक 90 की मौत हो चुकी है। सबसे भयावह हिंसा पिछले साल सितंबर में ग्वायाकिल के लिटोरल जेल में हुई थी, जिसमें 125 कैदी मारे गए थे।

## दुनिया अस्तित्व के लिए जीवन या मरण के संघर्ष के दौर में में है : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आगाह किया है कि जलवायु परिवर्तन से अराजकता फैलने के साथ दुनिया अस्तित्व के लिए जीवन या मरण संघर्ष के दौर में है। इसके साथ ही उन्होंने विश्व के 20 सबसे धनी देशों पर धरती को गर्म होने से बचाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने सोमवार को कहा कि वैश्विक ताप वृद्धि के लिए जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन चरम पर है और मौजूदा समय सबसे अधिक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले अमीर विकसित देशों तथा इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव झेलने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच क्वांटम स्तर के समझौते का है। गुतारेस ने नवंबर में मिस्र के शरम अल-शेख रिजॉर्ट में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के लिए तैयारियों के वास्ते कांगो की राजधानी किनशासा में सरकार के प्रतिनिधियों की एक बैठक में यह टिप्पणी की।

# उत्तर कोरिया ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी



● **जापान के ऊपर से गुजरी**

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने मंगलवार को एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जा गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी। ऐसा माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों को निशाना बनाने वाले हथियारों का परीक्षण तेज कर दिया है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से कम से कम एक मिसाइल दागी गई, जिसके जापान के ऊपर गुजरते हुए प्रशांत महासागर में गिरने की आशंका है। जापान के अधिकारियों ने आस-पास की इमारतों को खाली करने के वास्ते पूर्वोत्तर क्षेत्र के निवासियों के लिए जे -अलर्ट जारी किया है। 2017 के बाद पहली बार ऐसा अलर्ट जारी किया गया है। जापान के होक्काइदो और आओमोरी क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए निलंबित की गईं थी, जो अब बहाल कर दी गई हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पत्रकारों से कहा, उत्तर कोरिया द्वारा हाल ही में किए गए परीक्षण की कड़ी निंदा करता हूं... उन्होंने कहा कि वह स्थिति को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ चर्चा करेंगे। जापान कैबिनेट के मुख्य सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बाद किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मिसाइल 22 मिनट तक हवा में रहने के बाद देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरी। वहीं दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्हें उत्तर के उत्तरी अंतर्देशीय क्षेत्र से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल के बारे में पता चला है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और अमेरिका के साथ निकट समन्वय बनाए हुए है।

**PUBLIC NOTICE**
*(In case there is no will)*

Property No. SCE 171 and parking no. PE1047/PE1048 in DLF SKY COURT SECTOR 86 GURGAON was allotted in the name of MR. SWINDER SINGH son of Mr. JAGIR SINGH & Mr. GURPREET SINGH S/o Mr. SWINDER SINGH both residents of 491, Saraswati Vihar, Chakkarpur, Gurgaon, Haryana India.

Mr. SWINDER SINGH expired on 31/10/2019. Accordingly, the name of Mr. GURPREET SINGH is being noted in DLF's records in respect of the captioned Property.

If anybody has any objection to this, he or she may approach Ms/ DLF Ltd or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

ADVOCATE MANUL MITTRA
MS 236, MEGA MALL, DLF1, GURGAON, HARYANA.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Surjeet Kaur is the owner of Ground Floor (Left Side Portion From Front View) without roof rights of Property bearing No. 117-A, Area Measuring 50 Sq. Yds., Part of Rect. No. 32 Killa No. 18 (Khasra No. 32/18), situated in the area of Village Khyala and the colony known as Kanhiya Park Now Known as Chand Nagar, New Delhi-18 by virtue of Sale Deed dated 30.01.2019 (Doc No. 1051) executed by Amarjit Kaur

And whereas she has lost the following original document pertaining to the said property read with FIR dated 26/9/22:

1.Sale Deed dated 16.08.2012 (Doc No. 19708) executed by Sheela Chopra in favour of Amarjit Kaur

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**In The Supreme Court Of India**
**Civil Original Jurisdiction**
**Transfer Petition (Civil) No. 52 Of 2019,**
**With L.A. No. 4508/2019- Application For Stay**

MAHIMA NANDA ... Petitioner (s)
VERSUS
NISHANT NANDA ... Respondent (s)

To,

1 Nishant Nanda S/o Rajeev Nanda, H.no. 544, Block-D, Panchkula Apartment, Poormuchla, Tehsil Dera Bassi, District- Sahib Jada Ajeet Singh Nagar, Punjab- 140604

PID:102810/2022 FOR R [1] IN T.P. (C) NO. 52/2019 (SEC XVI A)

2 Nishant Nanda, Tower B1 House No. G1, CLEO Country Apartment Gh 05, Rani Avantibai Marg, Sector-121, Noida , Uttar Pradesh- 201301 .

PID:102811/2022 For R [1] In T.P. ( C) No.52/ 2019 (Sec XviA)

Whereas the Petition under Section 25 of the Code of Civil Procedure, 1908, above-mentioned, along with an application for **STAY** seeking transfer of **MC No. 480 of 2018** titled as **"NISHANT NANDA Vs. MAHIMA NANDA"**, pending before the Additional District Judge-7, S.A.S. Nagar, Punjab, under the jurisdiction of High Court of PUNJAB and Haryana at Chandigarh, to the Principal Judge, Family Court, Surajpur, District GAUTAM BUDDHA NAGAR , UTTAR PRADESH, under the jurisdiction of the High Court of Judicature at Allahabad, UTTAR PRADESH [ Copy enclosed] filed by **Ms. RICHA KAPOOR,** Advocate for the petitioner was listed for preliminary hearing before this Court on **22nd April, 2019,** and the Court passed the following order:

**"Issue notice. In the meanwhile, there shall be stay of further proceedings in M.C. Petition No.480 of 2018 titled as Nishant Nanda vs Mahima Nanda pending before the Additional District & Sessions Judge 7, S.A.S. Nagar (Mohali), Punjab, until further orders."** AND WHEREAS, the matter above- mentioned was listed before the Ld. Registrar Court on **16th August, 2022,** when the following order was passed:"Upon hearing the ld. counsel for the petitioner, the delay in filing application for substituted service in respect of the unserved sole respondent is condoned and the application is taken up for hearing . Heard. Considered. Prayer for substituted service upon the unserved sole respondent is allowed . Petitioner is directed to file proof of publication within four weeks of such publication. List on 21.9.2022." NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE that the above petition along with application for stay will be taken up by this Court in due course and you may enter appearance before this Court either in - person or through an Advocate - on - Record of this Court duly appointed by you in that behalf within thirty days from the date of service of notice . You may thereafter show cause to the Court on the day that may subsequently be specified as to why the prayer made in the transfer petition and application for stay may not be allowed / granted to the petitioner above named. You may file your affidavit in opposition to the petition as provided under Rule 3 Order XLI, S.C.R. 2013, not later than one week before the date appointed for hearing of the petition. TAKE FURTHER NOTICE that if you fail to enter appearance, as aforesaid, no further notice shall be given to you and the matter above mentioned shall be disposed of in your absence.

Dated this the 17th August, 2022 Voces 1016.

**ASSISTANT REGISTRAR**

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1,277 अंक उछला

## बैंक, धातु शेयर चमके

भाषा। मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स में 1,277 अंक की बढ़त रही। वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बैंक, धातु और आईटी शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,276.66 अंक यानी 2.25 प्रतिशत उछलकर 58,065.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,311.13 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 386.95 अंक यानी 2.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,274.30 अंक पर बंद हुआ। धातु, बैंक और आईटी शेयरों की अगुवाई में लिवाली चौतरफा रही। इससे शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वॉल स्ट्रीट (अमेरिकी शेयर बाजार) में सोमवार की तेजी तथा बैंकों के उत्साहजनक कारोबारी आंकड़े से बाजार में उत्साह रहा। अमेरिका में पीएमआई विनिर्माण में नरमी से यह संभावना बनी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने के मामले में थोड़ा नरम रुख अपना सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के अनुरूप अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल नीचे आया है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज,बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ पावरग्रिड, सन फार्मा और डॉ. रेड्डीज में गिरावट रही। सेंसेक्स में सोमवार को 638.11 अंक की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 207 अंक टूटा था। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख तथा कर्ज देने और उसकी अदायगी को लेकर दूसरी तिमाही के आंकड़े उत्साहजनक रहने से दोनों मानक सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। उन्होंने कहा कि त्योहारों से पहले विभिन्न खंडों में खुदरा मांग को लेकर बाजार में उत्साह है। नवरात्रि त्योहार समाप्त होने से पहले आईटी समेत सभी खंडवार सूचकांक लाभ में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे। अमेरिकी बाजार में तेजी के बाद एशियाई बाजारों में मजबूती रही। अमेरिका में कुछ विनिर्माण पीएमआई आंकड़े कमजोर होने से यह संभावना जताई जा रही है कि फेडरल रिजर्व आक्रामक रूप से ब्याज दर में वृद्धि पर कुछ अंकुश लगा सकता है।

### जोरदार तेजी से निवेशकों की पूंजी 5.66 लाख करोड बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को जोरदार लिवाली का जोर रहने से इक्विटी निवेशकों की पूंजी 5.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शेयर बाजारों में शुरू से ही तेजी देखी गई और कारोबार के अंत में बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1,276.66 अंकों की जबर्दस्त तेजी के साथ 58,065.47 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) इस उछाल के दम पर 5,66,318.84 करोड़ रुपए बढ़कर 2,73,92,739.78 करोड़ रुपए हो गया। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, मजबूत वैश्विक संकेतों से मानक सूचकांक में जोरदार तेजी देखी गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने से घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौटी और ए दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गए।

## रिलायंस की अनुषंगी का सैनमिना के साथ संयुक्त उद्यम सौदा संपन्न

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की अनुषंगी आरएसबीवीएल और अमेरिकी फर्म सैनमिना कॉरपोरेशन ने करीब 3,300 करोड़ रुपए के मूल्यांकन वाला एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संयुक्त उद्यम स्थापित करने का सौदा पूरा कर लिया है। दोनों कंपनियों की तरफ से मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, रिलायंस स्ट्रैटजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड (आरएसबीवीएल) के पास इस उद्यम की 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी जबकि सैनमिना के पास 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। आरएसबीवीएल सैनमिना की मौजूदा भारतीय इकाई में 1,670 करोड़ रुपए का निवेश कर यह हिस्सेदारी हासिल करेगी। इस निवेश के बाद सैनमिना की भारतीय इकाई संयुक्त उद्यम में परिवर्तित हो जाएगी।

**Lost & Found**

I, Bharti Chawla w/o Sh. Hansraj Maggu R/o Delhi. Have lost my Convenence Deed No. 4015. Dated 23.12.2021 Somewhere in Delhi on dated 03.02.2022 at 14:16. If anybody found pls return to the above mentioned address.

**ADMISSION NOTICE**

बी.आर.एम.टी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन (ओल्ड खैरा रोड, प्रेम नगर, नजफगढ़ नई दिल्ली-43) सत्र 2022-2024 के लिए डी.ईएल.एड और डीपीएसई पाठयक्रमों में प्रबंधन कोटा सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र कार्यालय से सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन 3 अक्टूबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक कॉलेज में जमा किया जा सकता है। प्रवेश प्रक्रिया एससीईआरटी दिशानिर्देशों के अनुसार होगी। सूची 19 अक्टूबर 2022 को www.brmtcollege पर प्रदर्शित कर जाएगी। और कॉलेज नोटिस बोर्ड। संपर्क नंबर 8851893977

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि विकास बंसल/सुमन बंसल (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002409680 तथा पता यूनिट नंबर 557, ब्लॉक-जी, गौड़ अतुल्यम, प्लॉट नंबर जीएच-01 ए, सेक्टर ओमीक्रोन-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है।

कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 30 सितम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि यूपी टाउनशिप इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 05 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
हस्ता./-

# देश भर में 25,000 टॉवर लगाने के लिए 26,000 करोड़ रुपए मंजूर

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने अगले** 500 दिनों में 25,000 मोबाइल टॉवर लगाने के लिए 26,000 करोड़ रुपए की राशि मंजूर कर दी है। दूरसंचार मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस परियोजना के लिए वित्तीय समर्थन सार्वभौम सेवा दायित्व कोष से किया जाएगा और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क इसका क्रियान्वयन करेगा। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को संपन्न राज्यों के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रियों के डिजिटल इंडिया सम्मेलन में इस परियोजना की घोषणा की। दूरसंचार मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल इंडिया के लिए संपर्क सुविधा अहम है और देश के हरेक कोने तक इसकी पहुंच होनी चाहिए। अगले 500 दिनों में 25,000 नए मोबाइल टॉवर लगाने के लिए 26,000 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दे दी गई है।

## शीर्ष आठ शहरों में घरों की कीमत 3-10 प्रतिशत बढ़ी, कार्यालय किराए में 13 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान घरों की औसत कीमतों में सालाना आधार पर तीन ने 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। वहीं संपत्तियों की मांग बढ़ने से कार्यालय स्थल के किराए में 13 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने की रिपोर्ट भारतीय रियल एस्टेट-कार्यालय और आवास बाजार जुलाई-सितंबर-2022 में यह निष्कर्ष निकाला गया है। बेंगलुरु में 2022 कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान औसत आवास मूल्य के साथ औसत कार्यालय किराए में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। प्राथमिक आवास बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में बेंगलुरु में घरों की औसत कीमत 10 प्रतिशत बढ़कर 5,428 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गई।

# आपूर्ति सुधरने से सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी

भाषा। नई दिल्ली



**वाहन विनिर्माताओं** से डीलरों को होने वाली आपूर्ति सुधरने और त्योहारों का मौसम आने से सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मंगलवार को सितंबर बिक्री के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीने कुल खुदरा बिक्री 14,64,001 इकाइयों की हुई जो एक साल पहले की समान अवधि में 13,19,647 इकाई रही थी। फाडा ने कहा कि अक्टूबर के महीने में खुदरा बिक्री की संख्या इससे भी अधिक रहने की संभावना है क्योंकि इस दौरान दशहरा और दिवाली के त्योहार होने से उपभोक्ताओं की मांग अधिक रहने की उम्मीद है। फाडा ने कहा, डीलरों को इस महीने यात्री वाहन खंड में पिछले एक दशक का सबसे अच्छा त्योहारी मौसम रहने की उम्मीद है। हमें इस महीने बिक्री में और तेजी आने की स्थिति बनती हुई दिख रही है। ट्रैक्टर एवं कुछ तिपहिया वाहनों को छोड़कर बाकी सभी वाहन खंडों ने सितंबर के महीने में बेहतर बिक्री आंकड़े दर्ज किए। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,60,556 इकाई जबकि सितंबर 2021 में 2,37,502 वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, सेमीकंडक्टर की आपूर्ति सुधरने से कारों की उपलब्धता बेहतर होने और आधुनिक खूबियों से लैस नए मॉडलों की पेशकश से उपभोक्ता अपना पसंदीदा वाहन खरीदने के लिए डीलरों के पास बड़ी संख्या में आए। यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1,03,912 इकाइयों की खुदरा बिक्री की जबकि हुंदै मोट इंडिया ने 39,118 और टाटा मोटर्स ने 36,435 इकाइयों की बिक्री की। इसी तरह दोपहिया वाहनों की पंजीकरण भी सितंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 10,15,702 इकाई हो गया जबकि एक साल पहले यह संख्या 9,31,654 थी। सिंघानिया ने कहा कि एंट्री-लेवल बाइक खंड में सबसे ज्यादा उछाल देखी गई। दोपहिया वाहन खंड में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया 2,84,160 इकाइयों के साथ सबसे आगे रही। हीरो मोटोकॉर्प 2,50,246 वाहनों की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। फाडा के मुताबिक, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सितंबर में 19 प्रतिशत बढ़कर 71,233 इकाई हो गई जो एक साल पहले 59,595 इकाई थी।

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक कब्ज़ा** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा **"जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है",** के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुनील कुमार त्रिपाठी (कर्ज़दार), श्री रामा एस. त्रिपाठी (सह-ज़मानतदार) 244805000856 | एस-4, द्वितीय तल, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110016 क्षेत्रफल- 1215 वर्ग फुट | रु.2,07,26,013/- (सितंबर 02, 2022 तक) | रु. 3,05,00,000/- / रु. 30, 50, 000/- | अक्टूबर 12, 2022 को दो. 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | अक्टूबर 27, 2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 26, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **अक्टूबर 26, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **अक्टूबर 26, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 26, 2022** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : अक्टूबर 04, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# दुष्कर्म और लूट के आठ आरोपियों को उम्रकैद

भाषा। झांसी

**उत्तर प्रदेश** में झांसी जिले की एक अदालत ने एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म और लूटपाट के मामले में आरोपी आठ युवकों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि 11 अक्टूबर 2020 को एक किशोरी ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। तभी रास्ते में स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट कुछ लड़कों ने उनका अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया तथा इस घटना का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी देते हुए उससे 3000 रुपए ऑनलाइन तरीके से लिए। कुशवाहा ने बताया कि इस संबंध में सीपरी बाजार थाने में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पोक्सो) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितेंद्र कुमार की अदालत ने सोमवार को आठ आरोपियों - भरत कुमार, रोहित, संजय कुशवाहा, धर्मेंद्र सेन, मोनू, शैलेंद्र, मयंक और विपिन तिवारी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी चिकित्सक गिरफ्तार

**बस्ती (भाषा)।** बस्ती जिले में सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी एक चिकित्सक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में आरोपी दो अन्य चिकित्सकों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के आदेश पर पुलिस ने 28 सितंबर को तीन चिकित्सकों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले के मुख्य आरोपी चिकित्सक सिद्धार्थ को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि लखनऊ की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में दावा किया था कि कैली अस्पताल में बतौर चिकित्सक तैनात सिद्धार्थ से उसकी दोस्ती पिछले साल सोशल नेटवर्किंग ऐप के ज़रिए हुई थी। ऐसा आरोप है कि पिछली 10 अगस्त को साक्षात्कार के बहाने सिद्धार्थ उसे बस्ती स्थित कैली अस्पताल के छात्रावास में ले गया जहां उसने लड़की के साथ अवैध संबंध बनाने की कोशिश की।

# रामपुरा पुलिस ने किया 307 के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



संवाददाता। रामपुरा (जालौन)

**लंबे समय** से फरार चल रहे वारंटी दिनेश पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम मल्हानपुरा थाना रामपुरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिनेश के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत मुकदमा पंजीकृत है। बताया जाता है कि आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था जिस पर न्यायालय ने उसके लिए गैर जमानती वारंट जारी किया था। बताया जाता है कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिससे आरोपी को पकड़ने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इसी मामले में दूसरा आरोपी कामता प्रसाद उर्फ भूरे पुत्र चण्डी प्रसाद एवं ज्योति पत्नी कामता प्रसाद निवासी मल्हानपुरा थाना रामपुरा को पुलिस ने 6 माह पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# ट्रैक्टर ट्राली के उपयोग पर पाबंदी, किसान आंदोलन को कमजोर करने की युक्ति : राकेश टिकैत

भाषा। पीलीभीत

**भारतीय** किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत ने यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली के उपयोग पर पाबंदी लगाने संबंधी उत्तर प्रदेश सरकार के कदम पर सवाल उठाते हुए मंगलवार को कहा कि इस संबंध में सरकार को जल्द ही पत्र लिखा जाएगा क्योंकि यह (ट्रैक्टर ट्रॉली) किसानों के लिए परिवहन का मुख्य साधन है। किसान नेता राकेश टिकैत ने आज सरकार के उस बयान का विरोध किया, जिसमें यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग नहीं करने को कहा गया है। जनपद लखीमपुर में पिछले साल किसान आंदोलन के दौरान मरे चार किसानों की बरसी से लौट रहे भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसान यूनियन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली पर यात्रा करने से रोकने का पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने



पत्रकारों से कहा कि यह सरकार की किसान विरोधी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान आंदोलन को कुचलना चाहती है और इस आदेश के पीछे सरकार की सोची-समझी साजिश है कि किसान आंदोलनों में ट्रैक्टर ना चल सके। गौरतलब है कि कानपुर में रविवार को हुई एक बड़ी सड़क दुर्घटना के बाद शासन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा बंद करने को कहा है। कानपुर जिले में ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने से 26 लोगों की मौत और कुछ अन्य गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद दो अक्टूबर को जारी एक सरकारी बयान में कहा गया था कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा था कि ट्रैक्टर ट्रॉली तथा ट्रक से यात्रा असुरक्षित है इसलिए यात्रा के लिए किसी भी दशा में ट्रैक्टर-ट्रॉली या ट्रक का उपयोग न किया जाए। सरकार के इस बयान पर विरोध जताते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ट्रेन अथवा अन्य वाहनों की दुर्घटना होने के बाद क्या वे बंद की गई ? जो सरकार ट्रैक्टर पर रोक लगाना चाहती है। किसान नेता ने दावा किया, ट्रैक्टर पहले की तरह सड़कों पर चलेंगे, इसका विरोध करने के साथ हम सरकार को पत्र भी लिखेंगे। सरकार किसानों को बर्बाद करने पर आमादा है। टिकैत ने कहा कि सरकार को पता है कि किसान के आने जाने का सबसे बड़ा साधन ट्रैक्टर ही है। इसके पीछे सरकार की सोची-समझी साजिश है कि किसान आंदोलनों में ट्रैक्टर न चल सके।

## क्विक न्यूज

### बिना वीजा भ्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार स्लोवाकियाई नागरिक रिहा, स्वदेश भेजा गया

**मथुरा (भाषा)।** मथुरा जनपद में करीब ढाई साल पहले वृन्दावन में बिना वीजा के भ्रमण करते पकड़े गए 60 वर्षीय स्लोवाकियाई नागरिक को मंगलवार को जेल से रिहा करने के बाद वापस स्वदेश भेजने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि सरकारी सहायता से उसके लिए स्लोवाकिया का टिकट बनवा कर उसे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना कर दिया गया है। स्थानीय अभिसूचना इकाई प्रमुख प्रदीप शर्मा ने बताया कि पीटर फर्टाला नाम के एक स्लोवाकियाई नागरिक को 28 जून 2020 को बिना वीजा के वृन्दावन में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि विदेशी नागरिक पर्यटक वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी वृन्दावन में रह रहा था। उन्होंने बताया कि अदालत ने उसे ढाई साल कारावास और 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि गत माह सभी छुट्टियां आदि मिलाकर उसकी सजा पूरी हो गई, लेकिन उसके पास अपने देश लौटने के लिए पैसे नही थे। उन्होंने बताया कि जेल अधीक्षक ने सरकार की अनुमति से बंदी कल्याणकारी कोष से उसके लिए टिकट कराया और उसे एलआईयू की एक टीम के साथ दिल्ली रवाना कर दिया गया। जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीटर फर्टाला को वृन्दावन कोतवाली पुलिस ने बिना वीजा के भारत में रहने के आरोप में 28 जून 2020 को गिरफ्तार किया था। अदालत ने उसे ढाई वर्ष के कारावास और 500 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी।

### रामलीला में अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

**संभल (भाषा)।** जिले के बहजोई इलाके में रामलीला के दौरान मंच पर अश्लील नृत्य का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि संभल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था जिसमे रामलीला मंच पर अश्लील नृत्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने बहजोई थाना क्षेत्र के पंवासा की रामलीला कमेटी के 10 सदस्यों व नर्तकों के खिलाफ मामला दर्ज कर निरोधात्मक कार्यवाही की है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल में रामलीला मैदान के मंच पर अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद उसपर संज्ञान लिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसी सूचना मिली है कि उक्त वीडियो बहजोई थाना क्षेत्र के पंवासा गांव की रामलीला का है। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में रामलीला कमेटी के विनोद, सचिन, देवेंद्र, बंटी, गुप्ता, मनोज, सोनू, मोहित, विपिन, देवेंद्र व पुष्पेंद्र तथा अज्ञात नर्तकों के खिलाफ मामला दर्ज कर निरोधात्मक कार्यवाही की गई है साथ ही भविष्य में इसकी पुनरावृति न करने की चेतावनी भी दी गई है।

### जम्मू-तवी एक्सप्रेस का एक डिब्बा पटरी से उतरा, कोई हताहत नहीं

**बुलंदशहर(भाषा)।** जिले के वैर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह जम्मू-तवी एक्सप्रेस का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, जम्मू से टाटानगर जा रही जम्मू-तवी एक्सप्रेस का एक डिब्बा वैर रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य एवं रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि हादसे मे कोई जनहानि नही हुई है और नाही किसी को गंभीर चोट आई है। रेलवे, पुलिस, प्रशासन और मेडिकल की टीमें मौके पर है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया पटरी से उतरे डिब्बे को अलग करके ट्रेन को उसके गंतव्य के लिए रवाना करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**महराजगंज (भाषा)।** उत्तर प्रदेश मे महराजगंज जिले के पनियरा क्षेत्र मे तालाब मे डूबने से दो बच्चो की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग गांव के निवासी सैनिक महेन्द्र वर्मा का बेटा सागर (छह) और बेटी गरिमा (चार) अपने घर के सामने एक तालाब मे नहा रहे थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूबने से दोनो की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने दोनो शव तालाब से निकले जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मौसम ने ली करवट, झमाझम बरसा पानी

**जालौन (उरई)।** नवरात्र के अंतिम दिन झमाझम बारिश से नगर के कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बनी। वहीं, मौसम में भी ठंडक आई। पिछले कुछ दिनों से बारिश न होने और तेज धूप निकलने से मौसम में गर्मी आ गई थी। मंगलवार की शाम मौसम ने अचानक से करवट ली और आसमान पर बादल घिर आए। पहले बूंदा बांदी हुई और फिर तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से नगर के मोहल्ला चिमनदुबे, हरीपुरा, तोपखाना, शाहगंज, रावतान, मुरलीमनोहर आदि मोहल्लों में जलभराव की स्थिति हो गई। पानी सड़क से ऊपर बह रहा था। बारिश के चलते मौसम में तो ठंडक आ गई। वहीं, बच्चों ने बारिश में भीगकर बारिश का आनंद लिया।

### बाइक चालक ने मासूम को रौंदा

**जालौन (उरई)।** मंगलवार की दोपहर को 3 वर्षीय लावन्या पुत्री सुरेन्द्र निवासी हरीपुरा अपने घर के बाहर बरामदे में खेल रही थी। वहां निकल रहे जवारे देखने वह घर के बाहर सड़क पर आ गई। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। आनन फानन में परिजन उसे सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्तपाल रेफर कर दिया गया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर भतीजी व चाचा को बेरहमी से पीटा

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर कस्बे में मंगलवार की सुबह दहेज की मांग को लेकर ससुराल बालों ने बहू और उसके चाचा के साथ बेरहमी से मारपीट की जिसकी शिकायत थाना में तहरीर देकर की गई। पीड़िता मोनिका यादव ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी एक साल पहले 15 दिसंबर 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार डकोर निवासी दीपक यादव पुत्र विश्राम से हुई थी। जिसमें हमारे पिता ने उनकी मांग के अनुसार दहेज दिया था लेकिन लेकिन यह लोग दहेज के लालच में आए दिन मारपीट करते हैं। जब मैंने इसकी सूचना अपने पिता ग्राम गौरी निवासी कानपुर देहात और चाचा मनोज यादव को दी। तो सूचना मिलने पर जब मेरे चाचा आये तो ससुराल के लोगों ने बेरहमी से मेरे और हमारे चाचा के साथ मारपीट कर दी जिससे गंभीर चोटें आई।

### रावण वध लीला का आयोजन आज

**जालौन (उरई)।** रामलीला महोत्सव 2022 में 5 अक्टूबर दिन बुधवार को रावण-वध एवं रावण-दहन की लीला का मंचन उरई रोड स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा। इससे पूर्व रामलीला मैदान से दोपहर ढाई बजे राम बारात नगर भ्रमण करती हुई इंटर कॉलेज पहुंचेगी।

# दिन भर मातारानी के दरबार में जवारों को चढ़ाने पहुंचे भक्त



संवाददाता। जालौन (उरई)

**नवरात्र के** नवें दिन देवी भक्तों ने मंदिरों व देवी स्थापना पंडालों में मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना की। इसके अलावा घरों में बोए गए जवारों को भी चढ़ाया गया। शारदीय नवरात्र में नवें दिन मां सिद्धदात्री की पूजा अर्चना की गई देवी भक्तों ने रोरी, चंदन व फूल, मालाऐं चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। नवरात्र में देवी मां के 9 अलग-अलग रूपों में पूजा की जाती है। जिसमें नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों व देवी पंडालों में गुरूवार को मां सिद्धदात्री की पूजा अर्चना की गई। कामाख्या मंदिर सहित बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, गणेशजी, बापूसाहब, नारोभास्कर, दबगरान, पुरानी नझाई आदि मुहल्लों पर दुर्गा पांडाल में हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। सभी देवी भक्त अपने-अपने घटों को लेकर अचरी गाते हुए देवी मंदिरों की ओर खिंचे चले आ रहे थे। कई भक्त नाचते-गाते देवी मैया के जयकारों के साथ मंत्र मुग्ध थे।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी दो महिलाओं की मौत, 18 घायल

भाषा। चित्रकूट (भाषा)

**चित्रकूट** जिले के भरतकूप क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गई तथा 18 अन्य घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम कुछ श्रद्धालु मध्य प्रदेश के सतना जिले के एक देवस्थान से बच्चे का मुंडन संस्कार कराने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे। त्रिपाठी ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली भरतकूप थाना क्षेत्र के कोलावा-मानपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 65 साल की महिला शिवकुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि इलाज के दौरान मैना देवी नामक महिला ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में घायल अन्य 18 श्रद्धालुओं का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बांदा में भी हुआ हादसा, एक बच्चे की मौत, 20 अन्य घायल

भाषा। बांदा

**जिले** के नरैनी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) नितिन कुमार ने बताया कि आज दिन में करीब साढ़े बारह बजे (12:30) नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव के पास एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने की कोशिश में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार एक साल के बच्चे की मौत हो गई जबकि 20 अन्य लोग जख्मी हो गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर 25 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि घायलों में नौ लोगों की हालत नाजुक है, जिन्हें बांदा की अस्पताल भेजा गया है। बाकी 11 को नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## पानी में बही सड़क 13 दिन बाद हुई सही, यातायात बहाल

**कदौरा (जालौन)।** विगत सप्ताह पूर्व हुई लगातार बारिश के चलते कालपी-चंडौत मार्ग का इटौरा-काशीखेड़ा संपर्क मार्ग पानी के बहाव में कट गया था। एक दर्जन से अधिक गांवो का कालपी मुख्यालय से संपर्क टूटने के साथ ही कालपी से महोबा, राठ, जलालपुर जाने वाले यात्रियों को 40 से 50 किलोमीटर का चक्कर लगा कर जाना पड़ रहा था। मंगलवार को लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता बृजेन्द्र सिंह ने सड़क का निरीक्षण किया और ठेकेदार को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गैस लाइन के किनारे से लीकेज होने की वजह से पानी के रिसाव से रोड का कटान हो गया था। जिसमें सड़क लगभग 30 मीटर लंबाई और 15 मीटर की गहराई में फट गया था। जिसमें राठ से कालपी की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन बाधित हो गया था। मिट्टी भराई का कार्य पूरा हो गया है। मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया है।

# रामलीला मैदान प्रांगण में किया गया परम्परागत शस्त्र पूजन

संवाददाता। बांदा



**विजयादशमी** के पावन अवसर पर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद जिला बाँदा के तत्वावधान में बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी जिला बांदा द्वारा रामलीला मैदान प्रांगण में सामूहिक भव्य परम्परागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आरम्भ विश्व हिन्दू परिषद के प्रमुख आचार्यों द्वारा विधिवत मंगलाचरण स्वास्तिवाचन करते हुए सभी अस्त्र शस्त्रो का पंचोपचार पूजन विधि से सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं को शस्त्र पूजन सम्पन्न कराया गया।

विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी ने संबोधन में सनातन धर्म और संस्कृति के पौराणिक आख्यानों का उल्लेख करते हुए सभी को शास्त्र और शस्त्र में पारंगत होने का आवाहन कियाएउन्होंने वर्तमान समय स्थिति और परिस्थितियों के बारे में जानकारी देते हुए सभी को अपने संयम नियमों का पालन करते हुए आत्मरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु शस्त्र पूजन एवं धारण करने हेतु आमंत्रित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विभाग मातृशक्ति संयोजिका सुबोधिनी भटनागर, विभाग संयोजिका दुर्गावाहिनी करुणा रैकवार , विभाग गौरक्षा राजकिशोर तिवारी, विभाग मठ मंदिर प्रमुख शान्तनु , जिला संरक्षक डॉ सुरेन्द्र भटनागर, जिलाअध्यक्ष चन्द्र मोहन बेदी, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रेखा भटनागर, जिला संगठन मंत्री विवेक, जिला कोषाध्यक्ष रवि मोहन, जिला सहमंत्री रामप्रताप सोनी, जिला धर्म प्रसार विमल, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश चौरसिया , नगर मंत्री मनीष मंगल, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पाण्डे, जिला सह संयोजक देवराज राजपूत, विश्राम कुमार धुरिया ,प्रमुख समाज सेवी श्याम मोहन धुरिया, नगर उपाध्यक्ष सुमित सोनी, अरविंद गुप्ता, महावीर कुशवाहा, सचिन सोनकर, सूरज विश्वकर्मा सहित विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच पीढ़ियों से रावण का पुतला बना रहा है मुसलमान परिवार

भाषा। आगरा

**दशहरा** से एक महीना पहले हर साल आगरा की रामलीला के लिए लंकापति रावण और अन्य का पुतला बनाने का काम 75 वर्षीय जफर अली और उनके परिवार को सौंपा जाता है, ताकि विजयदशमी के दिन पुतला दहन किया जा सके। पांच पीढ़ियों से रावण का पुतला बनाने का काम कर रहे परिवार के मौजूदा मुखिया अली ने कहा, आगरा रामलीला समिति के सदस्य हमें पुतले बनाने के लिए बुलाते हैं और अलग-अलग आकार के पुतले बनाने के लिए हम करीब एक महीने तक रामलीला मैदान में ही ठहरते हैं। रामलीला समाप्त होने के बाद समिति अली और उनके परिवार को सम्मानित भी करती है। अपने कौशल के बारे में बात करते हुए अली ने पीटीआई-भाषा को बताया, मैं बचपन से इस पेशे में हूं। अब हमारे परिवार की पांचवीं पीढ़ी इस पेशे में है। पहले मैं अपने दादा और पिता के साथ आया करता था और अब मैं परिवार के अन्य सदस्यों और कामगारों की अगुवाई कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में 18 सदस्य हैं और सभी पुतले बनाने में कुशल हैं। अली ने बताया, कोविड-19 के कारण दो साल बाद इस बार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रावण का पुतला करीब 100 फुट उंन्चा है और कुंभकरण तथा मेघनाद का पुतला क्रमशः 65 और 60 फुट उंन्चा है। पुतलों की उंन्चाई समिति की मांग पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि हर साल पुतले की उंन्चाई अलग-अलग होती है। अली ने बताया, पुतलों को बनाने में करीब एक महीने का समय लगता है। ए पुतले रंगीन कागज, जूट की रस्सियों, आटे से बने गोंद (लेई) और बांस की कमाची से बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद फिर से यहां आकर उनके परिवार को अच्छा लग रहा है।

## संदिग्ध हालात में फांसी से लटका मिला महिला सिपाही का शव

**बलरामपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के गैड़ास बुजुर्ग थाने में तैनात एक महिला कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला। इस मामले में उसके पुलिसकर्मी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सिपाही कोकिला यादव (25) गैड़ास बुजुर्ग थाने में तैनात थी और थाने के पास किराए के एक मकान में रहती थी। पुलिस के अनुसार आज सुबह उसका शव कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि कोकिला यादव का विवाह पिछले साल नवम्बर में विजय कुमार यादव नामक एक सिपाही से हुआ था। वह आजमगढ़ के अतरौलिया थाने में तैनात है। यादव का कथित तौर पर किसी दूसरी लड़की से प्रेम प्रसंग था। इसे लेकर कोकिला और उसका अक्सर विवाद होता था। यादव बुधवार को कोकिला के पास भी आया था। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने मंगलवार को बताया कि सुसाइड नोट के आधार पर मृतका के पति विजय कुमार यादव के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महानवमी पर 11 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया

## ● जिलाधिकारी ने नवेली-बुन्देली केक का किया लोकार्पण

संवाददाता। बांदा




**शारदीय** नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर सांई दरबार रेस्टोरेन्ट एण्ड मां वैष्णवी ब्रेकर्स बांदा में नवेली.बुन्देली केक का लोकार्पण जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल एवं उनकी पत्नी डॉ प्रीती पटेल के कर कमलों द्वारा किया गया। मिशन शक्ति अभियान.3 के अन्तर्गत बेटी बचाओ.बेटी पढाओ् के तहत नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव् कार्यक्रम का आयोजन सांई दरबार रेस्टोरेन्ट एवं महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। शारदीय नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर 11 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया तथा सोहर गीत गाकर बधाई दी गई तथा कपडे, उपहार एवं जन्म प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। केक लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, नगर मजिस्टेट राजेश कुमार वर्मा, जिला प्रोबेसन अधिकारी मीनू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसएन मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका सुनीता सिंह, प्रदेश सचिव भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल मनोज जैन, कवियत्री छाया सिंह, कार्यक्रम संचालिका डॉ अर्चना भारती सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण सहित रेस्टोरेन्ट स्टाफ उपस्थित रहा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने शारदीय नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस पहल की शुरूवात भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव अभियान का शुभारम्भ मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ था और उसी दिन से लगातार जनपद में जन्मी बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से बच्चियों के माता पिता, दादा दादी को लाभन्वित कराया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है पहले बुन्देलखण्ड में बेटियों के जन्म को अच्छा नही मानते थे, इसलिए बेटियों को पेट में न मारा जाए और उनका पालन पोषण कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराकर प्रगति पथ की ओर अग्रसर किया जाए। अभी तक जनपद में 11108 बच्चियों का जन्म हुआ है। जन्म प्रमाण पत्र 11108 बच्चियों को दिया जा चुका है और टीकाकरण 11108 को लगाया जा चुका है। इसी क्रम में जननी सुरक्षा योजना का लाभ 9058 को दिया जा चुका है तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना का लाभ 2465 को दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ 2946 तथा मातृत्व शिशु हित लाभ एवं बालिका मदद योजना का लाभ 1813 को प्रदान कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर महानवमी तक कुल 75 कन्याओं का केक काटकर जन्म दिवस मनाया गया।

# रोसेयु का शतक, दक्षिण अफ्रीका जीता

## ● अंतिम टी-20 में भारत को 49 रन से किया पराजित

भाषा। इंदौर



**रिली रोसेयु** के करियर के पहले शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 49 रन से हरा दिया लेकिन श्रृंखला 1-2 से गंवा दी। रोसेयु ने 48 गेंद में आठ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 100 रन की पारी खेलने के अलावा डिकॉक (68) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 और ट्रस्टिन स्टब्स (23) के साथ तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 227 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। डेविड मिलर ने अंत में सिर्फ पांच गेंद में नाबाद 19 रन बनाए। भारतीय टीम ने इसके जवाब में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और अंततः 18.3 ओवर में 178 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से दिनेश कार्तिक ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। उनके अलावा दीपक चाहर (31), ऋषभ पंत (27) और उमेश यादव (नाबाद 20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ड्वेन प्रिटोरियस ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। केशव महाराज (34 रन पर दो विकेट), वेन पार्नेल (41 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (51 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट हासिल किए। फॉर्म में चल रहे उप कप्तान लोकेश राहुल और विराट कोहली के बिना खेल रहे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और दूसरे ओवर में ही टीम का स्कोर दो विकेट पर चार रन हो गया। कप्तान रोहित शर्मा (00) कागिसो रबादा (24 रन पर एक विकेट) की पारी की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए जबकि अगले ओवर में पार्नेल ने श्रेयस अय्यर (01) को पगबाधा किया। कार्तिक ने पार्नेल पर चौके के साथ खाता खोला जबकि सलामी बल्लेबाज पंत ने भी रबादा पर चौका मारा। पंत ने लुंगी एनगिडी का स्वागत दो छक्कों और इतने ही चौकों के साथ किया लेकिन अंतिम गेंद पर कवर में स्टब्स को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 14 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और तीन चौके मारे। कार्तिक ने पार्नेल की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा। भारत ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 64 रन बनाए। कार्तिक ने महाराज पर भी लगातार दो छक्के जड़े लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर के ओवर की अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और इतने ही चौके मारे। सूर्यकुमार यादव भी आठ रन बनाने के बाद ड्वेन प्रिटोरियस की गेंद पर स्टब्स को कैच दे बैठे जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 86 रन हो गया। भारत ने रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। हर्षल पटेल (17) ने एनगिडी की गेंद पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन फिर मिलर को कैच दे बैठे। पार्नेल ने अक्षर पटेल (09) को विकेटकीपर डिकॉक के हाथों कैच कराके भारत को सातवां झटका दिया। रविचंद्रन अश्विन (02) ने महाराज की गेंद पर रबादा को कैच थमाया। चाहर ने महाराज की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। भारत को अंतिम पांच ओवर में 86 रन की जरूरत थी। चाहर ने एनगिडी और प्रिटोरियस पर छक्के मारे लेकिन फिर मिलर को कैच दे बैठे जिससे भारत की रही सही उम्मीद भी खत्म हो गई। प्रिटोरियस ने मोहम्मद सिराज (05) को मिलर के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अंतिम आठ ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 108 रन जोड़े। भारत के चारों तेज गेंदबाज दीपक चाहर (चार ओवर में 48 रन पर एक विकेट), मोहम्मद सिराज (चार ओवर में बिना विकेट के 44 रन), हर्षल पटेल (चार ओवर में बिना विकेट के 49 रन) और उमेश यादव (तीन ओवर में 34 रन पर एक विकेट) काफी महंगे साबित हुए। रोहित ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। डिकॉक शुरुआत से ही लय में दिखे। उन्होंने सिराज और चाहर पर छक्के जड़े। बावुमा ने सिराज की गेंद पर एक रन के साथ श्रृंखला में तीसरी पारी में पहला रन बनाया। उनका संघर्ष हालांकि जारी रहा और वह तीन रन बनाने के बाद उमेश की पहली ही गेंद पर रोहित को कैच दे बैठे। रोसेयु ने उमेश पर लगातार दो चौकों के साथ अपनी पारी की शुरुआत की और फिर अश्विन और सिराज पर छक्के भी मारे। दक्षिण अफ्रीका ने पावर प्ले में एक विकेट पर 48 रन बनाए। डिकॉक ने उमेश पर छक्के के साथ 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। डिकॉक ने हर्षल पर लगातार दो चौकों के साथ 11वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह हालांकि इसके बाद दो रन लेने की कोशिश में डीप मिडविकेट से अय्यर के सटीक थ्रो पर रन आउट हो गए। उन्होंने 43 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के मारे। युवा स्टब्स ने आते ही उमेश पर छक्का मारा। रोसेयु ने अक्षर पटेल पर छक्के के साथ सिर्फ 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका:** डिकॉक रन आउट 68,बावुमा का रोहित बो उमेश 03,रोसेयु नाबाद 100,ट्रस्टिन का अश्विन बो चाहर 23,मिलर नाबाद 19,**अतिरिक्त:** 14,**कुल:** 20 ओवर मे तीन विकेट पर: 227 रन,विकेट पतन: 1-30, 2-120, 3-207,**गेंदबाजी:**चाहर 4-0-48-1,सिराज 4-0-44-0,अश्विन 4-0-35-0, उमेश 3-0-34-1, हर्षल 4-0-49-0,अक्षर 1-0-13-0

**भारत:** रोहित बो रबादा 00, पंत का स्टब्स बो एनगिडी 27, अय्यर पगबाधा बो पार्नेल 01, कार्तिक बो महाराज 46,सूर्यकुमार का स्टब्स बो प्रिटोरियस 08, पटेल का डिकॉक बो पार्नेल 09,पटेल का मिलर बो एनगिडी 17,अश्विन का रबादा बो महाराज 02,चाहर का मिलर बो प्रिटोरियस 31,उमेश नाबाद 20, सिराज का मिलर को प्रिटोरियस 05,**अतिरिक्त:** 12,**कुल:**18.3 ओवर में सभी विकेट खोकर: 178 रन,**विकेट पतन:** 1-0, 2-4, 3-45, 4-78, 5-86, 6-108, 7-114, 8-120, 9-168, **गेंदबाजी:** रबादा 4-0-24-1,पार्नेल 4-0-41-2,एनगिडी 3-0-51-2,महाराज 4-0-34-2, प्रिटोरियस 3.3-0-26-3

# बुमराह टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाने से निराश

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के स्टार** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाने से बेहद निराश हैं लेकिन वह इस प्रतियोगिता के दौरान अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते रहेंगे। बुमराह ने मंगलवार को ट्वीट किया, बेहद निराश हूं कि मैं इस बार टी20 विश्वकप का हिस्सा नहीं बन पाऊंगा, लेकिन अपने प्रियजनों से मिली शुभकामनाओं, सहयोग और समर्थन के लिए आभारी हूं। चोट से उबरने के दौरान मैं टीम का उत्साहवर्धन करता रहूंगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा था कि बुमराह आईसीसी टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे जो भारत के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में भारत की संभावनाओं को प्रभावित करेगी क्योंकि डेथ ओवरों की गेंदबाजी अभी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। यह तेज गेंदबाज राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उपचार करा रहा है और बीसीसीआई को उनकी चिकित्सा रिपोर्ट का इंतजार था लेकिन यह तय था कि वह अगले कई महीनों तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। बुमराह को पीठ में दर्द के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्तमान टी20 श्रृंखला से बाहर होना पड़ा था। बुमराह पहले भी पीठ दर्द से परेशान रहे हैं। उन्हें 2019 में इसी वजह से तीन महीने तक बाहर रहना पड़ा था लेकिन इस बार उन्हें चार से छह महीने तक बाहर रहना पड़ सकता है। बुमराह ने इस साल भारत की तरफ से तीनों प्रारूपों में समान पांच - पांच मैच जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की तरफ से उन्होंने 14 मैच खेले। बीसीसीआई ने बुमराह की जगह पर अभी तक किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया है। स्टैंडबाई की सूची में रखे गए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यदि कोविड-19 से उबरने के बाद पूरी फिटनेस हासिल कर लेते हैं तो उन्हें टीम में लिया जा सकता है। अगर शमी पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो फिर दीपक चाहर या मोहम्मद सिराज में से किसी को विश्वकप टीम में जगह मिल सकती है। भारतीय टीम गुरुवार को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। विश्वकप 16 अक्टूबर से पहले दौर के मैचों से शुरू होगा जिसमें से चार टीमें सुपर 12 में प्रवेश करेंगी। सुपर 12 के मैच 22 अक्टूबर से खेले जाएंगे।

### उदीयमान पहलवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**पुणे।** अपने प्रतिद्वंद्वी को एक मुकाबले में हराने के कुछ घंटे बाद ही महाराष्ट्र के कोल्हापूर में 22 वर्ष के एक पहलवान ने दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ दिया। मारुति सुरवासे पिछले कुछ महीने से राष्ट्रकुल कुश्ती संकुल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे। वह सोलापूर जिले के पंढरपूर के रहने वाले थे। अकादमी के संचालक राम सारंग ने कहा , कोल्हापूर जिले में दशहरे से पहले एक कुश्ती स्पर्धा का आयोजन किया गया था। सुरवासे ने एक वर्ग में जीत दर्ज की और दूसरे पहलवानों के साथ अकादमी लौट रहा था। उसे रात को छाती में दर्द हुआ।

### पीसीए अध्यक्ष चहल की शिकायत

**मोहाली।** पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) के अध्यक्ष गुलजारिंदर चहल पर हितों के टकराव का आरोप लगाया जा रहा है। एक जिला इकाई के प्रमुख ने लोकपाल सह आचरण अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदरजीत सिंह के समक्ष उनकी शिकायत की है। पीटीआई के पास मौजूद शिकायत की प्रति में दावा किया गया है कि पीसीए अध्यक्ष के व्यावसायिक हितों को देखने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी को कथित तौर पर राज्य संघ का ऑडिटिंग का कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है जो हितों का टकराव है।

### विंबलडन चैंपियन रिबाकीना की कीज पर संघर्षपूर्ण जीत

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** विंबलडन चैंपियन इलेना रिबाकीना ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मेडिसन कीज को हराकर ऐजल ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत की। रिबाकीना इस साल फ्रेंच ओपन और सिनसिनाटी में कीज से हार गई थी, लेकिन यहां वह 5-7, 6-3, 6-3 से जीत दर्ज करने में सफल रही। चेक गणराज्य के पूर्वी शहर ओस्ट्रावा में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलजानोविच ने चीन की झांग शुआई को 6-3, 6-3 से और स्थानीय खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अमेरिका की बर्नार्डा पेरा को 6-3, 2-6, 6-4 से हराया।

### इंदौर ननि का एमपीसीए कार्यालय पर छापा

**इंदौर।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 मैच से एक दिन पहले इंदौर नगर निगम ने बकाया करों के भुगतान को लेकर मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के कार्यालय पर छापा मारा है जबकि पदाधिकारियों का दावा है कि मैच के मुफ्त पास लेने के लिए यह हथकंडे अपनाए गए है। एमपीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने पीटीआई को बताया , आईएमसी टीम सोमवार की सुबह हमारे कार्यालय पहुंची और बकाया करों के भुगतान की मांग करके अकाउंट्स विभाग में खूब हंगामा किया। वे रोड सेफ्टी सीरिज के मैचों के लिए मनोरंजन कर जमा करने की मांग कर रहे थे जिनका आयोजन एमपीसीए ने नही किया था।

### फुटबॉल को अलविदा कहेंगे अर्जेंटीना के हिगुएन

**फोर्ट लॉडरडेल (मियामी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर गोंजालो हिगुएन ने कहा है कि वह इस सत्र में इंटर मियामी की तरफ से मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगे। यह 34 वर्षीय खिलाड़ी सितंबर 2020 में मियामी से जुड़ा था। उन्होंने लीग के इस सत्र में अब तक 14 गोल किए हैं।

# जेमिमा-दीप्ति की पारी से भारत की और जीत



## ● एशिया कप : यूएई को 104 रन से रौंदा

भाषा। सिलहट

**जेमिमा रोड्रिग्स** और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक से भारत ने मंगलवार को यहां महिला टी20 एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 104 रन से रौंद दिया। यूएई ने शानदार शुरुआत करते हुए पांच ओवर के भीतर ही भारत का स्कोर तीन विकेट पर 20 रन कर दिया था जिसके बाद जेमिमा (45 गेंद में नाबाद 75) और दीप्ति (49 गेंद में 64 रन) ने 13.3 ओवर में 128 रन जोड़कर भारत को पांच विकेट पर 178 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय मूल के 11 खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली यूएई की टीम ने कभी इस लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास ही नहीं किया और टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 74 रन ही बना सकी। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और सेमीफाइनल में जगह बनाने का उसका दावा काफी मजबूत है। टीम को हालांकि बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ अभी अपने दो बड़े मैच खेलने हैं। स्मृति मंधाना, एस मेघना और खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा के जल्दी पवेलियन लौटने के बाद जेमिमा और दीप्ति ने 12वें ओवर तक भारतीय पारी को संवारा और फिर आक्रामक बल्लेबाजी की जिससे आगे यूएई की गेंदबाज बेबस दिखीं।

### जेमिमा आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष दस में

**दुबई।** शानदार फॉर्म में चल रही भारत की जेमिमा रौड्रिग्ज आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंच गई है। वह फिलहाल आठवें स्थान पर है और चार पारियो मे दो अर्धशतक जमा चुकी है। रौड्रिग्ज चार पायदान चढकर आठवें स्थान पर पहुंच गई। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी रैंकिंग में शीर्ष पर है। शीर्ष दस में भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा भी है जो क्रमशः तीसरे और सातवे स्थान पर बनी हुई है।

# शेष भारत ने ईरानी कप जीता

## ● सौराष्ट्र को आठ विकेट से हराया

भाषा। राजकोट




**तेज गेंदबाज** कुलदीप सेन के पांच विकेट और अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद अर्धशतक की मदद से शेष भारत ने 2019-20 के रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को मंगलवार को यहां आठ विकेट से हराकर 29वीं बार ईरानी कप क्रिकेट प्रतियोगिता जीती।

शेष भारत ने 105 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 24 रन के अंदर दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन ईश्वरन (नाबाद 65) और विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत (नाबाद 27) ने इसके बाद टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया और 32वें ओवर में उसे लक्ष्य तक पहुंचाया। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट (37 रन देकर दो विकेट) ने 89 रन की बेहतरीन पारी खेलने के बाद शेष भारत को शुरू में ही दो झटके दिए। उन्होंने मयंक अग्रवाल की जगह स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे प्रियांक पांचाल (दो) को विकेट के पीछे कैच कराने के बाद युवा बल्लेबाज यश धुल (आठ) को पगबाधा आउट किया। इसके बाद ईश्वरन और भरत ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी की। सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में केवल 98 रन पर सिमट गई थी जिसके जवाब में शेष भारत ने 374 रन बनाकर 276 रन की मजबूत बढ़त हासिल की थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 380 रन बनाए। सौराष्ट्र ने मैच के चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 368 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने 12 रन जोड़कर बाकी बचे दोनों विकेट गंवा दिए। कप्तान उनादकट आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज थे। शेष भारत की तरफ से तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने दोनों विकेट लेकर पारी में 94 रन देकर पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में भी सौराष्ट्र का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 87 रन था और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन शेल्डन जैकसन (71), अर्पित वासवदा (55), प्रेरक मांकड़ (72) और उनादकट के अर्धशतकों की मदद से वह मैच को चौथे दिन तक खींचने में सफल रहा। इस मैच में सभी की निगाहें भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा पर टिकी थी लेकिन वह दोनों पारियों में असफल रहे।

# यूपी के राम बाबू ने राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ जीता स्वर्ण

## राष्ट्रीय खेल : महिला जैवलिन थ्रो में अन्नू रानी, महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी और महिला भारोत्तोलक पूर्णिमा पांडेय को भी स्वर्णिम सफलता




**लखनऊ।** गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। आज यूपी के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीते। मंगलवार को उत्तर प्रदेश को पहला स्वर्ण पदक राम बाबू ने दिलाया। उन्होंने पुरुष 35 किमी रेस वॉक 2 घंटे 36 मिनट 34 सेकंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। इसके साथ महिला जैवलिन थ्रो में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता अन्नू रानी ने 54.56 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में उत्तर प्रदेश की पारुल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता जो इन खेलों में उनका दोहरा स्वर्ण पदक है। महिला भारोत्तोलन के 87 किग्रा से अधिक भार वर्ग में उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा पांडेय ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। पुरुष जेवलिन थ्रो में उत्तर प्रदेश के रोहित यादव को रजत पदक मिला। इसी के साथ उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने मंगलवार को समाचार लिखे जाने तक 4 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीते। उत्तर प्रदेश इन खेलों में अब तक 18 स्वर्ण पदकए 14 रजत पदक व 9 कांस्य पदक सहित कुल 41 पदक जीत चुका है। इन खिलाड़ियों की सफलता पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बधाई देते हुए कहा कि रामबाबू ने पुरुष 35 किमी रेस वॉकए महिला जेवलिन थ्रो में अन्नू रानी, महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी ने और महिला भारोत्तोलक पूर्णिमा पाण्डेय ने स्वर्णिम सफलता हासिल करके उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अन्य पदक विजेताओं को भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। पुरुषों की 35 किमी रेस वॉक में रामबाबू ने ऐसा शानदार प्रदर्शन किया कि सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने मंगलवार को 2 घंटे 36 मिनट 34 सेकंड का समय निकाला और इस होड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी हरियाणा के जुनैद खान 2: 40, 16:0 रांची 2022 को पछाड़ा। राम बाबू ने अच्छी शुरुआत की और और तेजी से समय के साथ रेस खत्म करने के लक्ष्य में बढ़ती गर्मी ने उनकी गति धीमी कर दी। हालांकि इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अव्वल रहे। इस वर्ग में जुनैद खान दूसरे और सर्विसेज के चंदन सिंह तीसरे स्थान पर रहे। रामबाबू ने जुनैद खान को साढ़े तीन मिनट से अधिक समय के अंतर के साथ हराने के बाद खुशी जताते हुए कहा कि अब मेरी निगाह अंतरराष्ट्रीय इवेंट में भी ऐसे समय को दोहराने के लिए कड़ी मेहनत पर होगी। 2018 में चोट के चलते दौड़ना बंद करने के बाद राम बाबू ने रेस वॉकिंग शुरू की थी। रामबाबू पिछले साल वारंगल में हुई राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप में 2: 46:31:00 घंटे के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ विजेता थे।

### भारत के एस श्रीकृष्ण ने विश्व 6 रेड स्नूकर खिताब जीता

**कुआलालंपुर।** भारत के श्रीकृष्ण सूर्यनारायण ने मंगलवार को यहां बेस्ट ऑफ नाइन फ्रेम के एकतरफा फाइनल में बहरीन के हबीब सबाह को 5-1 से हराकर विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीता। पिछले सत्र में भारत के लक्ष्मण रावत ने खिताब जीता था। सेमीफाइनल मैच के दौरान सोमवार को दिखाए गए अपने जबरदस्त फॉर्म को जारी रखते हुए श्रीकृष्ण मंगलवार को शुरुआत से ही होवी हो गए और उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नही दिया। श्रीकृष्ण राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर चैंपियन (2021) है और उन्होंने 2019 में राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीती थी।

### स्टिमक का करार एएफसी एशियाई कप 23 तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को अगले साल एएफसी एशियाई कप तक अपने करार में विस्तार पर हस्ताक्षर किए। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने पिछले महीने करार आगे बढाने का फैसला किया जिसे कार्यकारी समिति ने मंजूरी दी। कार्यकारी समिति ने तकनीकी समिति के सुझाव को भी स्वीकार कर लिया कि भारत को एशियाई कप फाइनल खेलना है।

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिपः भारतीय पुरूष टीम प्री क्वार्टर फाइनल में, चीन से होगी भिड़ंत



**चेंगदू।** भारतीय पुरूष टीम मंगलवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में फ्रांस से 0-3 से हारने के बावजूद प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने ग्रुप चरण मे तीसरे स्थान पर रहने वाली शीर्ष रैंकिंग वाली टीम में से एक के रूप मे प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रणनीति में बदलाव करते हुए भारत ने मानव ठक्कर के साथ दुनिया के 30वे नंबर के एलेक्सिस लेब्रून के खिलाफ शुरुआत की। ठक्कर की 0-3 (6-11, 8-11, 8-11) की हार ने टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। दुनिया के 37वे नंबर के खिलाड़ी जी साथियान ने दूसरे मैच में फेलिक्स लेब्रून के खिलाफ उतरे 86वी रैंकिंग के फ्रांस के खिलाड़ी ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारतीय खिलाड़ी को सीधे गेम में 11-4, 11-2, 11-6 से हराकर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। हरमीत देसाई भी जूल्स रोलैंड के खिलाफ दबाव झेलने में नाकाम रहे और उन्हें 11-13, 13-11, 7-11, 11-8, 11-7 से हार का सामना करना पड़ा।

### भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स में मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त दी

**अल खोबार (सऊदी अरब)।** भारत ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त देकर एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 के क्वालीफायर्स में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। भारत की तरफ से कप्तान वनलालपेका गुइटे, ललमिंगछुआंगा फनाई, अमन, बॉबी सिंह और फीनिक्स ओइनम ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम ने शुरू से ही हावी होकर खेलने की रणनीति अपनाई जिसमें वह सफल भी रही। उसके पास नौवें मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गया। कप्तान गुइटे ने हालांकि जल्द ही भारत की तरफ से पहला गोल दाग दिया। फनाई ने 24वें मिनट मे भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय कप्तान के पास अपना दूसरा गोल करने का भी मौका था लेकिन मालदीव के पेनल्टी बॉक्स के पास से ली गई उनकी फ्री किक बार से टकरा गई। भारत मध्यांतर तक दो गोल से आगे था। उसने दूसरे हाफ मे भी शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और 15 मिनट के बाद अपना तीसरा गोल भी कर दिया। टीम के लिए यह गोल अमन ने किया। भारत को इसके आठ मिनट बाद हुजैफा अहमद दार के फाउल करने से पेनल्टी मिली जिसे बॉबी सिंह ने गोल में बदला। इसके कुछ मिनट बाद ही फीनिक्स ने 25 गज की दूरी से करारा शाट जमाकर भारत की तरफ से पांचवां गोल किया।

### बेयरस्टो की टांग में तीन जगह फ्रैक्चर, टखना भी खिसका

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने अपनी चोट की गंभीरता का खुलासा किया है जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया में इस महीने होने वाले टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाएंगे। एक महीने पहले गोल्फ खेलते समय बेयरस्टो का बाईं टांग टूट गई थी जबकि उनका टखना भी खिसक गया था। इससे कुछ देर पहले ही उन्हें इंग्लैंड की विश्वकप टीम में शामिल किया गया था। वह संतुलन बनाए रखने के प्रयास में गिर गए थे जिसके कारण उन्हें चोटें आई।

# दूसरा दिन उलटफेरों के नाम, यूपी के वंशराज क्वार्टरफाइनल में

## ● एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट



**लखनऊ।** लखनऊ में चल रही अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कई उलटफेट देखने को मिले। इस टूर्नामेंट में अंडर 14 बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में कई बड़े उलटफेर हुए। बालिका वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त हनी जुमानी को गैर वरीयता प्राप्त खुशी गौर ने 7-5,6-2 से हराकर सबको चौंका दिया। इसी तरह बालिका वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त मेहर शर्मा को आश्रिता माहेश्वरी ने 6-3,1-6,6-4 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक अन्य में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलीना फरीद ने समाइरा कोहली को 6-2,6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बालिका वर्ग में हुए अन्य मैचों मे अग्रिमा जायसवाल ने परिज्ञा यादव को 6.2ए6.1 से हरा दिया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त दिया चौधरी ने मेहा पाटिल को सीधे सेटों में 6.2ए6.2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी बर्थ पक्की ली। एक अन्य मैच में काव्या पांडेय ने आयरा को 6-1,6-0 से आसानी से हरा दिया। वहीं शेरी शर्मा ने येश्रिता एरेती को 6-2,6-2 से पराजित कर दिया। आठवीं वरीयता प्राप्त तनिष्का भटनागर ने जुफिशा खान को आसानी से 6-0,6-1 से हराकर आखिरी आठ में जगह बना ली। बालक वर्ग के मुकाबले भी उलटफेरों से अछूते नहीं रहे। आज हुए मुकाबलों में पांचवी वरीयता प्राप्त शौर्य भारद्वाज को गैरवरीयता प्राप्त वरद उंद्रे ने 6-4,6-4 से हरा दिया। इसी तरह छठी वरीयता प्राप्त अयान दहिया को गैर वरीयता प्राप्त दिशेंदर लांबा ने 6-3,6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

### भारत की मुमताज खान एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी चुनी गईं



**नई दिल्ली।** भारत की फारवर्ड मुमताज खान को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में जूनियर विश्व कप में देश के अभियान के दौरान उनकी शानदार भूमिका के लिए एफआईएच की साल की उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। लखनऊ की रहने वाली 19 वर्षीय मुमताज ने अप्रैल में पोटचेफस्ट्रूम में भारत के चौथे स्थान पर रहने के दौरान छह मैच में हैट्रिक सहित आठ गोल किए थे। वह विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर रही थी। वह पूरे टूर्नामेंट मे सिर्फ नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच में गोल करने में विफल रही। मुमताज ने इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में 2-2 की बराबरी के दौरान भारत की ओर से दोनो गोल किए। भारत को हालांकि शूट आउट मे हार के साथ चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। मुमताज ने कहा, मुझे विश्वास नही हो रहा है कि मैने यह पुरस्कार जीता है। साल भर में हमारी पूरी टीम की मेहनत रंग लाई है और मै इसे अपनी टीम को समर्पित करती हूं। मुझे लगता है कि यह पुरस्कार एक संकेत है कि मैने पिछले एक साल मे प्रशिक्षण के दौरान जो कड़ी मेहनत की है उससे मुझे एक खिलाड़ी के रूप मे बहुत सुधार करने में मदद मिली है।